CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 11 अप्रैल 2025 | उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 89 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | चैत्र शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 | 12 शव्वाल 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

तापमान: अधिकतम :33°C न्यूनतम: 21°C

सेंसेक्स 73,847.15 निफ्टी 22,399.15

सोना 92,565 चांदी 97,000



सात दिन में ही बैकफुट पर आए ट्रम्प

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



धीमी ओवर गति के लिए संजू सैमसन पर लगा 24 लाख जुर्माना

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# दिल्ली-NCR में मौसम ने अचानक बदली करवट

## धूल भरी आंधी के बाद कई जगह हुई बारिश, लोगों को मिली गर्मी से राहत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली- एनसीआर में गुरुवार की शाम अचानक मौसम खुशनुमा हो गया है। धूल भरी आंधी चलने के बाद कई जगह बारिश हुई। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

मौसम विभाग ने बुधवार को ही हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना जताई थी। साथ ही गरज के साथ बिजली चमकने के आसार जताए थे। दिल्ली में गुरुवार को अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 5.9 डिग्री अधिक 25.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। सबसे अधिक तापमान आया नगर में दर्ज किया गया। यहां अधिकतम तापमान 40.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इसके अलावा पालम, सफदरजंग, आया नगर में भी पारा 40 डिग्री के पार रहा। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम में बदलाव आया है। ऐसे में तापमान में एक से दो डिग्री की गिरावट होगी।



### देश के 20 राज्यों में आंधी -बारिश जारी
### बिजली गिरने से यूपी में 6 और बिहार में 22 की मौत

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी के बाद देश के उत्तरी-पश्चिमी राज्यों में मौसम बदला है। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश में बुधवार शाम से ही रुक-रुक कर बारिश जारी है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने देश के 20 से ज्यादा राज्यों में गुरुवार को आंधी-तूफान और बारिश की संभावना जताई थी। लखनऊ, कानपुर समेत यूपी के 25 जिलों में बारिश हुई है। यहां बिजली गिरने से छह की मौत हो गई है। मरने वालों में फतेहपुर के 2 बच्चे, फिरोजाबाद की एक महिला और सीतापुर का एक किसान शामिल है। वहीं, बिहार में बीते 24 घंटे में आकाशीय बिजली गिरने से 22 की मौत हुई हैं। गुरुवार को 32 जिलों में येलो अलर्ट था। आईएमडी के मुताबिक, मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात में हीटवेव की संभावना है। हालांकि, पश्चिमी विक्षोभ के चलते राजस्थान के 16 जिलों में बारिश के आसार हैं। मप्र में भी लू के बीच बुधवार को ओले गिरे और हल्की बारिश हुई।

# भविष्य के युद्धों के लिए तैयार रहें सशस्त्र बल: राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि निरंतर बदलती परिस्थितियों और साइबर, अंतरिक्ष तथा सूचना युद्ध के पारंपरिक अभियानों का रूप लेने की संभावना के मद्देजनर सशस्त्र बलों को एकजुट होकर काम करते हुए भविष्य के लिए तैयार रहना चाहिए।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को तमिलनाडु के वेलिंगटन में रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज (डीएसएससी) के 80वें स्टाफ कोर्स के दीक्षांत समारोह में भारत और मित्र देशों के सशस्त्र बलों के अधिकारियों को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि वैश्विक भू-राजनीति को तीन प्रमुख मापदंडों राष्ट्रीय सुरक्षा को प्राथमिकता देने की दिशा में एक प्रमुख धुरी, वैश्विक परिदृश्य में फैलती तकनीकी सुनामी और नवाचार में तेजी द्वारा फिर से परिभाषित किया जा रहा है।

### भारत-पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा के मुद्दों पर की चर्चा

**श्रीनगर।** भारत और पाकिस्तान ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के चक्कन-दा-बाग में आयोजित फ्लैग मीटिंग में नियंत्रण रेखा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। सेना ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि फ्लैग मीटिंग डीजीएमओ की दोनों पक्षों के बीच समझ के अनुसार नियमित नियंत्रण रेखा और सीमा प्रबंधन प्रक्रिया है। गुरुवार की बैठक नियंत्रण रेखा पर नियमित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए आयोजित की गई। इससे पहले, 21 फरवरी को, भारत और पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में चक्कन-दा-बाग क्रॉसिंग प्वाइंट पर ब्रिगेडियर स्तरीय फ्लैग मीटिंग में सीमा पर शांति के लिए संघर्ष विराम समझौते की पवित्रता बनाए रखने पर सहमति व्यक्त की थी।

### दिल्ली में आयुष्मान कार्ड का वितरण हुआ शुरू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना - आयुष्मान भारत के अंतर्गत गुरुवार को आयुष्मान कार्ड वितरण की शुरुआत हो गई। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की उपस्थिति में चयनित लोगों को आयुष्मान योजना कार्ड दिए गए। इस कार्ड से दिल्ली के 36 लाख से अधिक लोगों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिल सकेगा। योजना के अंतर्गत प्रत्येक परिवार को प्रतिवर्ष 10 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध होगा। इसके अतिरिक्त 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति को पांच लाख रुपये का अतिरिक्त स्वास्थ्य बीमा मिलेगा।

### भारत ने सीमा चौकी से बांग्लादेश के ट्रकों का प्रवेश रोका

**ढाका/नई दिल्ली।** भारत ने पश्चिम बंगाल सीमा से सटे बेनापोल लैंड पोर्ट चेक पोस्ट के रास्ते माल के साथ आ रहे बांग्लादेश के चार ट्रकों को वापस भेज दिया है। यह कार्रवाई बांग्लादेश को दूसरे देश में माल भेजने के लिए दी गई ट्रांसशिपमेंट सुविधा (भारतीय मार्ग से आवाजाही की छूट) रद्द किए जाने के एक दिन बाद की गई है। बांग्लादेश के टीवी समाचार चैनल बीडी न्यूज 24 की रिपोर्ट के अनुसार बांग्लादेश के जेसोर जिले में बेनापोल पोर्ट के उप निदेशक रशीदुल साजिब नजीर ने कहा कि भारत सरकार द्वारा मंगलवार को ट्रांसशिपमेंट सुविधा को रद्द करने के कारण पेट्रापोल कस्टम्स (भारतीय पक्ष) ने तीसरे देश के माल को अपने सीमा से ले जाने की मंजूरी देने से इन्कार कर दिया।

### डेटा संरक्षण अधिनियम की एक धारा निरस्त करें

**नई दिल्ली।** इंडिया समूह के नेताओं ने डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (डीपीडीपी) अधिनियम की धारा 44 (3) को सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम और प्रेस की आजादी के विरुद्ध बताते हुए गुरुवार को इसे निरस्त करने की मांग की।

# दिल्ली पहुंचा तहव्वुर

## पाकिस्तान ने बनाई दूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** 2008 मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा के भारत पहुंचने के बाद पहली तस्वीर सामने आई है, जिसमें नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) के अधिकारी उसे पकड़े नजर आ रहे हैं। राणा को गुरुवार शाम करीब 6.30 बजे अमेरिकी गल्फस्ट्रीम जी-550 विमान से भारत लाया गया।

यह विमान दिल्ली के पालम टेक्निकल एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। यहां से उसे सीधे एनआईए हेडक्वार्टर ले जाया गया। इससे पूर्व राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गुरुवार को तहव्वुर हुसैन राणा को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी उसके अमेरिका से सफल प्रत्यर्पण के बाद आईजीआईए, नई दिल्ली पहुंचने के तुरंत बाद की गई। राणा को दिल्ली के पालम एयरपोर्ट के गेट नंबर 4 से बाहर लाया गया, जहां से उसे पटियाला हाउस कोर्ट में पेश करने के लिए ले जाया गया। स्पेशल एनआईए जज चंद्रजीत सिंह की अदालत में शुक्रवार (आज) सुबह 8 बजे के बाद उसकी पेशी तय की गई है। राणा की सुरक्षा में दिल्ली पुलिस के कमांडो तैनात किए गए हैं। कोर्ट में पेशी के बाद एनआईए उसकी कस्टडी की मांग करेगी। सुरक्षा कारणों से दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू मेट्रो स्टेशन का गेट नंबर 2 बंद कर दिया गया है और आसपास की आवाजाही पर रोक लगाई गई है। जेल सूत्रों के मुताबिक, राणा को दिल्ली की तिहाड़ जेल में हाई सिक्योरिटी वार्ड में रखा जाएगा। जेल प्रशासन ने इसके लिए जरूरी इंतजाम कर लिए हैं। हालांकि उसे कब और किस वार्ड में रखा जाएगा, इसका अंतिम फैसला कोर्ट के आदेश के बाद ही लिया जाएगा। जांच एजेंसी एनआईए और खुफिया एजेंसी रॉ की एक ज्वाइंट टीम तहव्वुर राणा को लेकर बुधवार को अमेरिका से रवाना हुई थी। मुंबई हमले में आतंकियों ने ताजमहल होटल को भी निशाना बनाया था। यहां 31 लोग मारे गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक राणा के प्रत्यर्पण को लेकर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को भी हाई अलर्ट कर दिया गया है। इसके साथ ही स्वैट कमांडोज को भी एयरपोर्ट पर तैनात किया गया है। एयरपोर्ट के बाहर सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सेज की सिक्योरिटी विंग और स्थानीय पुलिस मौजूद है। तहव्वुर ने भारत आने से बचने के लिए अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसे खारिज कर दिया गया था। उसने अपनी याचिका में खुद को पार्किंसन बीमारी से पीड़ित बताते हुए कहा था कि अगर भारत डिपोर्ट किया गया, तो उसे प्रताड़ित किया जा सकता है। पाकिस्तान ने तहव्वुर राणा से दूरी बनाते हुए कहा कि वह कनाडा का नागरिक है।

> ■ दिल्ली के पालम टेक्निकल एयरपोर्ट पर एनआईए ने औपचारिक तौर पर गिरफ्तार किया, आज होगी स्पेशल एनआईए कोर्ट में पेशी



### तहव्वुर राणा मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र मान विशेष अभियोजक नियुक्त

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों के मामले में मुख्य आरोपी तहव्वुर राणा के खिलाफ न्यायालय में सुनवाई के दौरान राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की सहायता के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र मान को विशेष लोक अभियोजक नियुक्त किया है। तहव्वुर राणा को विशेष विमान से अमेरिका से भारत लाया गया। एनआईए पूछताछ और अभियोजन के लिए उसकी हिरासत की मांग करेगी। केंद्र द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि एनआईए मामले से संबंधित मुकदमे और अन्य मामलों के लिए नरेंद्र मान विशेष अभियोजक होंगे। वह इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से तीन साल की अवधि या उक्त मामले की सुनवाई पूरी होने तक, जो भी पहले हो, काम करेंगे।

# वक्फ कानून पर 16 को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

## सीजेआई खन्ना के अलावा जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की तीन जजों की बेंच याचिकाओं पर करेगी सुनवाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट वक्फ (संशोधन) अधिनियम की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ 16 अप्रैल को याचिकाओं पर सुनवाई करेगी।

सीजेआई के अलावा जस्टिस संजय कुमार और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन तीन जजों की उस बेंच का हिस्सा होंगे, जो वक्फ कानून के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। केंद्र ने शीर्ष अदालत में कैविएट दायर की थी और मामले में कोई भी आदेश पारित करने से पहले उसका पक्ष सुनने की मांग की थी। कैविएट किसी पक्ष की ओर से उच्च न्यायालयों और शीर्ष अदालत में यह सुनिश्चित करने के लिए दायर की जाती है कि उसे सुने बिना कोई आदेश पारित न किया जाए। राजनेताओं और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और जमीयत उलमा-ए-हिंद सहित 10 से अधिक याचिकाएं शीर्ष अदालत में नए कानून की वैधता को चुनौती देने के लिए दायर की गई थीं।तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने भी वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सम्भल से समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउररहमान बर्क ने भी हाल ही में इस मुद्दे पर शीर्ष अदालत में याचिका दायर की थी। एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी, 'आप' नेता अमानतुल्लाह खान, एसोसिएशन फॉर द प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स, अरशद मदनी, समस्त केरल जमीयतुल उलेमा, अंजुम कादरी, तैयब खान सलमानी, मोहम्मद शफी, मोहम्मद फजलुर्रहीम और आरजेडी नेता मनोज कुमार झा, फैयाज अहमद ने भी इस मुद्दे पर शीर्ष अदालत का रुख किया है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड , जमीयत उलमा-ए-हिंद, द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) और कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी और मोहम्मद जावेद इस मामले में अन्य प्रमुख याचिकाकर्ता हैं।

### बंगाल: वक्फ कानून पर हिंसा में 22 गिरफ्तार

**कोलकाता।** वक्फ संशोधन कानून के विरोध में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में 8 अप्रैल को हुई हिंसा के मामले में पुलिस ने 22 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से 8 आरोपियों को आगे की जांच के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। जंगीपुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी), आनंद राय ने बताया कि हिंसा को लेकर पुलिस ने अपने आप संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया है। उन्होंने बुधवार को इलाके का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया। दरअसल, प्रदर्शनकारियों ने 8 अप्रैल को वक्फ कानून के विरोध में कई वाहनों को आग लगा दी थी। इसमें पुलिस की गाड़ियां भी शामिल थी। झड़प में प्रदर्शनकारियों ने पथराव भी किया, जिससे कई पुलिसकर्मी घायल हो गए थे।

# अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता सकारात्मक दिशा में

**मुंबई।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पारस्परिक टैरिफ पर 90 दिनों की रोक की घोषणा के बाद गुरुवार को कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता अच्छी गति से आगे बढ़ रही है और भारत टैरिफ से जुड़े मुद्दों को कुशलता से संभाल रहा है।

श्री गोयल ने कहा कि भारत शुरू से ही इस मुद्दे को बहुत प्रभावी तरीके से संभाल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति ट्रम्प ने फरवरी में यह निर्णय लिया था कि दोनों देश एक द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे, जिससे व्यापार सरल बनेगा और द्विपक्षीय व्यापार 500 अरब डॉलर तक पहुंच सकेगा, जो वर्तमान से ढाई गुना अधिक है।

> ■ भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता अच्छी गति से आगे बढ़ रही: पीयूष

# सम्भल: जामा मस्जिद को लिखा जुमा

## मस्जिद कमेटी नाराज, बोली- गलत परंपरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सम्भल की ऐतिहासिक जामा मस्जिद को लेकर एक बार फिर विवाद गहराता जा रहा है। इस बार मसला नाम को लेकर है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने मस्जिद के बाहर लगाए जाने वाले नए बोर्ड पर जुमा मस्जिद लिखवाया है।

दस्तावेज़ों और पुराने समझौतों में यह जामा मस्जिद के नाम से दर्ज है। यही नहीं, 1927 में मस्जिद कमेटी और एएसआई के बीच हुए समझौते में भी इसी नाम का उल्लेख किया गया था। जामा मस्जिद कमेटी के उप सचिव मशहूद अली फारूखी ने स्पष्ट कहा है कि जब ऐतिहासिक रिकॉर्ड और एग्रीमेंट में जामा मस्जिद लिखा है, तो एएसआई को मनमाने ढंग से जुमा नाम का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर जल्द ही एएसआई से बात की जाएगी। 1920 से एएसआई द्वारा संरक्षित इस इमारत का बोर्ड पहले मस्जिद परिसर के भीतर लगा था, लेकिन अब इसे बाहर लगाया जाना है। यह बोर्ड तैयार हो चुका है, जिस पर जुमा मस्जिद लिखा -**शेष पृष्ठ दो पर**




> ■ दस्तावेज़ों और पुराने समझौतों में यह जामा मस्जिद के नाम से दर्ज

# एनडीए का सहयोगी विधायक भी हुआ वक्फ कानून के खिलाफ

**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन कानून को लेकर सत्ता पक्ष इसकी लगातार तारीफ कर रहा है, तो विपक्ष इसके खिलाफ लगातार मुखर है। कई सांसद इस अधिनियम के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख कर चुके हैं।

इस लिस्ट में मणिपुर विधानसभा में नेशनल पीपुल्स पार्टी इंडिया (एनपीपी) के नेता और क्षेत्रगाओ सीट से विधायक शेख नूरुल हसन ने वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। खास बात यह है कि हसन की पार्टी एनपीपी एनडीए का हिस्सा है और बीजेपी की सहयोगी भी है। याचिकाकर्ता ने याचिका के जरिए इस संशोधन पर चिंता जताई है, जिसमें इस्लाम का पालन करने वाले एसटी को अपनी संपत्ति वक्फ को देने से वंचित कर दिया गया है।

> ■ मणिपुर विस में एनपीपी के विधायक शेख नूरुल हसन पहुंचे सुप्रीम कोर्ट

# पैक्ड फूड पर वॉर्निंग लेबल जरूरी

## सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप: केंद्र तीन माह के अंदर लेबलिंग का नियम बनाए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि वह तीन महीने के भीतर पैक्ड फूड पर चेतावनी वाली लेबलिंग को लेकर नए नियम बनाए। कोर्ट ने ये आदेश एक पीआईएल पर सुनवाई के दौरान दिया। इसमें मांग की गई थी कि हर पैक्ड खाने की चीज पर फ्रंट पर साफ चेतावनी दी जाए। इससे लोग यह जान सकें कि उस चीज में कितना शुगर, नमक या हानिकारक फैट है।

केंद्र सरकार ने कहा कि एक्सपर्ट कमेटी सुझावों के आधार पर रिपोर्ट तैयार करेगी। केंद्र सरकार की तरफ से कोर्ट को बताया गया कि 14 हजार से ज्यादा सुझाव और रिपोर्ट्स इस मुद्दे पर आ चुकी हैं। इसके लिए एक एक्सपर्ट कमेटी बनाई गई है जो इन सुझावों के आधार पर रिपोर्ट तैयार करेगी। कोर्ट ने आदेश दिया कि यह समिति जल्दी से जल्दी रिपोर्ट तैयार करे ताकि उसी आधार पर एफएसएसएआई लेबलिंग नियमों में संशोधन किया जा सके। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च यानी आईसीएमआर के तहत हैदराबाद बेस्ड एनआईएन ने भारतीयों के लिए डाइटरी गाइडलाइन जारी की है। एनआईएन ने कहा कि फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया के सख्त मानदंड हैं, लेकिन लेबल पर दी गई जानकारी भ्रामक हो सकती है। कुछ उदाहरण देते हुए एनआईएन ने कहा कि किसी फूड प्रोडक्ट को नेचुरल कहा जा सकता है, यदि इसमें एडेड कलर्स, फ्लेवर्स और आर्टिफिशियल सब्सटेंसेस नहीं मिलाए गए हैं और यह मिनिमल प्रोसेसिंग से गुजरता है। नेचुरल शब्द का अक्सर इस्तेमाल किया जाता है, भले ही पैक्ड फूड में केवल एक या दो नेचुरल चीजें शामिल हों।

> कोर्ट ने कहा: कितना शुगर, हानिकारक फैट स्पष्ट लिखें
>
> केंद्र सरकार ने कहा एक्सपर्ट कमेटी सुझावों के आधार पर रिपोर्ट तैयार करेगी





## संक्षिप्त समाचार

### बिजली कटौती दौर को वापस लाई भाजपा: 'आप'

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली में जब से भारतीय जनता पार्टी की 'विपदा' सरकार आई, तब से लंबे-लंबे पॉवर कट का 10 साल पहले वाला दौर वापस लौट आया है। 'आप' ने आज कहा कि पिछले साल 8500 मेगावॉट की पीक डिमांड में भी पॉवर कट नहीं लगते थे, लेकिन अब तो पूछिए ही मत। अब जनता को डर इस बात का सता रहा है कि अगर अभी यह हाल हैं, तो जून-जुलाई की गर्मियों में क्या होगा? वर्ष 2015 से पहले दिल्ली में बिजली कटौती का दौर चला करता था। अरविंद केजरीवाल की सरकार ने दिल्ली को अंधेरे के दौर से बाहर निकाला और जनता को पॉवर कट से मुक्ति मिली। अब दिल्ली में भाजपा की सरकार है और दिल्ली वालों को फिर से जबरदस्त बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है।

### मादक पदार्थ तस्करों के हमले में तीन पुलिसकर्मी घायल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में मादक पदार्थ तस्करों के हमले में एक थाना प्रभारी (एसएचओ) समेत तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए, जबकि एक अन्य घटना में संदिग्ध रूप से मादक पदार्थ का ओवरडोज होने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने गुरुवार को कहा कि बलोले खड्ड में मादक पदार्थ तस्करों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने बुधवार रात वहां छापेमारी की। बलोले खढ को मादक पदार्थ का हॉटस्पॉट माना जाता है। थाना बाड़ी ब्राह्मणा के एसएचओ इंस्पेक्टर पुलष्पदर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापा मारा और पकड़े जाने के डर से मादक पदार्थ तस्करों ने उन पर पत्थरों और ईंटों से हमला किया।

### आईजीएनसीए में अयोध्या पर्व 2025 उत्सव शुक्रवार से

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (आईजीएनसीए) में तीन दिवसीय अयोध्या की गौरवगाथा को समर्पित और देश के महत्त्वपूर्ण सांस्कृतिक उत्सवों में से एक 'अयोध्या पर्व 2025' का शुक्रवार को उद्घाटन किया जाएगा। आईजीएनसीए की ओर से बुधवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार तीन दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव श्रद्धा, शास्त्रीयता और संवाद का संगम होगा, जिसमें देशभर के साधु-संत, सांस्कृतिक मनीषी, राजनेता, विद्वान, और कलाकार एक साथ शामिल होंगे। इस अवसर पर 'मर्यादा पुरुषोत्तम' पर आधारित प्रख्यात चित्रकार पद्मश्री वासुदेव कामत की चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन किया जाएगा।

### काशी आएंगे मोदी पूर्वांचल को देंगे 44 विकास योजनाओं की सौगात

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र के 50वें दौरे पर शुक्रवार को काशी पहुंचेंगे। यूपी की योगी सरकार के आठ साल पूरे होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह पहला वाराणसी दौरा होगा। इस मौके पर प्रधानमंत्री काशी से जनहित की 3884.18 करोड़ रुपए की 44 विकास योजनाओं की सौगात पूर्वांचल को देंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में लगभग ढाई घंटे का प्रवास करेंगे। इस दौरान वह राजातालाब के मेहदीगंज में जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

## मौसम का बदला मिजाज, योगी सरकार के अफसरों को निर्देश

# खुले में न रहे गेहूं, गोदामों में रखा जाए

लखनऊ, वार्ता

मौसम के मिजाज को देखते हुए योगी सरकार ने निर्देश जारी किए हैं कि गेहूं खुले में न रहे, इसे गोदाम में सुरक्षित रखा जाए। इस बीच गुरुवार दोपहर 12 बजे तक गेहूं खरीद के लिए 3,67,875 किसानों ने पंजीकरण करा लिया। 5784 क्रय केंद्रों के माध्यम से गेहूं खरीद हो रही है। 27388 किसानों से 1.43709 लाख मीट्रिक टन गेहूं की सरकारी खरीद भी हो चुकी है।

आलम यह है कि दो दिन में लगभग 11 हजार से अधिक किसानों ने सरकारी बिक्री के लिए पंजीकरण कराया। 8 अप्रैल तक जहां 20,409 किसानों से गेहूं क्रय किया गया था, वहीं 10 अप्रैल तक बिक्री करने वालों किसानों की संख्या बढ़कर 27388 से अधिक हो गई है। यानी दो दिन में लगभग सात हजार से अधिक किसानों ने सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं की बिक्री की। 8 अप्रैल तक 3.56 लाख किसानों ने गेहूं बिक्री के लिए पंजीकरण कराया था, जो 10 अप्रैल तक बढ़कर 3.67 लाख हो गई है। गेहूं की अच्छी खरीद हो, इसके लिए कटाई के पहले से ही गांव गांव जाकर किसानों से संपर्क साधा गया और उन्हें सरकारी क्रय केंद्र पर बिक्री के लिए प्रेरित किया गया। खाद्य व रसद विभाग पहली बार मोबाइल क्रय केंद्रों के माध्यम से किसान के खेत तक पहुंचा। एक तरफ कटाई चल रही है, तो वहीं दूसरी तरफ मौके पर ही गेहूं तौला जा रहा है।



■ दो दिनों में लगभग 11 हजार से ज्यादा किसानों ने बिक्री के लिए पंजीकरण कराया, मौके पर ही तौला जा रहा है गेहूं

मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर अवकाश के दिनों में भी क्रय केंद्र खुल रहे हैं, जिससे गेहूं बेचना अन्नदाता किसानों के लिए काफी आसान हो गया है। गुरुवार को महावीर जयंती के अवकाश पर भी खाद्य व रसद विभाग के अधिकारी गांव-गांव पहुंचे और किसानों से संपर्क स्थापित किया। अधिकृत सूत्रों ने दावा किया कि गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिए 2425 रुपए प्रति कुंतल तय किया गया है, जिसका भुगतान 48 घंटे के अंदर किसानों को किया जा रहा है। यही नहीं, गेहूं की उतराई, छनाई व सफाई के मद में 20 रुपए प्रति कुंतल की दर से भी किसानों को प्रतिपूर्ति की जा रही है। सरकार ने व्यवस्था की कि पंजीकृत किसान बिना सत्यापन 100 कुंतल तक गेहूं बेच सकते हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर क्रय केंद्रों पर बैठने, शुद्ध पेयजल आदि की भी समुचित व्यवस्था की गई है। वहीं किसानों को 48 घंटे के भीतर भुगतान भी कराया जा रहा है।

### मुरादाबाद में सपा दफ्तर पर चलेगा बुलडोजर?

**मुरादाबाद।** यूपी के मुरादाबाद में सपा के जिला कार्यालय पर बुलडोजर चलाने की तैयारी की जा रही है। सपा का जिला कार्यालय सिविल लाइन इलाके में चक्कर की मिलक ग्राम छावनी में नजूल भूमि पर बना हुआ है, जो 1994 में लीज पर ली गई थी। राजस्व रिकॉर्ड में यह कोठी संख्या 4 के नाम से दर्ज है और लगभग 953.71 वर्ग मीटर में यहां सपा जिला कार्यालय बना हुआ है। सितम्बर 2024 में भी नगर निगम ने इसे खाली करने के लिए जिला प्रशासन से पुलिस फोर्स के साथ मदद मांगी थी, लेकिन मामला राजनितिक दल से जुड़ा होने के कारण नगर निगम इस पर अभी तक कब्जा नहीं ले सका है। हालांकि नगर निगम मुरादाबाद में करोड़ों की रुपये की सरकारी संपत्तियां अन्य कब्जाधारियों से मुक्त भी करा चुका है। अब नगर निगम की सिफारिश पर मुरादाबाद मंडल के कमिश्नर आन्जनेय कुमार सिंह ने प्रमुख सचिव नगर विकास यूपी सरकार को 28 मार्च 2025 को पत्र भेज कर इसकी लीज को निरस्त कर इसे सरकारी प्रयोजनार्थ शासन में निहित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करने की मांग की है। अब अगर शासन से आवंटन निरस्त कर भूमि को सरकारी प्रयोजनार्थ शासन में निहित करने की मंजूरी मिल जाती है, तो फिर नगर निगम और जिला प्रशासन इस पर कब्जा कर लेगा, ऐसे में सपा का कार्यालय बंद हो सकता है।

### सौर ऊर्जा और गेहूं क्रय में बेस्ट परफॉर्मेंस देगा यूपी: योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रहलाद जोशी ने गुरुवार को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एवं पीएम कुसुम योजना और रबी विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत गेहूं खरीद को लेकर संयुक्त समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने जोशी को बताया कि उत्तर प्रदेश सोलर एनर्जी और गेहूं खरीद में बहुत अच्छा कार्य कर रहा है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को भरोसा दिलाया कि उत्तर प्रदेश अपनी ओर से बेस्ट रिजल्ट देने का प्रयास करेगा। वहीं केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने भी उत्तर प्रदेश के बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मुख्यमंत्री को बधाई दी और कहा कि प्रदेश सरकार बढ़ती ऊर्जा मांगों के अनुरूप कार्य करते हुए पूरे देश के लिए मॉडल बन रही है। संयुक्त समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री ने राज्य और केंद्र सरकार के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी को ओडीओपी का उपहार और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। योगी ने कहा कि आज कॉमन मैन और खासतौर पर अन्नदाता किसानों को स्पर्श करती तीन महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश इन योजनाओं में अच्छा कार्य कर रहा है और प्रदेश सरकार की ओर से आश्वस्त करता हूं कि उत्तर प्रदेश अपनी ओर से बेस्ट रिजल्ट देगा। इसी के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा नीति 2022 प्रख्यापित की गई है। इसके अंतर्गत राज्य में कम लागत की विश्वसनीय सौर ऊर्जा तक आम लोगों की पहुंच को सुनिश्चित किया गया है। इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश जैव ऊर्जा नीति 2022 और उत्तर प्रदेश ग्रीन हाइड्रोजन नीति 2024 भी प्रख्यापित की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने सोलर पॉलिसी के तहत 2027 तक सोलर प्रोडक्शन में 22 हजार मेगावाट से अधिक का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके तहत सोलर पार्कों का विकास, कृषि फीडरों और निजी ऑन ग्रिड पंपों के सोलराइजेशन को बढ़ावा देना, एक्सप्रेसवे और रेलवे ट्रैक के किनारे सौर संयंत्रों की स्थापना को बढ़ावा देना सहित सौर ऊर्जा उपकरणों के निर्माण उद्योग को बढ़ावा देना है।

## जेएंडके विस में पास नहीं हुआ वक्फ बिल पर प्रस्ताव

जम्मू, वार्ता

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा द्वारा वक्फ अधिनियम पर प्रस्ताव पारित नहीं हो सका है। इसे लेकर राजनीतिक पार्टियों ने चिंता जताई है। पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने अपनी पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व की एक तत्काल बैठक बुलाई।

श्रीनगर में आयोजित इस बैठक में डा. महबूब बेग, आसिया नक्श, गुलाम नबी लोन हंजूरा, मुहम्मद खुर्शीद आलम, बशारत बुखारी और अन्य सहित पीडीपी के प्रमुख नेता शामिल हुए। कथित तौर पर नेताओं ने विधाई मंच पर वक्फ से संबंधित मामलों को संबोधित करने में देरी के निहितार्थों पर विस्तार से चर्चा की। पार्टी सूत्रों ने बताया कि महबूबा मुफ्ती ने इस मुद्दे पर विधानसभा की चुप्पी पर गंभीर चिंता व्यक्त की और इसे गहरे धार्मिक और प्रशासनिक महत्व का मामला बताया। उन्होंने कथित तौर पर पार्टी के सहयोगियों से कहा कि वक्फ अधिनियम पर प्रस्ताव पारित करने में विफलता केवल एक राजनीतिक चूक नहीं है, यह हमारे संस्थानों की धार्मिक भावना और स्वायत्तता को प्रभावित करती है।

वक्फ संपत्तियां, जिनमें दरगाह, मस्जिद और कब्रिस्तान शामिल हैं, लंबे समय से इस क्षेत्र में मुस्लिम समाज के धार्मिक और सांस्कृतिक ताने-बाने का केंद्र रही हैं। उन्होंने कहा कि उचित कानून के माध्यम से उनके प्रशासन को संचालित करने में किसी भी तरह की देरी या अस्पष्टता ने समुदाय के भीतर आशंका पैदा कर दी है। बैठक में मौजूद नेताओं ने स्पष्ट कानून की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया, जो वक्फ संपत्तियों को कुप्रबंधन या राजनीतिक हस्तक्षेप से बचाता है, उन्होंने सरकार से वक्फ अधिनियम पर अपनी स्थिति स्पष्ट करने और धार्मिक निकायों की पवित्रता सुनिश्चित करने का भी आह्वान किया। बता दें कि हाल में लोकसभा और राज्यसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पारित हो गया है। उसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी है। इससे इस विधेयक का कानून बनने का रास्ता साफ हो गया है, लेकिन विपक्षी पार्टियां लगातार वक्फ कानून का विरोध कर रही हैं। ऐसे में जम्मू कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला के रवैया पर महबूबा मुफ्ती ने रोष जताया है और उन पर सियासी हमला बोला है।



■ महबूबा मुफ्ती भड़की, तुरंत बुलाई आपात बैठक

## वेस्ट यूपी में दो दिन तक बारिश के आसार, वज्रपात की भी आशंका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी में अगले दो दिनों में कई जिलों में भारी बारिश के आसार और बिजली गिरने की आशंक जताई गई है। इस संदर्भ में आईएमडी ने अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने इस संदर्भ में पूर्वानुमान जारी किया है।

विभाग के अनुसार प्रयागराज, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रवि दास नगर, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फर्रुखाबाद, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, कासगंज, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहज. हांपुर, संभल, बदायूं एवं आसपास इलाकों में मेघ गर्जन एवं वज्रपात होने की संभावना है।

■ योगी ने दिए अफसरों को राहत पहुंचाने के निर्देश

दूसरी ओर मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार सीएम योगी आदित्यनाथ ने बारिश, ओलावृष्टि, आंधी तूफान और वज्रपात के दृष्टिगत, संबंधित जनपदों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर प्रभावित लोगों की तत्काल मदद करें।

### वाराणसी में नाव संचालन रुका

खराब मौसम का असर नेताओं के कार्यक्रम पर भी पड़ा। गुरुवार को लखनऊ में खराब मौसम की वजह से डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का प्रयागराज आने का कार्यक्रम रद्द हो गया। मौसम में सुधार होने पर ही कानपुर जाएंगे। हेलीकॉप्टर फिलहाल उड़ान नहीं भर पा रहा था। दूसरी ओर वाराणसी में धूल भरी आंधी के बीच जब कुछ समय के लिए नाव संचालन थम गया।

## तहव्वुर राणा को भारत लाने का झूठा श्रेय ले रही है मोदी सरकार: चिदंबरम

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम ने कहा है कि मुंबई आतंकवादी हमले के मुख्य साजिशकर्ता तहव्वुर हुसैन राणा को भारत लाने का श्रेय मोदी सरकार ले रही है, लेकिन सच यह है कि उसे भारत लाने में कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार की मेहनत आज रंग लाई है। चिदंबरम ने गुरुवार को यहां जारी बयान में कहा कि 26/11 मुंबई आतंकवादी हमलों के मुख्य आरोपियों में से एक राणा को आज भारत लाया गया, लेकिन पूरी कहानी यह है कि मोदी सरकार इस घटनाक्रम का श्रेय लेने के लिए होड़ में लगी है। जबकि सच्चाई उनके दावों से कोसों दूर है। उन्होंने कहा कि यह प्रत्यर्पण डेढ़ दशक की कठिन, परिश्रमी और रणनीतिक कूटनीति का परिणाम है, जिसकी शुरुआत, अगुवाई और निरंतरता संप्रग सरकार ने अमेरिका के साथ समन्वय द्वारा सुनिश्चित की थी। चिदंबरम ने कहा कि सच्चाई यह है कि मोदी सरकार का इसमें कोई योगदान नहीं है, इस प्रक्रिया की शुरुआत हमने की थी। इसका यह भी तात्पर्य हुआ कांग्रेस की सरकार के गंभीर प्रयास और ईमानदार कोशिश से सबसे खतरनाक अपराधी को भी कानून की कटघरे में खड़ा किया जा सका है। कांग्रेस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 25 फरवरी को प्रेस कांफ्रेंस करके इस मामले का पूरा श्रेय लेने का प्रयास किया, लेकिन सच्चाई इससे कोसों दूर है।

## पुलिस ने श्रीनगर-पुलवामा में मारे छापे

श्रीनगर, वार्ता

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज एक मामले में गुरुवार को श्रीनगर और पुलवामा जिलों में छापेमारी की। तहरीक-ए-हुर्रियत के सदस्यों बशीर अहमद भट उर्फ पीर सैफुल्लाह और मोहम्मद अशरफ लाया के आवासों पर तलाशी ली गई। तहरीक-ए-हुर्रियत की स्थापना स्वर्गीय सैयद अली शाह गीलानी ने की थी। पुलिस ने बताया कि ये तलाशी जम्मू-कश्मीर में अलगाववादी और आतंकवादी तंत्र के बचे हुए हिस्सों को समाप्त करने के प्रयासों के तहत की गई। श्रीनगर पुलिस ने प्रतिबंधित संगठनों से संबंधित 2024 में दर्ज एक यूएपीए मामले के तहत यह तलाशी ली, जिसके लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) कोर्ट, श्रीनगर से तलाशी वारंट प्राप्त किया गया था। कार्यकारी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में की गई तलाशी यूएपीए की धारा के तहत राजबाग थाने में दर्ज जांच का हिस्सा थी। यह तलाशी पुलवामा के जदूरा के निवासी तहरीक-ए-हुर्रियत के सदस्य पीर सैफुल्लाह के घर पर की गई, जो वर्तमान में तिहाड़ जेल में बंद हैं और वर्तमान में रावलपोरा में रहते हैं तथा बारामूला के जामिया के निवासी मोहम्मद अशरफ लाया और वर्तमान में पुराने बारामूला शहर में रहते हैं। पुलिस ने कहा कि तलाशी के दौरान सैफुल्लाह के घर से मामले की जांच से संबंधित पुस्तकें, लेटर हेड, पर्चे और पत्र सहित आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है और उचित कानूनी प्रक्रियाओं के अनुसार मजिस्ट्रेट और स्वतंत्र गवाह की उपस्थिति में उन्हें जब्त कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है। यह छापेमारी ऐसे समय में की गई है, जब पिछले कुछ सप्ताह में 11 अलगाववादी संगठनों ने हुर्रियत कॉन्फ्रेंस से नाता तोड़ लिया है। हुर्रियत कॉन्फ्रेंस से अलग होने वाले संगठनों में जम्मू-कश्मीर इस्लामिक पॉलिटिकल पार्टी, जम्मू-कश्मीर मुस्लिम डेमोक्रेटिक लीग और कश्मीर फ्रीडम फ्रंट शामिल हैं।

### गैर-प्रवासी पंडितों के पुनर्वास के लिए समयबद्ध रूपरेखा बनाई जाए

**श्रीनगर।** कश्मीरी पंडित संघर्ष समिति ने गुरुवार को गैर-प्रवासी पंडितों के पुनर्वास, रोजगार, आवास आरक्षण और कानूनी सुरक्षा उपायों के लिए समयबद्ध तथा सार्वजनिक रूप से निगरानी वाली रूपरेखा बनाए जाने की मांग की। समिति की ओर से यह मांग जम्मू-कश्मीर सरकार के उस बयान के बाद सामने आई है, जिसमें कहा गया है कि पिछले दो वर्षों में केंद्र शासित प्रदेश में गैर-स्थानीय लोगों को लगभग 83,742 निवास प्रमाण पत्र दिए गए हैं।

## युवाओं, उद्योगपतियों और उद्योगों की मदद के लिए तंत्र बनाए गुजरात चैम्बर: अमित शाह

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि यदि गुजरात चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री को प्रासंगिक रहना है, तो उद्योगों, औद्योगिक क्षेत्र में कदम रखने वाले साहसी युवाओं और उद्योगपतियों- तीनों की मदद के लिए एक स्थाई तंत्र बनाना चाहिए।

शाह ने गुरूवार को यहां चैम्बर के वार्षिक व्यापार कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। शाह ने कहा कि चैम्बर ने गुजरात के विकास में बेहद अहम योगदान दिया है। चैम्बर ने युवाओं में उद्यम, साहस और दुनिया के किसी भी कोने में जाकर व्यापार करने का उत्साह भरने का काम किया है। उन्होंने कहा कि लगातार 75 वर्ष तक चैम्बर ने परंपरा को संभाला, सरकार के साथ संवाद बनाए रखा, जनता के हित की चिंता की और प्राकृतिक आपदाओं के समय जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहा। उन्होंने कहा कि चैम्बर को 75 वर्ष से 100 वर्ष का रोडमैप तैयार करना चाहिए और गुजरात के विकास के साथ जोड़कर उसे आगे भी बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुजरात के युवाओं की औद्योगिक साहसिकता को प्रोत्साहित करने के लिए चैम्बर को योजना बनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि एमएसएमई सबसे बड़ी पूंजी है और अगर देखें तो किसी भी उद्योग ने सालों पहले एक लघु उद्योग के रूप में ही शुरूआत की होगी। उन्होंने कहा कि गुजरात के लघु उद्योगों ने देश के औद्योगिक विकास में अच्छा योगदान दिया है।



■ चैम्बर ने गुजरात के विकास में अहम् योगदान दिया

## खाद्य तेलों में टिकाव, मसूर और उड़द दाल महंगी

नई दिल्ली, वार्ता

विदेशी बाजार में गिरावट जारी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त पड़ने से गुरुवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि मांग निकलने से मसूर दाल और उड़द दाल महंगी हो गई, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा गिरावट के साथ 4426 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.30 सेंट उतरकर 45.90 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान मसूर दाल 150 रुपए और उड़द दाल 50 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गई जबकि चना, दाल चना, मूंग दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5750-5850, दाल चना 6750-6850, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8500-8600 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18681 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 15201 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16849 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।



■ मूंग दाल व अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे

## लेखपाल की लापरवाही से नीट नहीं दे पाई लड़की

### हिंदू लड़की को मुस्लिम समझ रोका, नहीं दे पाई एग्जाम

**अलीगढ़।** यूपी के अलीगढ़ में एक लेखपाल की लापरवाही से एक लड़की अपनी नीट की परीक्षा नहीं दे पाई, क्योंकि लेखपाल ने उसका ओबीसी सर्टिफिकेट तीन बार रिजेक्ट कर दिया। वह भी इसलिए क्योंकि लड़की ने सिर पर दुपट्टा लपेटा हुआ था, जिस वजह से लेखपाल को लगा कि लड़की मुस्लिम है। हिंदू लड़की को मुस्लिम समझकर उसका जाति प्रमाण पत्र ही लेखपाल ने रिजेक्ट कर दिया। अलीगढ़ के मंजूरगढ़ी गांव की रहने वाली हेमा कश्यप ने साल भर से दिन-रात एक कर मेहनत से पीट परीक्षा देने के लिए तैयारी की। वह डाक्टर बनने का सपना संजोए हुई थी। हेमा के पिता सुरेंद्र सिंह मजदूरी करते हैं, लेकिन फिर भी सुरेंद्र ने हेमा की पढ़ाई में कोई कसर नहीं छोड़ी। हेमा ने नीट की परीक्षा के लिए अप्लाई किया, लेकिन एक जरूरी दस्तावेज जाति प्रमाण पत्र रह गया था। हेमा ने जाति प्रमाण पत्र के लिए तहसील में ऑनलाइन आवेदन किया था, लेकिन लेखपाल ने उसका आवेदन बिना देखे और बिना कुछ पूछे ही रिजेक्ट कर दिया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**सम्भल: जामा...** गया है। वहीं, मस्जिद इंतजामिया कमेटी के अधिवक्ता शकील वारसी ने कहा कि यह मस्जिद शाही जामा मस्जिद के नाम से प्रसिद्ध है। देशभर में इसी नाम से जानी जाती है। उन्होंने एएसआई द्वारा नाम बदलने को एक नई गलत शुरुआत बताया और कहा कि इससे एक और विवाद खड़ा हो सकता है। उन्होंने बताया कि कमेटी की ओर से जल्द ही इस पर आपत्ति दर्ज कराई जाएगी और मांग की जाएगी कि मस्जिद के ऐतिहासिक नाम से कोई छेड़छाड़ न हो। दूसरी तरफ एएसआई के अधिवक्ता विष्णु कुमार शर्मा का कहना है कि मस्जिद पहले से ही संरक्षित इमारत है और उसका बोर्ड परिसर के भीतर लगा था। अब नया बोर्ड बाहर लगाया जाएगा, लेकिन यह काम एएसआई की सुविधा के अनुसार किया जाएगा। गौरतलब है कि 24 नवम्बर को मस्जिद परिसर में सर्वे को लेकर तनाव और हंगामा हो गया था। इसके बाद से यह मस्जिद देशभर में सुर्खियों में बनी हुई है। उधर, हिंदू पक्ष द्वारा 19 नवम्बर 2024 को चंदौसी स्थित अदालत में दायर याचिका में मस्जिद का नाम जामी मस्जिद लिखा गया था। इस पर भी मस्जिद कमेटी ने आपत्ति जताई है। उप सचिव फारूखी का कहना है कि जामा उर्दू शब्द है और जामी अरबी से लिया गया है। दोनों का मतलब एक ही होता है, लेकिन जुमा मस्जिद जैसा कोई शब्द प्रचलन में नहीं है। कमेटी का स्पष्ट कहना है कि मस्जिद का नाम वही रहना चाहिए जो इतिहास और समझौतों में दर्ज है।

## पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में निकाली रैली

कोलकाता, वार्ता

पश्चिम बंगाल के शिक्षकों ने अपनी नौकरी गंवाने के विरोध में गुरुवार को एक विशाल रैली आयोजित की। उनका आरोप है कि कोलकाता पुलिस ने दक्षिण कोलकाता में जिला निरीक्षक (डीआई) कार्यालय के बाहर एक शिक्षक पर लाठीचार्ज किया और उन्हें लात मारी।

उन्होंने स्कूल सेवा आयोग द्वारा पात्र अभ्यर्थियों को अयोग्य अभ्यर्थियों से अलग करने के लिए ओएमआर (ऑप्टिकल मार्क रिकॉग्निशन) की मिरर इमेज जारी करने की भी मांग की। उल्लेखनीय है कि सर्वोच्च न्यायालय ने पिछले सप्ताह कथित नकदी के बदले नौकरी घोटाले में स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) द्वारा भर्ती किए गए 25,752 शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति रद्द कर दी। नौकरी गंवाने वालों के अलावा सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के शिक्षकों और कर्मचारियों ने भी 'महा मिचिल' में हिस्सा लिया, जिसका आयोजन सियालदह से शहर के मध्य भाग में स्थित एस्प्लेनेड तक किया गया था। आंदोलनकारी शिक्षकों ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से सभी पात्र उम्मीदवारों को नौकरी से निकाले जाने से बचाने के लिए लिखित आश्वासन की भी मांग की। शिक्षकों ने यह मांग तब की जब सोमवार को मुख्यमंत्री ने सभी पात्र उम्मीदवारों को नौकरी जाने से बचाने का आश्वासन दिया तथा उनसे कहा कि जब तक समस्या का समाधान नहीं हो जाता, वे स्वयंसेवक के रूप में अपने-अपने स्कूलों में काम करें। आज महावीर जयंती के अवसर पर अवकाश होने के बावजूद रैली के कारण शहर का यातायात प्रभावित रहा। इस बीच नौकरी गंवाने वाले शिक्षकों के एक वर्ग ने बुधवार शाम से साल्ट लेक स्थित स्कूल सेवा आयोग कार्यालय के पास अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया है, जबकि प्रभावित शिक्षकों के एक अन्य वर्ग ने भूख हड़ताल शुरू कर दी है। शिक्षकों के प्रतिनिधियों में से एक पंकज रॉय ने संवाददाताओं से कहा कि जब तक सरकार उन्हें नौकरी से निकाले जाने से पूर्ण सुरक्षा का लिखित आश्वासन नहीं देती, तब तक वे अपना आंदोलन जारी रखेंगे। उन्होंने यह भी मांग किया कि एसएससी ओएमआर की मिरर इमेज जारी करे जिससे योग्य अभ्यर्थियों की पहचान दागी अभ्यर्थियों से अलग की जा सके। कोलकाता पुलिस मुख्यालय, लालबाजार ने बुधवार को कस्बा में एक शिक्षक पर लाठीचार्ज और लात-घूसों से हमला करने के संबंध में रिपोर्ट मांगी है। आंदोलनकारी शिक्षकों ने कथित रूप से पुलिसकर्मियों की अवहेलना की और डीआई कार्यालय के गेट में घुसने की कोशिश की तथा गेट को बंद करने का प्रयास किया। इस मुद्दे से राज्य में उथल-पुथल मचने तथा विपक्ष के साथ-साथ विभिन्न नागरिक संगठनों की ओर से भी इसकी निंदा करने के बाद एसएसडी के उपायुक्त को मामले की जांच करने का निर्देश दिया गया है। दक्षिण उपनगरीय डिवीजन की उप-आयुक्त बिधिशा कलिता इस मामले की जांच करेंगी और कोलकाता पुलिस मुख्यालय को रिपोर्ट देंगी। वरिष्ठ मंत्री एवं शहर के मेयर फिरहाद हकीम ने पूछा कि जब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पहले ही उन्हें पूर्ण सुरक्षा का आश्वासन दिया था, तो नौकरी गंवाने वाले लोग कस्बा क्यों गए। हकीम ने पूछा कि वे वहां सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने क्यों गए थे?

■ बंगाल में नौकरी गंवाने वाले शिक्षकों ने जताया ममता के खिलाफ आक्रोश

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# मामूली बात पर ट्रैक्टर से कुचलकर किसान को उतारा मौत के घाट

## हत्या का मुकदमा न लिखने पर ग्रामीणों ने जाम लगाकर किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** मामूली सी बात पर एक सांप्रदाय के तीन युवकों पर अन्य सांप्रदाय के एक किसान को जान बूझकर ट्रैक्टर की जोरदार टक्कर मारकर मौत के घाट उतारने का आरोप लगा है, जबकि फुगाना पुलिस ने प्रथम जांच मे हत्या को एक्सीडेंट बताया है। जिसको लेकर ग्रामीण आक्रोशित हो गये और उन्होंने फुगाना थाने के बाहर मेरठ वाया करनाल हाइवे पर मृतक का शव बर्फ की सिल्लियों पर रखकर जाम लगा दिया और तीनो हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग कर डाली। जाम लगते ही मौके पर मौजूद फुगाना थानाध्यक्ष गजेंद्र सिंह ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत किया। मिली जानकारी के अनुसार बुढाना ब्लॉक क्षेत्र के गांव फुगाना निवासी नाबालिग 2 सगे भाई अंकित व अंकुर पुत्रगण नरेन्द्र मलिक अपने पिता नरेन्द्र पुत्र धर्मवीर के साथ अपने खेत पर थे। इसी थाना क्षेत्र के अन्य गांव जोगियाखेडा निवासीगण नफीस, महकार और दिलशाद उर्फ दिल्ला से उनके पिता नरेंद्र ने फोन पर मशीन द्वारा सरसों की कटाई करने के लिये बात कही थी।

आरोप है तीनों ने उन्हें शाम तक इन्तजार कराया। बीती बुधवार की रात साढे 7 बजे वे तीनों आईशर ट्रैक्टर व मशीन लेकर उनके खेत के पास से गुजर रहे थे। तब उन्होंने युवकों से सरसों कटाई न करने का कारण पूछा तो ट्रेक्टर पर बैठे दिलशाद ने गुस्सा करते हुए गाली देकर कहा कि मैंने तेरी सरसो का ठेका नही ले रखा है। साले को ट्रैक्टर से कुचल दो। ये हमारा क्या कर लेगा। इस बात का नफीस ने समर्थन किया। इनके कहने में आकर महकार ने उनके पिता नरेन्द्र के ऊपर जान से मारने की नीयत से अपने ट्रैक्टर की जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उनके पिता ट्रैक्टर की टक्कर लगते ही नीचे जमीन पर गिर गये। इसके बाद महकार उनके पिता को ट्रैक्टर से कुचल गाली गलौच कर मौके से भाग गया। तभी दोनों भाईयों ने शोर मचाया और डायल नंबर 112 पर पुलिस को फोन किया तो आधा घंटे बाद पुलिस मौके पर आई मगर तब तक नरेंद्र दम तोड चुका था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर प्रथम जांच के चलते बताया कि उनके पिता की हत्या नहीं बल्कि अचानक से ट्रैक्टर की टक्कर लगने से एक्सीडेंट में मौत हुई है। आज जब पोस्टमार्टम हाउस से मृतक नरेंद्र का शव गांव में आया तो आक्रोशित परिजनों ग्रामीणों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाकर बर्फ की सिल्लियों पर नरेन्द्र का शव फुगाना थाने के बाहर रोड पर रखकर मेरठ करनाल हाइवे जाम किया तो फुगाना पुलिस मूकदर्शक बनी रही।

### पुलिस ने बताया एक्सीडेंट, पुत्र ने खाया जहर

**बुढ़ाना।** जिस समय पुलिस मौके पर पहुंची और पीडित पक्ष की बात को सुनकर उक्त मामले की जांच कर रही थी तो उस समय घटना के वक्त मृतक नरेंद्र का छोटा नाबालिग पुत्र अंकुर मलिक भी घटनास्थल पर ही मौजूद था। जिसने पुलिस को पूछताछ में बताया कि उसके पिता कि गांव जोगियाखेडा के तीन युवकों ने ट्रेक्टर की टक्कर मारकर हत्या की है तो आरोप है कि एकदम फुगाना पुलिस छोटे पुत्र अंकुर पर बिगड गयी। जिसने फुगाना पुलिस की डांट से क्षुब्ध होते ही खेत में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन पुलिस के समक्ष कर लिया। तब अंकुर की हालत बिगडने लगी तो पुलिस के हाथ पांव फूल गये। पुलिस ने आनन फानन में अंकुर को बुढाना सीएचसी में भर्ती कराया। जहां आज बृहस्पतिवार को उसकी हालत में सुधार बताया गया है।

### हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ तब खोला जाम

**बुढ़ाना।** आक्रोशित ग्रामीणों ने तीनों आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज होते ही दो घंटे बाद जाम खोल दिया। दोनों और वाहनों की लंबी लाइनें लग गयी थी। सायं 7 बजे के करीब मृतक नरेंद्र का अंतिम संस्कार कर दिया गया। जाम लगाने वालों में मुख्य रूप से रोबिन मलिक, नितिन मलिक, धीरेंद्र मलिक, मोंटी मलिक व प्रतीक मलिक आदि सैंकडों ग्रामीण मौजूद थे।

# खेत में पानी चला रहे किसान की करंट से मौत

■ पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम, बिसरा जांच को भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** ग्राम धनायन में खेत में पानी चला रहे किसान की करंट लगने से मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शाहपुर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत गांव धनायन निवासी 50 वर्षीय विनोद त्यागी पुत्र मंगल सिंह किसान था। बुधवार की रात विनोद त्यागी अपने खेत पर पानी चलाने गया था। बताया जाता है कि इस बीच उसके खेत में बंध रहे तारों से उतरे करंट ने किसान को अपनी चपेट में ले लिया। करंट लगन से किसान की मौत हो गई। कुछ देर बाद खेत पर परिजनों ने विनोद त्यागी को गंभीर हालत में देखा तो उन्होने उसको स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन किसान को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, लेकिन यहां पर भी उसकी सांसे थमी हुई बताई। सूत्रों काक हना है कि घटना के करीब दो-ढाई घंटे बाद परि. जनों को इसकी जानकारी हुई। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन करते हुए किसान के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उधर पीएम कराने के बाद मृतक किसान विनोद त्यागी का बिसरा जांच के लिए भेजा गया है।



बुढाना: फुगाना थाने के बाहर शव को सड़क पर रखकर जाम लगाते ग्रामीण।

# रामपुर तिराहाकांड: एसीजेएम प्रथम की कोर्ट में ट्रांसफर फाइल

■ 17 अप्रैल की नियत हुई तारिख, 1994 का है मामला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** रामपुर तिराहाकांड से जुडे सरकार बनाम एसपी मिश्रा व सरकार बनाम ब्रजकिशोर मामले में कोर्ट में सुनवाई नहीं हुई। दोनों मामलों की फाइल एसीजेएम प्रथम कोर्ट में ट्रांसफर हो गयी। मामलों में सुनवाई के लिए 17 अप्रैल की तिथि नियत की गयी है। एक अक्टूबर 1994 की रात्रि पृथक राज्य की मांग के लिए दिल्ली जा रहे उत्तराखंड के आंदोलनकारियों को पुलिस ने रामपुर तिराहे पर रोक लिया था। पुलिस फायरिंग में सात आंदोलनकारियों की मौत हो गई थी, जबकि महिलाओं से छेड़छाड़ व दुष्कर्म के आरोप भी लगे थे। इस मामले में सीबीआई की तरफ हाईकोर्ट के आदेश पर सात मुकदमे दर्ज कराए थे। सरकार बनाम एसपी मिश्रा व सरकार बनाम ब्रजकिशोर मामले की सुनवाई एमपीएमएलए कोर्ट के न्यायाधीश देवेन्द्र फौजदार कर रहे थे। न्यायाधीश देवेन्द्र फौजदार का ट्रांसफर एसीजेएम कोर्ट प्रथम में हो गया है। एसपी मिश्रा व ब्रजकिशोर मामले की सुनवाई अब एसीजेएम कोर्ट प्रथम की कोर्ट में होगी। दोनों मामलों की फाइल का ट्रांसफर कर दिया गया है। गुरुवार को दोनों मामलों में सुनवाई नहीं हो सकी। अब सुनवाई के लिए 17 अप्रैल की तिथि नियत की गयी है।



मुजफ्फरनगर: महावीर जयंती पर रथयात्रा का शुभारंभ करते मंत्री कपिल देव।

# हिंदू मामा ने मुस्लिम भांजी को दिया अनोखा भात

■ हेलीकॉप्टर से कराई विदाई, बोले- कई पीढ़ियों से पारिवारिक संबंध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** इस समय जहां देश में जगह-जगह हिन्दू-मुस्लिम को लेकर सम्प्रदायिकता की बात हो रही है और ऐसे मामलों को तूल दिया जा रहा है तो वहीं एक हिन्दू मामा ने हिन्दू-मुस्लिम एकता की ऐसी मिशाल पैदा कर दी कि देखने वाले तारीफ करते देखे गए। हिन्दू मामा राहुल ठाकुर ने मुस्लिम भांजी को भात में हेलीकॉप्टर की उसकी विदाई कराई। राहुल ठाकुर ने मुंह बोली भांजी को भात में रूपये और कपडे भी दिए है।



थाना छपार क्षेत्र के गांव छपार निवासी आशमा पुत्री अब्दुल खालिक का निकाह जनपद मेरठ के थाना सरधना क्षेत्र के गांव नानू निवासी मोहम्मद शादाब पुत्र मोहम्मद इसराइल के साथ तय हुआ था जिसकी बारात 10 अप्रैल 2025 को जानसठ रोड स्थित एक बैंकट हॉल में आई थी। इस शादी में खास बात यह रही की थाना चरथावल क्षेत्र के गांव बिरालसी निवासी राहुल ठाकुर के परिवार व आसमा और उसके मामा के परिवार पुराने संबंध के चलते राहुल ठाकुर आसमा की मां को अपनी बहन मानता है। और आज उसने अपनी बहन की बेटी की शादी में अनोखा गिफ्ट दिया है और यह गिफ्ट उसने अपनी भांजी और उसके पति दोनों नव दंपतियों को हेलीकॉप्टर से विदाई देने का तोहफा दिया है जिसमें सरधना से लेकर मुजफ्फरनगर तक हेलीकॉप्टर की परमिशन खुद राहुल ठाकुर ने कराई और हेलीकॉप्टर का पूरा खर्च भी खुद राहुल ठाकुर ने ही उठाया है।

राहुल ठाकुर का कहना है कि उनके कई पीढ़ियों से संबंध है। और दोनो ही पक्ष एक दूसरे के सुख-दुख में खडे रहते है। राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में खडे हेलीकॉप्टर को देखकर जहां लोगों का तांता लग गया। वही लगभग पांच बजे दूल्हा-दुल्हन को हेलीकॉप्टर से विदाई दी गई इस मामले में दुल्हन तो कुछ बोल नहीं पाई मगर दूल्हे ने अपनी पत्नी के हिंदू मामा राहुल ठाकुर का धन्यवाद किया। वही दुल्हन बनी आसमा के चाचा साजिद ने कहा कि राहुल ठाकुर ने हिंदू मुस्लिम के विवाद को पीछे छोडते हुए अनोखी मिसाल पेश की है और उन्होंने हमारे परिवार पर एक बहुत बडा एहसान किया है। उन्होंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि उनकी भतीजी की विदाई हेलीकॉप्टर से होगी लेकिन राहुल ठाकुर ने उनका यह सपना साकार किया है ।

# महावीर जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा ने दिया अहिंसा का संदेश

■ राज्यमंत्री ने किया महाव. ीर स्वामी के पद चिन्हों पर चलने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भगवान महावीर स्वामी का जन्मकल्याणक केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि यह आत्मा की मुक्ति और मानव कल्याण का दिव्य संदेश-मंत्री कपिल देव महावीर जन्मकल्याणक महापर्व पर निकाली गई। भव्य शोभायात्रा, अहिंसा और आत्मजागृति का दिया गया संदेश जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक महापर्व के अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन बडे हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ किया गया। इस वर्ष महावीर जन्मकल्याणक को 'धैर्य, अहिंसा और आत्मजागृति के उत्सव' के रूप में मनाया गया।

शोभायात्रा में नगर के अनेक समाजसेवी संगठनों, श्रद्धालुजनों और गणमान्य नागरिकों की सहभागिता रही। शोभायात्रा में पारंपरिक वेशभूषा, झांकियों, धर्मध्वज और जैन धर्म के मूल सिद्धांतों को दर्शाने वाले सांस्कृतिक प्रदर्शनों ने जनमानस को विशेष रूप से आकर्षित किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री कपिल देव ने अपने संबोधन में कहा कि 'भगवान महावीर स्वामी का जन्मकल्याणक केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि यह आत्मा की मुक्ति और मानव कल्याण का दिव्य संदेश है। महावीर स्वामी के जीवन दर्शन अहिंसा, सत्य, तप, अपरिग्रह और ब्रह्मचर्य आज के समय में भी उतने ही प्रासंगिक हैं और समाज को एक नई दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से आह्वान किया कि सभी लोग करुणा, संयम और शांति जैसे मूल्यों को अपनाते हुए आत्मिक शुद्धि की दिशा में अग्रसर हों और समाज में सद्भाव और नैतिकता को प्रोत्साहित करें।

कार्यक्रम का समापन 'जय महावीर' के घोष और महावीर स्वामी के संदेशों को दोहराने के साथ हुआ। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय प्रशासन, सामाजिक संगठनों और श्रद्धालु नागरिकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### तेज आवाज से गाने के विरोध पर हमला

**मुजफ्फरनगर।** ग्राम मिमलाना में बारात में तेज गाना बजाने का विरोध करने पर एक परिवार पर हमला कर दिया गया। जिसका मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के समीपवर्ती गांव मिमलाना निवासी मौहम्मद खलील ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित ने बताया कि गांव के इद्दू पुत्र सूरत अली की बारात जा रही थी। आरोप है कि बाराती लुकमान पुत्र शाहीद, जाउल पुत्र शाहीद, इमरान पुत्र आबिद बारात की गाडी में तेज आवाज से गाने बजा रहे थे जब इसका विरोध किया तो आरोपी पक्ष ने गाली-गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी और घर में घुस आए। जिससे हमले में उसका बेटा सुलेमान घायल हो गया।

# वीएसके ने जीत के साथ की शुरूआत

## एमजी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की

■ शांतनु ने 90 रन की पारी खेलकर दिया टीम को योगदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एमजी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। वसुंधरा सुपर किंग्स की शुरुआत निराशाजनक हुई। उन्होंने अपने कप्तान का विकेट जल्दी ही गवा दिया। 54 रनों पर अपने 4 विकेट खो देने पर भी वसुंधरा सुपर किंग्स ने मैच को नहीं छोडा, ओपनिंग से एक छोर पर खडे हुए शांतनु ने शानदार 90 रनों की पारी खेली और अपनी टीम को 163 रनों तक पहुंचाया। आखिर में कृष्ण पाल ने भी शानदार 27 रनों की पारी खेली। एमजी की शुरुआत बेहद धीमी रही एमजी की ओर से नमन में 36 रनों का योगदान दिया एमजी की पूरी टीम 110 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। शांतनु ने चार ओवर में 15 रन देखकर तीन विकेट लिए।

मैच के समापन समारोह में मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन के चेयरमैन भीम कंसल, वसुंधरा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के एमडी अमित चौधरी, बोर्ड ट्रॉफी प्लेयर रोहन त्यागी उपस्थित रहे। मैन ऑफ द मैच 90 रन और 3 विकेट लेने वाले वाले शांतनु को दिया गया। फाइटर ऑफ मैच अमर सिंह, बेस्ट फील्डर मो अरीब को दिया गया।

मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष भीम कंसल ने शांतनु को शानदार प्रदर्शन के लिए विशेष पुरस्कार दिया।

मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन से चेयरमैन भीम कंसल, अध्यक्ष भूपेंद्र यादव, सचिव मनोज पुंडीर, कोषाध्यक्ष संजय शर्मा, सीए अजय जैन, उपाध्यक्ष कुशल पाल सिंह, इंदर माथुर, योगेंद्र मलिक, संयुक्त सचिव ओमदेव सिंह, रोहित चौधरी, विकास राठी, अरविंद भारद्वाज, रोहन त्यागी, अरशद, आदि इस अवसर पर उपस्थित रहे।

# बिंदल स्ट्राइकर ने अपने तीनों मैच जीत कर अपने पूल में टॉप किया

■ स्पोर्ट्स स्टेडियम में टी-20 मैच देखने आ रहे हैं सैकड़ों दर्शक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जीएनसीसी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। जीएनसीसी ने निर्धारित 20 ओवर में 156 रनों का लक्ष्य रखा। अनिवेश ने 76 रनों की शानदार पारी खेली अंकित ने सटीक गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 15 रन देकर तीन विकेट लिए। की धीमी शुरुआत हुई। प्रियांशु ने 75 रन बनाए और हिमेश ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 50 नॉट आउट रनों की पारी खेली। जीएनसीसी ने 2 विकेट लिए। इस जीत के साथ बिंदास ने अपने पूल में टॉप किया। बिंदास अपना अगला सेमीफाइनल मैच 14 तारीख को खेलेगी।

मैच के समापन समारोह में मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष भूपेंद्र यादव, मदन बालियान प्रभारी अमर उजाला मुजफ्फरनगर , आनंद प्रकाश प्रभारी दैनिक जागरण उपस्थित रहे।

मैन ऑफ द मैच 75 रन बनाने वाले प्रियांशु को दिया गया। फाइटर ऑफ मैच अंकित चौधरी, बेस्ट फील्डर अनिवेश चौधरी को दिया गया।

मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन से चेयरमैन भीम कंसल, अध्यक्ष भूपेंद्र यादव, सचिव मनोज पुंडीर, कोषाध्यक्ष संजय शर्मा, सीए अजय जैन, उपाध्यक्ष कुशल पाल सिंह, इंदर माथुर, योगेंद्र मलिक, संयुक्त सचिव ओमदेव सिंह, रोहित चौधरी, विकास राठी, अरविंद भारद्वाज, रोहन त्यागी, अरशद, आदि इस अवसर पर उपस्थित रहे।

पहली बार हो रहे एमपीएल टी-20 का क्रेज जिले के क्रिकेट प्रेमियों में बढ़ता जा रहा है। फाइनल मैच के लिए चीयर्स गर्ल्स सहित अन्य तैयारियों भी की जा रही।

# सीएम डैशबोर्ड: मुजफ्फरनगर की प्रदेश में आई चौथी रैंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सीएम डैशबोर्ड में जनपद मुजफ्फरनगर की स्थिति में काफी सुधार हुआ है। जनवरी माह की रैंकिंग में जनपद मुजफ्फरनगर को प्रदेश में 56वां स्थान व फरवरी माह की रैंकिंग में दसवां स्थान मिला था, लेकिन मार्च माह की समीक्षा में जनपद मुजफ्फरनगर की पूरे प्रदेश में चौथी रैंक आई है। रेवेन्यू में आठवां और डेवलपमेंट में पांचवां स्थान मिला है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्तर से अनुश्रवण के लिए एक केन्द्रीयकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित किया गया। इस पोर्टल को सीएम डैशबोर्ड नाम दिया गया। सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं एवं विभाग की योजनाओं परियोजनाओं में विभिन्न स्तरों के अधिकारियों के प्रदर्शन के आधार पर उनकी रैंकिंग निश्चित की जा रही है। संबंधित विभाग के द्वारा इस पोर्टल पर अपने आंकडे भरे जाते है। सीएम डैशबोर्ड करीब 60 मापदंडों पर आधिरित है। जिसमें विकास और राजस्व आदि के आंकडे भी दिए जाते हैं। प्रदेश में विभिन्न विभगों की सेवाओं, योजनाओं आदि को ऑनलाइन इंटीग्रेट करते हुए मुख्यमंत्री के अवलोकनार्थ तैयार किया जाता है। सीएम डैशबोर्ड की प्रत्येक माह समीक्षा की जाती है। पिछले कई माह से खराब स्थिति को लेकर डीएम ने सख्ती करते हुए अधिकारियो को कार्य शैली में सुधार करने के निर्देश दिए थे। इस कारण जनपद की रैंकिंग में काफी सुधार हुआ है। लखनऊ स्तर पर मार्च माह की समीक्षा हुई है। जिसमें जनपद की पूरे प्रदेश में चौथी रैंक आयी है। वहीं रेवेन्यू में आठवां और डेवलपमेंट में पांचवां स्थान मिला है।



मुजफ्फरनगर: एमपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में विजेता टीम।

# अपहरण व रेप में आजीवन कारावास

■ कोर्ट ने सबूत व गवाहों के आधार पर सुनाया फैसला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कोर्ट ने किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म के मामले में सुनवाई की है। यह मामला 2016 का है और काफी समय से कोर्ट में विच. ाराधीन था कोर्ट ने मुकदमें में नामजद आरोपी को दोषी मानते हुए उसको आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने सबूत व गवाहों के आधार पर 50 हजार का जुर्माना भी लगाया है।



अभियोजन के अनुसार 18 नवंबर 2016 को पीड़ित ने रतनपुरी थाने में तहरीर देकर पुलिस को अवगत कराते हुए मुकदमा दर्ज कराया था कि अंकित पुत्र रोहताश निवासी भूपखेडी थाना रतनपुरी ने उसकी नाबालिग भतीजी को बहला-फुसलाकर अपहरण किया और उसके साथ दुष्कर्म की घटना भी की है। पुलिस ने दी गई तहरीर के आधार पर धारा 376 आईपीसी, 3/4 पोक्सो अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। रतनपुरी पुलिस ने 24 नवम्बर 2016 को आरोपी अंकित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके बाद रतनपुरी पुलिस ने इस घटना से सबूत इकट्ठा किए और जांच पड़ताल के बाद 28 दिसम्बर 2016 को न्यायालय में आरोपी के विरूद्ध आरोप पत्र दाखिल किया। इसके बाद यह मामला न्यायालय विशेष अपर सत्र न्यायधीश पोक्सो कोर्ट प्रथम के यहां विचाराधीन था। इस केस की पैरोकारी लोक अभियोजक प्रदीप बालियान व पैरोकार देवांश सुनील द्वारा की गई।इस मामले में दोनो पक्ष के अधिवक्ताओं ने कोर्ट में अपने-अपने तर्क रखे, घटना से संबंधित सबूत व गवाह भी कोर्ट में प्रस्तुत किए गए। न्यायालय मे मामले को गंभीरता से सुना गया। कोर्ट ने सबूत व गवाहों के आधार पर अंकित को दोषी माना और उसको आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने दोषी पर 50 हजार रूपये का जुर्माना भी किया है। यह फैसला नौ वर्ष बाद सुनाया गया है।

# निवेश के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाला गिरफ्तार

■ चार साथियों की पुलिस को तलाश, हड़पे थे 3.64 करोड़ रुपये

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** फोरेक्स ट्रेडिंग शेयर बाजार रियल स्टेट और कोल माइनिंग में अत्यधिक मुनाफे का लालच देकर निवेश के नाम पर करोडों की ठगी करने वाले एक आरोपी को थाना सिविल लाइन पुलिस ने बुलंदशहर से गिरफ्तार कर लिया है। मामले में चार आरोपी अभी फरार चल रहे है। पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई है।

सिविल लाइन थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि गत 28 दिसम्बर 2024 को रचित जैन निवासी जिला परिषद मार्किट ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि आरोपी मो. मैराज, सरफराज निवासी हजारी पटी कस्बा स्याना जिला बुलंदशहर, अतुल कुमार राघव निवासी चमन विहार कालोनी आगरा रोड जिला हाथरस, अशोक कुमार निवासी न्यू अशोक कुमार वंसुधरा एनक्लेव, पूर्वी दिल्ली, शालिनी पत्नी अतुल कुमार निवासी चमन विहार कालोनी आगरा रोड जिला हाथरस ने फोरेक्स ट्रैडिंग शेयर बाजार रियल स्टेट व कोल माइनिंग मुनाफे का लालच देकर कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर 3.65 करोड रुपए हडप लिए थे। पैसे मांगने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले में वांछित आरोपी सरफराज निवासी टीचर कालोनी हजारी पटी थाना स्याना जनपद बुलंदशहर को उसके घर से गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद उसका चालान कर दिया है।

### भ्रष्टाचार की लड़ाई लड़ने वाले भाकियू के नेता फंसे भ्रष्टाचार के जाल में

# दोनों नेताओं पर गिरी गाज संगठन में पदों से हटाया

■ वीडियो वायरल होने के बाद भाकियू हाईकमान ने लिया ऐक्शन

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** किसान हितों की लड़ाई और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने का दावा करने वाले भारतीय किसान यूनियन संगठन के पदाधिकारी आज खुद खुलेआम श्वित खोरी करते हुय भ्रष्टाचार के जाल में फस गए उन पर आरोप था कि उन्होंने मिटी ठेकेदार से मिटी खनन करने के नाम पर राकेश टिकैत के नाम पर लाखों रुपए की रिश्वत मांगी थी। जिसकी एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुई थी। वीडियो वायरल होने के बाद भाकियू हाइकमान ने दोनों पदा. धिकारियो के खिलाफ कार्रवाई करते हुय दोनों को संगठन से पद मुक्त कर दिया। भ्रष्टाचार के जाल में फंसे दोनों भागों नेताओं के प्रति नगर में लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं बनी रही।

बता दे कि मिटी भराई का काम करने वाले एक ठेकेदार ने भाकियू के दो बड़े पदाधिकारियो पर सनसनीखेज आरोप लगाए थे। ठेकेदार का कहना था कि वह लंबे समय से खेतों में मिटी डालने का कार्य कर रहा है, लेकिन जब वह एक नई साइड पर काम करने पहुंचा तो इन दोनों पदाधिकारियों ने उसे राकेश टिकैत का नाम लेकर धमकाना शुरू कर दिया और काम जारी रखने के एवज में मोटी रकम की मांग की।

पीड़ित ठेकेदार ने बताया था कि उसने डर और दबाव में आकर पहले एक लाख रुपए होली से पहले दे चुका है और फिर घ1,00,000 काम शुरू करने के कुछ दिन बाद दे चुका था। उसका दावा था कि इन लेन-देन की रिकॉर्डिंग और वीडियो सबूत भी उसके पास मौजूद हैं। उसने आरोप लगाते हुय बताया कि अब इन नेताओं द्वारा उससे घ4,30,000 की और मांग की जा रही थी। जब उसने रुपए देने से इंकार किया तो उसे धमकाया जाने लगा, और काम में अड़चन डालने की धमकी दी गई। ठेकेदार का आरोप था कि उक्त नेता भाकियू राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के नाम पर एक लाख रुपए की श्वित मांगी थी। वही इस पूरे मामले की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। जिसमे उक्त ठेकेदार भाकियू पदाधिकारियो पर राकेश टिकैत के नाम पर लाखों की श्वित देने की मांग करने का आरोप लगाया था। वही जब भाकियू हाइकमान को इसकी जानकारी मिली तो हाइ. कमान ने बड़ा कदम उठाते हुय दोनों नेताओं ब्लॉक अध्यक्ष और एनसीआर प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई करते हुय दोनों को संगठन से पद मुक्त कर दिया। दोनों भाकियू नेताओ के खिलाफ कार्रवाई होने के बाद संगठन के अन्य पदाधिकारियो और कर्मचारियों के खेमे में खलबली मची हुई है।

## कई गांवों की समस्याओं को लेकर विधायक से हुई चर्चा

**बुढाना।** स्थानीय विधानसभा क्षेत्र के राष्ट्रीय लोकदल के विधायक राजपाल सिंह बालियान के गांव गढ़ी नौआबाद में स्थित आवास पर क्षेत्र के कुछ लोगों ने पहुंचकर उनके समक्ष कुछेक जन समस्याओं को रखा और उनका निस्तारण करने की बात कही। जिस पर विधायक ने कुछ समस्याओं का तो मौके पर ही निस्तारण कर दिया और बाकी समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को जानक. री दी। जिला पंचायत सदस्य एडवोकेट युनुस चौधरी, जिला पंचायत सदस्य अंकित बालियान, गांव बजधाड़ा के प्रधान दिलशाद त्यागी और अमीर आजम ने विधायक को कई समस्याएं बताई। जिनमें बजधाडा गांव की एक जर्जर सड़क, गांव बजधाड़ा के बिजलीघर के जेई द्वारा कनेक्शन के नाम पर ग्रामीणों को परेशान करने, शाहपुर थाने में तैनात एक कांस्टेबल द्वारा एक कोल्ड ड्रिंक एजेंसी के वेंडर से फ्री में कोल्ड ड्रिंक लेने और बजधाडा गांव की कुछ स्ट्रीट लाइटों को लगवाने और गांव कसेरवा और गांव मुबारकपुर में सीसी रोड का निर्माण कराए जाने के अलावा अन्य समस्याओं को भी रखा।

## तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर कड़ा मुकाबला, आज होगा मतदान

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** तहसील बार एसोसिएशन खतौली में सत्र 2025-26 के वार्षिक चुनाव को लेकर हलचल तेज हो गई है। नामांकन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है अध्यक्ष और महासचिव पद के लिए इस बार मुकाबला दिलचस्प होने वाला है।

दोनों ग्रुप से मजबूत प्रत्याशी इन पद के लिए मैदान में हैं, जिससे चुनावी माहौल गरम हो गया है। वहीं, अन्य पदों पर भी जोरदार टक्कर देखने को मिलेगी। संघ चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए नवीन कुमार गौतम, सुलेमान खान, महासचिव पद के लिए प्रदीप कुमार, राजवीर सिंह ने नामांकन दाखिल किया है। इन प्रत्याशियों के मैदान में आने से मुकाबला बेहद रोमांचक हो गया है। एल्डर कमेटी के चेयरमैन वरिष्ठ अधिवक्ता भूदेव आर्य ने बताया चुनाव की सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई हैं शुक्रवार 11 अप्रैल को सुबह 9 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक मतदान होगा दोपहर 2 बजे से मतपत्रों की गिनती शुरू की जाएगी गिनती पूर्ण होने पर परिणाम घोषित कर दिया जाए बुधवार को वैध नामांकन पत्रों का प्रकाशन भी एल्डर कमेटी की ओर से किया गया।

चुनाव में एक दिन शेष रह गया है सभी उम्मीदवार अपने-अपने पक्ष में समर्थन जुटाने में जुट गए हैं वकीलों के बीच बैठकों का दौर तेज हो गया है।

दोनों गुटों ने अपने अपने पक्ष में समर्थन जुटाने के लिए प्रचार प्रसार ओर वकीलों से संपर्क साधना शुरू कर दिया है। चुनाव में नामांकन करने वाले सभी प्रत्याशी मतदाता अधिवक्ताओं के साथ बैठक कर उनसे 11 अप्रैल को एकजुटता के साथ पूरे ग्रुप को वोट देने की अपील करते नजर आए। बार संघ चुनाव में वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर रामचंद्र सैनी व संत सिंह, कोषाध्यक्ष पद पर शाकिर अहमद, सावन कुमार, उपाध्यक्ष पद 10 वर्ष दो पदों पर आनंद कुमार, मनोज कुमार त्यागी, राजग्रही यादव, ख्रष्ण कन्हैया, उपाध्यक्ष पद 8 वर्ष दो पदों पर ललित कुमार, तेजप्रताप, हरि. निवास, मुकेश शर्मा, सहसचिव के तीन पदों पर रोशनी, पदम सिंह, विकास कुमार, अनुज कुमार, अशोक सैनी, मौ. इकबाल, वरिष्ठ सदस्य छह पदों पर सत्यप्रकाश सैनी, कदम सिंह चंदेल, शकुंतला, रामरोशन दास, रतन सिंह, गंगा शरण गौतम, कनिष्ठ सदस्य के छः पदों पर प्रोनू कुमार, रेखा देवी, विपिन कुमार, हरेंद्र सिंह, जावेद, सुबोध कुमार, सीताराम, पुनीत जैन चुनावी मैदान में हैं।

## पानीपत की मेयर कोमल सैनी का हुआ स्वागत

**बुढाना।** कस्बे के युवा भाजपा नेता सुमित सैनी के कस्बा बुढाना में स्थित आवास पर आज बृहस्पतिवार के दिन हरियाणा राज्य के जनपद पानीपत नगर निगम की निर्वाचित मेयर कोमल सैनी प्रथम बार आई। जिसमें सैनी समाज के लोगों ने उनका बुकें भेंट कर फूल मालाओं से स्वागत किया।

युवा भाजपा नेता सुमित सैनी के तहसील के पीछे स्थित आवास पर पानीपत की महापौर कोमल सैनी के निर्वाचित होने के उपलक्ष्य में प्रथम बार बुढ़ाना आगमन पर स्वागत किया गया। जिसमें पानीपत मेयर कौमल सैनी के साथ आए पूर्व विधानसभा जींद प्रत्याशी अशोक आर्य का फूल मालाओं से स्वागत हुआ। पानीपत महापौर कौमल सैनी ने बुढ़ाना सुमित सैनी के यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र के नेतृत्व वाली सरकार की योजनाओं को विस्तृत समझाया व बताया कि पूर्व सरकारों में



आम जनता तक योजनाओं का लाभ नही मिल पाता था लेकिन मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में आम जनता तक धरातल पर योजनाओं का लाभ पहुंचा है।

जिससे आज भारत देश मोदी के नेतृत्व में विश्व पटल पर विकास के रूप में जाना जाता है। यहां भूमि विकास बैंक के चेयरमैन विनोद सैनी, भाजपा युवा मोर्चा जिला कार्य समीति के सदस्य हिमांशु संगल, मंडल सोशल मीडिया संयोजक शाहिद असलम, युवा भाजपा नेता सुमित सैनी, शाहबाज सिद्दीकी, अमित सैनी, दिनेश सैनी, विकास गुप्ता, निशा सैनी प्रधान, सूरज सैनी, नरेश सैनी, परविंदर सैनी, डॉक्टर अमित, चिराग संगल, विकास सैनी व छोटू सैनी मौजूद रहे।

## भगवान महावीर महोत्सव रथ यात्रा निकाली

**मुजफ्फरनगर।** श्री दिगंबर जैन पंचायती मंदिर चौड़ी गली नई मंडी में देवाधिदेव विश्वप्रभु श्री 1008 महावीर भगवान का 2624वां जन्म कल्याणक महोत्सव पर श्री महावीर भगवान का जन्मकल्याणक रथयात्रा बड़ी ही धूमधाम से मंदिर जी आरंभ होकर नई मंडी के विभिन्न मार्गो से निक. ाली गई।

मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष अमित कुमार जैन एड. व मंत्री अशोक जैन ने बताया कि इस बार रथ यात्रा महोत्सव में निग्रन्थ जैन पाठशाला के बच्चों द्वारा मंदिर जी में सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। रथ यात्रा के पात्रों का चयन बोली के द्वारा किया गया। रथ में बैठने का अवसर श्री मनीष जैन शाहपुर वाले परिवार को प्राप्त हुआ। रथयात्रा में महिलाओं पुरुषों व बच्चों ने नंगे पैर भजन व नृत्य किया। रथ यात्रा महोत्सव में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि चंद्र कुमार जैन गुलशन केमिकल्स रहे। समारोह गौरव राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप व सांसद हरेन्द्र मालिक तथा सपा नेता गौरव जैन, अशोक जैन, नवीन जैन आदि उपस्थित रहे।

श्री 1008 भगवान श्री शांतिनाथ मंदिर मुनिम कालोनी में सर्व प्रथम भगवान का अभिषेक एवं शांति धारा की गई। सौधर्म इन्द्र विभोर जैन बने। अखिलेश जैन एड. को कुबेर बनने का सौभाग्य मिला। अभिषेक एवं शांति धारा के बाद भगवान को पालकी में सवार कर पालकी मुनिम कालोनी, पटेल नगर, भरतिया कालोनी होते हुए पुनः मंदिर में पहुंच कर पुनः अभीषेक कर यात्रा समाप्त हुई। यात्रा मे काफी संख्या मे पुरुष, महिला एवं बच्चों ने भाग लिया, जिसमे अशोक कुमार जैन, संजय जैन, अन्नू जैन, अजय जैन पूरन जैन, अनिता जैन, शैला जैन आदि शामिल हुए।

मुजफ्फरनगर। जैन मिलन मु. नर मैन द्वारा भगवान महावीर के 2625वें जन्मकल्याणक महोत्सव के उपलक्ष में महावीर चौक पर भोजन वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन वीर विपिन जैन नावला वाले व पंकज जैन द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अतिबिर मनोज जैन, अजय जैन, वाई के जैन, मुकेश जैन, विपल्व जैन, अचिंत जैन आदि उपस्थित रहे।

ख्रष्णापुरी स्थित जैन मंदिर में 24वें तीर्थंकर महावीर स्वामी जी के जन्म कल्याणक महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जैन समाज के लोगों सोनिया जैन, राजीव जैन आदि अनेक महिलाओं व पुरुषों तथा बच्चों ने भगवान महावीर को पालना में बैठाकर उन्हें श्रद्धापूर्वक झुलाया।

### एसडीएम ने भव्य शोभायात्रा का निरीक्षण कर लिया जायजा

**खतौली।** भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महापर्व पर खतौली नगर में जैन समाज द्वारा भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया जिसके ख्रष्टिगत जिलाधिकारी के निर्देशानुसार उप जिलाधिकारी खतौली मोनालिसा जोहरी द्वारा यात्रा का निरीक्षण कर समस्त आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उप जिलाधिकारी खतौली ने कहा की जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक महापर्व के अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ किया गया जिसके सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु यात्रा के दौरान नायब तहसीलदार अमित रस्तोगी के साथ निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शोभायात्रा में पारंपरिक वेशभूषा, झांकियों, धर्मध्वज और जैन धर्म के मूल सिद्धांतों को दर्शाने वाले सांस्कृतिक प्रदर्शनों ने जनमानस को विशेष रूप से आकर्षित किया।

## मध्य प्रदेश की भांति प्रदेश में भी मिले गन्ने का भाव : रामकुमार वालिया

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** उत्तराखंड के पूर्व राज्य मंत्री एवं इंडियन किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी रामकुमार वालिया ने कहा है कि गन्ने का समर्थन मूल्य मध्य प्रदेश की भांति ही उत्तर प्रदेश में भी 2600 प्रति कुंतल करने का प्रयास हमारा संगठन इंडियन किसान यूनियन करेगा इस संबंध में यूनियन की तरफ से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को शीघ्र ही एक पत्र भेजा जाएगा तथा आवश्यकता पड़ी तो यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से मिलकर भी संबंध में वार्ता करेगा उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में लगभग 3 करोड़ किसान तथा खेती से जुड़े हुए मजदूर जिनकी आय का मुख्य स्रोत खेती किसानी ही है। चौधरी वालिया ने यह भी सुझाव दिया कि उत्तर प्रदेश में किसानों की पूरी फसल का बीमा भी कराना चाहिए जिससे दैविक आपदा आने पर किसान की फ़सल का मुआवजा बीमा कंपनी से किसानों को दिलाया जा सके चौधरी रामकुमार वालिया गुरुवार को यहां ग्राम तिसंग जिला मुजफ्फरनगर में अपनी रिश्तेदारी में एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे उससे पूर्व मुजफ्फरनगर आगमन पर भोपा चौक पर इंडियन किसान यूनियन एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया इसके उपरांत ग्राम तिसंग में भी कई स्थानों पर चौधरी रामकुमार वालिया का सर्व समाज के लोगों ने स्वागत किया तथा कई समस्याओं से उनको अवगत कराया। चौधरी रामकुमार वालिया ने कहा कि में भाजपा का एक नेता होने के साथ-साथ कई सामाजिक संगठनों से भी जुड़ा हूं मेरा दायित्व है कि समाज के अलग-अलग लोगों की समस्याओं को सुनो और उसको मिलने का प्रयास करो इसी कड़ी में आज अलग-अलग लोगों



से वार्ता की है इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा के जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी, पूर्व विधायक विक्रम सिंह सैनी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य इरशाद गुर्जर, ऋषि राज वालिया, अमरेश वालिया, मनु सिंह ग्वालियर, सोनू वालिया, अमन सिंह, वालिया सहित बड़ी संख्या में सामाजिक लोग मौजूद रहे।

## सक्रिय सदस्य सम्मेलन में दोहराया गया मोदी के विकसित भारत का संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस के अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूत करने व संगठन की भूमिका के बारे में जानकारी देने के उद्देश्य से कल (बुधवार) जानसठ रोड स्थित आशीर्वाद बैंकट हॉल में सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया।

सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में नगर विधायक एवं उत्तर प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने पिछले 11 वर्षों में भारत ने किस प्रकार विकास के लिए अहम कदम उठाए हैं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि पर कितना प्रभाव पड़ा, इसके लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी देश के विकास के लिए क्या-क्या योजनाएं लागू कर रहे हैं या की जा चुकी हैं, इन सभी बातों पर चर्चा की।

मंत्री कपिल देव ने भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार गरीब, युवा, अन्नदाता किसान और नारी सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दे रही है।

उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को दोहराया और कहा कि मजबूत अर्थनीति के चलते भारत बहुत जल्द ब्विव की तीसरी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री कपिल देव ने कहा कि हम सभी भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता हैं और जब एक कार्यकर्ता सक्रिय रूप से काम करता है, तो संगठन स्वयं मजबूत हो जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों को जन-जन तक पहुँचाने में कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम है। हर कार्यकर्ता हमारे लिए एक जनसंपर्क का मजबूत माध्यम है, और उनकी मेहनत से ही संगठन जन आकांक्षाओं पर खरा उतरता है।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, जिला उपाध्यक्ष शरद शर्मा, मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर पाल, दीपक मित्तल, पंकज माहेश्वरी, अमित शास्त्री, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष आंचल तोमर, जिला मंत्री सुधीर खटीक, सुनील दर्शन, क्षेत्रीय मंत्री पुरुषोत्तम, पूर्व चेयरमैन डॉ. सुभाष शर्मा, पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, देवव्रत त्यागी, हरेंद्र पाल, पंकज भटनागर, रोहताश पाल, मनुप्रिय मजदूर, राधे वर्मा, कंव. रपाल वर्मा, संजय मित्तल, पवन छाबड़ा, कमलकांत कश्यप, सागर वाल्मीकि, देशबंधु तोमर, सचिन प्रजा. पति, श्रीमोहन तायल, जगदीश पांचाल, राजीव गर्ग, कैप्टन प्रवीण, सचिन सिंघल, प्रवीण वर्मा, तेजपाल गुर्जर, हरीश अहलावत, आशुतोष वर्मा, नीरज गौतम, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा कविता सैनी, ममता अग्रवाल, दुलारी मित्तल, सीमा सैनी, सरिता गौड़, सभासद रजत धीमान, हनी पाल, सुशील गर्ग, रवि चौधरी, अजय सागर, विशाल खोकर आदि पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जिले में पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना का भाजपाइयों ने किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आईआईए के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे उत्तर प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना का यहां पहुंचने पर देर शाम भाजपाईयों ने स्वागत किया। इस दौरान राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, विधायक मिथलेश पाल सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं व सभासदों ने उनसे मुलाकात कर उनका स्वागत किया।

## आज शुकतीर्थ मे आएंगे प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष

**मोरना।** आज शुक्रवार को प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष शुकतीर्थ के हनुमंत धाम मे आयोजित संत सम्मेलन मे भाग लेगे। कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को शुकतीर्थ मे साफ सफाई अभियान चलाया गया।

तीर्थ नगरी शुकतीर्थ मे स्थित हनुमंतधाम मे हनुमान जयंती समारोह आयोजित किया जा रहा है। शुक्रवार को संत सम्मेलन कार्यक्रम मे प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना भाग लेगे।

विधानसभा अध्यक्ष के आगमन की तैयारियों को लेकर गुरुवार को अधिकारियो ने व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया।



अपर जिलाधिकारी नरेन्द्र बहादुर, उपजिलाधिकारी जयेंन्द्र सिंह ने हनुमतधाम जाकर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। साथ ही शुकतीर्थ का भृमण कर स्थलीय निरिक्षण किया।

## धूमधाम से मनी महावीर जयंती

**बुढ़ाना।** जैन समाज के लिए आज का दिन बेहद खास है। आज महावीर जयंती देशभर में धूमधाम से मनाई जा रही है। सुबह से जैन मंदिरों में जैन अनुयायियों का तांता लगा हुआ है। सुबह की पहली किरण से ही महावीर स्वामी के नाम का जप किया जा रहा है। कहीं रथयात्रा निकाली जा रही है तो कहीं कलाशाभिषेक चल रहे हैं। घरों में भी विशेष पूजा-अर्चना हो रही है। महावीर स्वामी के बताए 5 सिद्धांत अगर कोई अपने जीवन में उतार ले तो उसका ये जन्म सफल हो सकता है। दरअसल, जैन समाज के 24वें और अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्म चौत्र शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को हुआ था। इसी लिए ये दिन मनाया जाता है। क्षेत्र में महावीर जयंती बडी ही धूमधाम और हर्षोउल्लास के साथ जैन समाज के लोगों द्वारा मनाई गयी।

## हल्की बूंदाबांदी होने से लोगों को गर्मी से मिली राहत

**बुढाना।** बृहस्पतिवार की सायं अचानक से आसमान में काले बादल घिर आए और ऐसा लगा कि रात हो गयी। उसके कुछ देर बाद बिजली की कड़कड़ाहट के चलते हल्की बूंदाबांदी भी शुरु हो गयी। जिसके चलते लोगों ने भयंकर गर्मी में राहत सी महसूस की। शाम को मौसम ने अचानक करवट बदल ली। आसमान में काले बादल छा गए। हल्की हवाएं चलने लगी। कहीं-कहीं धूल भरी आंधी भी आई। फिर बारिश शुरू हो गई। इस किन मिन बारिश से फिलहाल मौसम सुहाना हो गया है। ठंडी-ठंडी हवाएं चल रही हैं जो लोगों के लिए राहत भरी खबर है। बीते कुछ दिनों से बुढ़ाना मे भीषण गर्मी पड़ रही थी। दिन में तेज धूप और रात में उमस भरी गर्मी ने लोगों का जीना दूभर कर दिया दिया था। दिन में लोग घरों से निकलने से बच रहे थे। लोगों का कहना था कि जब अप्रैल में ही मई-जून जैसी गर्मी पड़ रही है तो मई-जून में क्या हाल होगा। उधर इस बदलते मौसम के कारण भी हस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ रही है।घ ऐसे में ये थोड़ी सी बारिश लोगों के लिए राहत लेकर आई है। बारिश से कुछ किसान मायूस तो कुछ खुश से नजर आए क्योंकि एक दो स्थानों पर गेंहू कटने शुरु हो गये हैं तो कहीं अभी भी कई किसानों की गेहूं की फसल खेतों में खड़ी हुई है।

**सूचना**

मेरा पुत्र आशु व उसकी पत्नी रविता मेरे कहने सुनने में नहीं है आये दिन मेरे साथ गाली-गलौच व मारपीट करते रहते है इसलिए मैने इन दोनों से अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद करते हुए उन्हे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद आशू व उसकी पत्नी रविता का मेरी चल व अचल सम्पत्ति से कोई मतलब वास्ता नही है। वह अपने किये के स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरी या मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नही होगी।

**श्रीमति सरोज पत्नि तोताराम निवासी 131/4 नया बांस मुजफ्फरनगर थाना कोतवाली नगर जिला-मुजफ्फरनगर**

## आदित्य का कबड्डी में चयन होने पर स्वागत

**मुजफ्फरनगर।** एमडीएस विद्या मन्दिर इण्टर कॉलिज, मिल मन्सूरपुर की छात्र आदित्य राठी का साई स्पोटर्स एकेडमी, जयपुर में कबड्डी स्पोर्ट ट्रेनिंग के लिए चयन हो गया है। इस खुशी में विद्यालय प्रांगण में सम्मान समारोह आयोजित किया गया । सम्मान समारोह में उसका अंगवस्त्र, फूल मालाएँ पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया।

सम्मान समारोह का शुभारंभ कुलदीप राठी, विद्यालय प्रबन्धक सन्दीप कुमार प्रधानाचार्य अनिल कुमार, संचालक अनिल शास्त्री एवं कबढी कोच अंकित खेरवाल के द्वारा मां सरस्वती के छविचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया।विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने बताया कि विद्यालय के छात्र आदित्य राठी ने 20 मार्च को जयपुर में साई ट्रेंनिग सैन्टर में कबढी खेल का ट्रायल दिया था इसके बाद छात्र आदित्य राठी का साई ट्रेंनिग सैन्टर, जयपुर में स्पोर्ट ट्रेनिंग के लिए क्वालीफाई किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) भारत सरकार के खेल मंत्रालय के अधीन एक प्रमुख संगठन है, जिसका उद्देश्य देश में खेलों को बढ़ावा देना और खिलाड़ियों को प्रशिक्षण तथा अन्य आवश्यक सुविधाएँ प्रदान करना है। उन्होने कहा कि विद्यालय आगे भी इस तरह के विद्यार्थी तैयार कर आगे भेजता रहेगा।प्रबन्धक सन्दीप कुमार ने कहा कि निश्चित ही विद्यालय के छात्र आदित्य राठी का साई ट्रेनिग सैन्टर, जयपुर में स्पोर्ट ट्रेनिंग के लिए क्वालीफाई करना क्षेत्र एवं हम सभी के लिए गौरव की बात है। यह विद्यालय के स्पोर्ट कोच अंकित खेरवाल की मेहनत और समर्पण का ही परिणाम है कि इस विद्यालय के छात्र आदित्य राठी ने भारतीय खेल प्राधिकरण द्धसाईऋ में स्पोर्ट ट्रेनिंग के लिए क्वालीफाई कर स्थान प्राप्त किया हैं। उन्होने कहा कि खेल से बच्चों में अनुशासन, टीमवर्क, संघर्ष की भावना और आत्मब्विास का विकास होता है। विद्यालय के संचालक अनिल शास्त्री ने कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए पहले अपना लक्ष्य निर्धारित करें और फिर संकल्प शक्ति के साथ उसे प्राप्त करने के लिए जुट




जायें। उन्होने बताया कि भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) का उद्देश्य भारतीय खेलों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना और भारतीय खिलाड़ियों को विश्व मंच पर पहचान दिलाना है।कुलदीप राठी ने कहा कि आदित्य राठी ने अपनी मेहनत और संघर्ष से खेल में यह सफलता प्राप्त की, तो इसके पीछे शिक्षक का लगातार प्रोत्साहना, मार्गदर्शन और समर्थन था। उन्होंने सिर्फ खेल के तकनीकी पहलुओं को नहीं सिखाया, बल्कि उन्हें सही मानसिकता, आत्मविश्वास और संघर्ष की भावना भी दी, जो कि किसी भी खिलाड़ी के लिए सबसे महत्वपूर्ण होती है। विद्यालय के स्पोर्ट कोच अंकित खेरवाल ने कहा कि सफलता प्राप्त करने का कोई भी शार्टकट नही होता वह तो केवल अथक एवं निरन्तर परिश्रम चाहती है। खेल एक अद्भुत अभ्यास है जो शारीरिक शक्ति, तंदुरुस्ती और मानसिक एकाग्रता को बढ़ावा देता है। खेल खिलाड़ी की धैर्य, सहनशक्ति और टीमवर्क को परखता है।कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी अध्यापक अध्यापिकाओं का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन अनिल शास्त्री ने किया।

## डॉग शो में मस्टैंग का शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** कस्बे के माणिक संगल के डाबरमैन डॉग मस्टैंग ने बुलंदशहर के नुमाइश कैंप में आयोजित डॉग शो में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त किए हैं। पशुपालन विभाग द्वारा आयोजित इस डॉग शो में देशभर से विभिन्न नस्लों के 400 से अधिक डॉग्स ने भाग लिया।

मीरापुर के वरिष्ठ समाजसेवी पंकज संगल के भतीजे हैं माणिक संगल ने बताया कि यह डॉग पहले भी कई राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में पुरस्कार जीत चुका है। हाल ही में सहारनपुर में हुए शो में भी इसे प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था। माणिक संगल का कहना है कि मुस्तैंग डाबरमैन नस्ल का उच्च गुणवत्ता वाला डॉग है, जिसे विशेष प्रशिक्षण दिया गया है और यह कई बड़ी प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुका है। पंकज संगल ने बताया कि




मस्टैंग की देखरेख विशेष तरीके से की जाती है और उसे बेहतरीन खानपान एवं नियमित अभ्यास कराया जाता है, जिससे उसकी फिटनेस और प्रदर्शन लगातार बेहतरीन बना रहता है। मस्टैंग की इस सफलता से माणिक संगल परिवार में खुशी की लहर है।

**Name Change**

I UDAY VEER SINGH PORIA S/0 JAGAT SINGH R/0 H.N. 1221, SURAJ VIHAR, SOUTH CIVIL LINE. P/S CIVIL LINE DISTT. MUZAFFARNAGAR (U.P.) Have Changed my name to **UDAI VEER SINGH PORIA**

# तू ना सोचियों तू बच गया, म्हारी मर्जी उसी दिन मार देंगे

## हत्यारोपी के भाइयों ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दी धमकी

**होली पर्व पर हुई हत्या के मामले में आया नया मोड़**

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** 14 मार्च होली पर्व पर रंजिश के चलते दोस्त ने चाकू से गोद कर दोस्त की हत्या कर दी थी। जिसमे पुलिस हत्यारोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था लेकिन इस हत्या कांड में उस समय एक और नया मोड़ आया जब हत्यारोपी के भाइयो ने सोशल मीडिया पर धमकी भरी पोस्ट वायरल कर मृतक पीड़ित परिवार को धमकी देते हुय सनसनी फैला दी। पुलिस ने धमकी देने वाले तीन युवकों को हिरासत में लेकर उनका शांति भंग में चालान कर एसडीएम कोर्ट से 14 दिन की न्यायक हिरासत में भेज दिया। इस घटना के बाद पीड़ित मृतक के परिजनों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

बता दे कि 14 मार्च होली पर्व पर खतौली थाना क्षेत्र के ग्राम जन्धेडी जाटान में प्रवीन उर्फ गुडू पुत्र रणपाल व रोहित पुत्र चमन को ग्राम जन्धेडी जाटान के ही अरुण पुत्र ताराचन्द के द्वारा चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। जहां अस्पताल में उपचार के दौरान प्रवीन उर्फ गुडू की मौत हो गई थी और दूसरे घायल युवक को उपचार के बाद जिलाअस्पताल के लिए रैफर कर दिया गया था। पुलिस ने इस घटना का खुलासा करते हुय मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर कर उसे जेल भेज दिया था। बुधवार को इस घटना में एक और सनसनी खेज मामला उस समय सामने आया जब गांव के कुछ युवकों हत्यारोपी के भाइयों ने सोशल मीडिया पर पीड़ित मृतक के परिजनों को धमकी भरी पोस्ट वायरल कर कर दी जिसमे लिखा था कि तू ना सोचियो कि तू बच गया म्हारी मर्जी उसी दिन मारदेंगे की धमकी दी। पीड़ित परिवार का कहना था कि उक्त हत्यारोपी के परिजन उन पर हत्या का मुकदमा वापिस लेने का दबाव बना रहे थे। मृतक के परिजनों द्वारा पुलिस को आरोपियो के खिलाफ तहरीर देते हुय कार्रवाई की मांग की गई। इस घटना की जानकारी लगते ही पुलिस ने धमकी भरी पोस्ट वायरल करने वाले रविन्द्र, पिंटू, गौरव पुत्रगण ताराचंद, को हिरासत में लेकर कोतवाली पर लाकर उनसे कड़ी पूछताछ करने के बाद उनका शांति भंग में चालान कर 14 दिन की न्यायक हिरासत में जेल भेज दिया। धमकी मिलने के बाद पीड़ित मृतक के परिवार में दहशत का माहौल बना हुआ है।

### पुलिस कांस्टेबल भर्ती बनी थी हत्या का कारण

पांच फरवरी को एक शादी समारोह के दौरान डीजे पर डांस करते हुए दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी इसके बाद से दोनों के बीच विवाद बना हुआ था। उसके बाद हत्या का कारण हाल ही में यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती की फाइनल मेरिट जारी हुई, जिसमें मृतक का नाम था, लेकिन आरोपी मेरिट में जगह नहीं बना सका। इसी को लेकर वह नाराज था और कहा जा रहा है कि इसी गुस्से में उसने हत्या की साजिश कर उसे चाकू से वार कर मौत के घाट उतार दिया था।

## महिला के साथ घर में घुसकर की मारपीट

**छपार।** एक गर्भवती महिला के साथ महिला सहित तीन लोगों ने घर में घुसकर मारपीट की जिससे उसका गर्भ गिर गया। पीड़िता ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गांव बसेड़ा निवासी शहजाद की पत्नी इजराना ने छपार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि गत छह अप्रैल की रात्रि में उसके परिजनों के साथ इस्लाम आदि का झगड़ा हो गया जिसपर हमलावर घर में घुस आये ओर मारपीट की वह छुड़ाने लगी तो उसके भी लात घुस्सों से पिटाई की ओर फरार हो गये। पीड़िता ने इस्लाम, अहसान व उसकी पत्नी के विरुद्ध थाने में तहरीर दी। पुलिस ने पांच दिन बाद आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## मारपीट का मुकदमा दर्ज

**रामराज।** थाना क्षेत्र के ग्राम हुसैनपुर में जमीन के विवाद को लेकर एक युवक के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो आरो. पियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हुसैनपुर निवासी रोहित पुत्र विजेंद्र सिंह का कहना है कि उसके नाना भोपाल सिंह ने उसके पिता को रहने के लिए जो जमीन दी थी, उसमें उनका परिवार बीते करीब 20 वर्षों से रह रहा है। 8 अप्रैल को शाम के समय जब रोहित उस जमीन पर दीवार लगा रहा था, तभी गांव के ही प्रमोद पुत्र हरिराम और इंदर पुत्र प्रमोद मौके पर आ पहुंचे और उसे गाली-गलौज करने लगे। जब रोहित ने इसका विरोध किया दोनों ने मिलकर उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके हाथ की हड्डी टूट गई। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह पीड़ित को बचाया। पीड़ित रोहित का कहना है कि आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने रामराज थाने पहुंचकर दोनों आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# भगवान महावीर स्वामी के जन्म महोत्सव पर हेलीकॉप्टर से की पुष्पवर्षा

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली में भगवान महावीर स्वामी के जन्म महोत्सव पर पंचदिवसिय कार्यक्रम में गुरुवार को अंतिम दिन प्रभु महावीर का महा मंडल विधान का आयोजन उत्सव पंडाल में किया गया।

जिसके मुख्य पुण्यार्जक अरुण जैन तुशांग जैन परिवार रहे इसके बाद परम पूज्य आचार्य श्री 108 भारत भूषण जी महाराज के सानिध्य में ब्रह्मचारी नितिन भैया को वाणी भूषण की सुशील जैन को समाज रत्न व प्रदीप जैन संजय जैन अरुण जैन सुशील सिल्लो को श्रावक रत्न की उपाधि प्रदान की आचार्य श्री ने अपने आशीर्वचन में कहा कि जिस प्रकार प्रबल शत्रु राग द्वेष और मोह को को जीतकर वर्धमान भगवान महावीर कहलाये उसी प्रकार पर्त्येक जीव का लक्ष्य आठ कर्मो को नष्ट कर अनन्त सुख प्राप्त करना होना चाहिए। विधान के बाद पालना झूलन का कार्यक्रम हुआ जिसमें सभी जैन धर्मावलम्बियों ने भक्ति, नृत्य से पालना झुलाया इसके बाद रथयात्रा उत्सव पंडाल से तीन रथों ग्रेट इंडिया, सूरज बैंड बाजों घोड़े, 5 जिनवाणी बग्गी, पौराणिक झांकियों के साथ प्रारंभ हुई जिसमें प्रथम रथ पर जिनेन्द्र प्रतिमाजी को लेकर बैठने का सौभाग्य कुलदीप जैन प्रवक्ता परिवार कुबेर जयचंद जैन पीयूष जैन सारथी अमित जैन अंश जैन की बोली लक्की डा कृपन द्वारा निकली दूसरे रथ यन्त्र जी को लेकर बैठने का सौभाग्य वैभव जैन नय हनुमान ग्रुप कुबेर सुभाष जैन रिसभ जैन संजीव जैन.सारथी नीरज जैन पंकज जैनतीसरे रथ पर जिनवाणी माता को लेकर बैठने का सौभाग्य वैभव जैन आदिराज जैन परिवार कुबेर आकाश जैन अंकुर जैन सारथी विनोद जैन ठेकेदार बनने का सौभाग्य मिला शोभायात्रा जैन बड़ाबाजार में होती हुई घंटाघर से जीटी रोड होती हुई श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर जैन मंडी पहुंची जहां भगवान को विराजमान किया गया जलाभिषेक किया गया शोभा यात्रा में नगर वासियो,व्यापारियों द्वारा और जैन संस्थाओं द्वारा जलपान, फ्रूटी,जलजीरा,गन्ने का रस,आइसक्रीम आदि का निःशुल्क वितरण किया गया जैन मिलन खतौली द्वारा ठंडाई का वितरण किया गया।बच्चों ने डाँडिया नृत्य और भक्ति प्रस्तुत की यात्रा में प्रत्येक जाति सम्प्रदाय ने एकता सदभाव का परिचय दिया सभी ने यात्रा का स्वागत किया और आरती भक्ति की।

अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन द्वारा संयोजित भक्ति तरंग द्वारा सम्पूर्ण खतौली भक्तिमय हो गया नृत्य, गीत,भजनों द्वारा टीकमगढ़ के बैंड व भक्ति से समस्त वातावरण हर्षमय हो गयाऔर सातिशय पुण्य का अर्जन किया गया जिन दर्शन प्रभावना संघ व जैन एकता क्रांतिकारी युवा मोर्चा के युवाओं द्वारा यात्रा की समुचित व्यवस्था की गई। वही दूसरी ओर खतौली पूर्व विधायक करतारसिंह भड़ाना ने हेलीकॉप्टर से शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की। यात्रा में सुशील जैन,सुनील जैन,हंस कुमार जैन संजय जैन दादरी ,प्रदीप जैन कलफेंड़ जैन निखिल शास्त्री मेरठ, रामकुमार जैन वैभव जैन ,सौरभ जैन,रिसभ जैन, मुकुल जैन,राहुल जैन,मनीष जैन,मदन जैन,अजय जैन प्रवक्ता ,विवेक जैन,कुलदीप जैन, अरुण जैन सुशील जैन सिल्लो अपार जैन राजीव जैन,मुकेश जैन, अलका जैन,रजनी जैन, प्रीति जैन अंजू जैन,शिल्पा जैन,दर्शिता जैन, करिश्मा जैन रेखा जैन अंजलि जैन,अनुपम जैन, आदि सैंकड़ो की संख्या में जैन श्रदालु सम्मिलित रहे।रात्रि में अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन अनामिका अम्बर और सौरभ सुमन के संचालन में आयोजित होगा।

# दीप प्रज्ज्वलित कर भजन संध्या का किया शुभारम्भ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** श्री दुर्गा चांदनी वाला मंदिर के बाहर शुरु हुए धार्मिक मेले का शुभारम्भ भजन संध्या से किया गया। जिसमें कश्यप समाज बुढाना की खाप के चौधरी डॉक्टर सोनू कश्यप द्वारा मुख्य अतिथि के रुप में अपने कर कमलों से दीप प्रज्वलित किया गया। यहां पर भजन गायिका मनीषा रावत द्वारा माता रानी का गुणगान किया गया। जिसमें उन्होंने ओ मैंने मै"या जी से दिल क्यों लगाया है यह में जानू या वो जाने अपने मधुर कंठ से सुनाकर नृत्य कर सभी को थिरकने पर मजबूर कर दिया।

इस दौरान यहां पर मुख्य रुप से श्री दुर्गा चांदनी वाला मंदिर मेला कमेटी बुढ़ाना से बुढ़ाना नगर पंचायत के वार्ड नंबर 17 के सभासद अजय संगल, नीरज कुमार



गर्ग, प्रेम कुमार त्यागी, मनमोहन कश्यप, मुकेश कश्यप, अरुण कश्यप, सोनू कश्यप, सचिन कश्यप, पप्पू कश्यप, डाक्टर विशाल कुमार पाल, अंशुल पाल, धर्मपाल कश्यप और चिराग गोयल आदि गणमान्य उपस्थित रहे। गौरतलब है कि बीती 08 अप्रैल को भाजपा के वरिष्ठ नेता मास्टर प्रेमचंद्र शर्मा ने अपने कर कमलों द्वारा मेले का उद्घाटन किया था। उसी दिन पंडाल कार्यक्रम हुआ था। आगामी 11 अप्रैल को चतुर्दर्शी महोत्सव और 12 अप्रेल को कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### दो हफ्ते लगातार बिजली चैकिंग से विभाग के प्रति रोष

**चरथावल।** नगर में पिछले दो सप्ताह से लगातार चल रही विजिलेंस और विद्युत विभाग की छापेमारी में रोष पनप रहा है। बृहस्पतिवार को छुटी के दिन भी दुधली और चरथावल देहात जेई के नेतृत्व में कस्बे में चैकिंग अभियान चलाया गया।इस दौरान चरथावल देहात में करीब सैकडो घरों में बिजली चोरी और बकायेदारों के विरुद्ध अभियान चलाया गया।विद्युत कर्मियों द्वारा घर घर जाकर घरों के अंदर लगे बिजली मीटरों को भी बाहर लगाने का कार्य किया गया।इस दौरान चरथावल कस्बे सहित देहात क्षेत्र में पूरे दिन चौकिंग अभियान से हड़कंप मचा रहा।चरथावल एसडीओ प्रांशु त्यागी ने जानकारी करने पर बताया कि चरथावल में 55 प्रतिशत लाइन लॉस विभागीय स्तर पर पिछले महीने दर्ज हुआ था जिसे कम करने को दो सप्ताह से विजिलेंस सहित क्षेत्रीय यूनिट ने चौकिंग अभियान चलाया हुआ हैं। गत दिनों में कई दर्जन लोगों पर एफआईआर की गई हे और अगले कुछ और दिनों चौकिंग अभियान चलाकर सभी विद्युत मीटरों को घरों के बाहर लगाया जायेगा तथा सभी बिजली चोरी के लिए किए गए कट बंद कराए जाएंगे।इस दौरान कई व्यापारियों द्वारा कस्बे के एक साइड में चौकिंग न करने का आरोप लगाते हुए विद्युत टीम का विरोध भी किया।

### खिलाड़ियों को मोटिवेट करेंगी चीयर लीडर्स

**मुजफ्फरनगर।** चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही मुजफ्फरनगर प्रीमियर लीग टी20 लीग में 15 अप्रैल को फाइनल मैच के मुकाबले में चीयर लीडर्स चौके छक्के लगने पर अपनी टीम और खिलाड़ियों को मोटिवेट करते हुए दिखाई देगी। फाइनल मुकाबला आईपीएल मुकाबले के फाइनल की तरह ही खेला जाएगा जिसमें ग्लैमर के साथ आतिशबाजी भी दिखाई देगी। मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन के चेयरमेन भीमसेन कंसल ने चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में एक इंटरव्यू में बताया कि पर टी20 मुकाबला देखने आ रहे दर्शकों की और टीमों के फेंचाइजी की मांग पर फाइनल मुकाबले में 15 अप्रैल 2025 को स्पोर्ट्स स्टेडियम में मैच के दौरान चीयर लीडर्स अपनी टीम और खिलाड़ियों को मोटिवेट करते हुए दिखाई देगी। भीमसेन कंसल के अनुसार इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल में हर टीम की अपनी चीयरलीडर होती है। कहने को तो वो प्लेयर्स और टीम को मोटिवेट करने चीयर करने के लिए होती हैं, लेकिन असल में स्टेडियम में भीड़ खींचने में उनकी अधिक भूमिका होती है। जब उनकी टीम छक्के-चौके मारती है या फिर विकेट लेती हैं तो चीयरलीडर्स पोडियम पर जाकर डांस स्टेप्स दिखाती हैं। इससे मैच देखने आए दर्शकों का भी खूब मनोरंजन होता है। इसलिए फाइनल मुकाबले में मुजफ्फरनगर प्रीमियर लीग में भी चीयर लीडर्स बुलाने का निर्णय लिया गया है।

### श्रीराम कॉलेज ने किए राष्ट्रीय कम्पनी से एएमयू पर हस्ताक्षर

**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलिजेज, ने राष्ट्रीय स्तर की कम्पनी टाइम्स प्रो-टाईम्स एजुटेक एण्ड इवेंट लि., के साथ उद्योग-संस्थान साझेदारी के तहत सहमति ज्ञापन (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर किये। इस एम.ओ.यू. का उद्देश्य छात्रों को कैरियर परामर्श, नौकरी के अवसरों के लिये प्रशिक्षण, परियोजना सलाह, अनुसंधान एवं विकास व इण्टर्नशिप एवं अध्यापकों हेतु फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में मदद करने के अलावा पूर्णकालिक रोजगार क्षमता में वृद्धि करना है। इस अवसर पर निदेशक डॉ0 एसएन चौहान एवं टाइम्स प्रो, मुम्बई के वाइस प्रेजिडेंट श्री आषीष राव ने एमओयू पर हस्ताक्षर किये।


डॉ एससी कुलश्रेष्ठ ने कहा कि इस एम.ओ.यू. के माध्यम से छात्रों एवं शिक्षकों को प्रदान किया गया औद्योगिक प्रशिक्षण और एक्सपोजर आत्मबिश्वास में वृद्धि करेगा। ।इस समझौता ज्ञापन के समय श्री राम इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक प्रो0 एसएन चौहान ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग के सभी शिक्षकों की सराहना की एवं सभी को बधाई दी। उन्होंने बताया कि आज के औद्योगिकरण के युग में पुस्तकीय शिक्षा के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान का भी होना आवश्यक है तथा यह एमओयू इसी क्षेत्र की ओर आगे बढ़ते हुए श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इस अवसर पर इलैक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजी0 विभाग की अध्यक्ष कनुप्रिया, इलैक्ट्रिकल इंजी0 विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 अंकुर कुमार, मैकेनिकल इंजी0 विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 पवन कुमार, सिविल इंजी0 विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 फिरोज अली, इं0 रुचि राय, इं0 अंकुर कौशिक, इं0 अपेक्षा नायक एवं इं0 शिखा राठी, इं0 नितिशा त्यागी, इं0 हिमानी, इं0 विनीत त्यागी एवं इं0 शुभी वर्मा आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### री-पोस्टिंग पर आए सिपाही करा रहे हैं सट्टा

**बुढाना।** अगर सुत्रों की बात पर यकीन किया जाए तो यहां पर पहले रह चुके कुछ सिपाही अपना ट्रांसफर यहां पर दोबारा कराकर बड़े पैमाने पर सटे की खाईबाडी कराने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। बुढ़ाना कस्बे की चौकी के पीछे भी एक गली में सटे का बाकायदा स्टाल लगता है। जिसके संरक्षणदाता ये री-पोस्टिंग वाले सिपाही बताए जा रहे हैं। कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार को भी इन कांस्टेबलों पर पूरा भरोसा है लेकिन ये अपने अधिकारियों को भी बदनाम करवाने को कितना हद तक गिर जाते हैं इसकी एक बानगी कम से कम आज देखने को तो मिली। जिसमें एसपी देहात ने आज मोटा सटा पकड़ा और कई सटोरिये नाप दिए।

# अतुलित बल के स्वामी हैं बजरंग बली :नरहरी दास

**मोरना।** श्री हनुमत चरित्र चिंतन कथा के तीसरे दिन कथा व्यास नर हरिदास महाराज ने कहा कि श्री हनुमान के परम पराक्रमी सेवा मूर्ति स्वरूप से तो सभी परिचित हैं लेकिन वह ज्ञानियों में भी अग्रगण्य हैं। वह अतुलित बल के स्वामी हैं। उनके अंग वज्र के समान कठोर एवं शक्तिशाली हैं। उन्हें 'वज्रांग' नाम दिया गया जो आम बोलचाल में 'बजरंग' बन गया। बजरंग बली केवल गदाधारी महाबलि ही नहीं बल्कि विलक्षण और बहुआयामी मानसिक और प्रखर बौद्धिक गुणों के अद्भुत धनी भी हैं। राम काज अर्थात अच्छे कार्य के लिए वह सदैव तत्पर रहते थे। वह राम सेवा अर्थात सात्विक सेवा के शिखर पुरुष ही नहीं थे बल्कि अनंत आयामी व्यक्तित्व विकास का महाआकाश है।



कथा में महामंडलेश्र केशवानंद सरस्वती महाराज, महंत गीतानंद तीर्थ महाराज, स्वामी महेशानंद महाराज, स्वामी गीतानंद महाराज, प्रबंधक स्वामी आनन्द स्वरूपानन्द सरस्वती, स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती आदि के अलावा देश भर से आए अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

# योग संस्थान ने मनाया 59 वा स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय योग संस्थान का 59 वा स्थापना दिवस मनाते हुए योग क्रियाएं समझाई गई। गुरुवार को एसडी कॉलेज मार्केट में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय योग संस्थान दिल्ली के तत्वावधान में जिले की सभी शाखाओं ने एक साथ 58 वर्ष पूर्ण होने पर 59 वा स्थापना दिवस मनाया।

इस दौरान अतिथियों के रूप में राकेश कंसल, अजय कुमार सिंघल,अनिल कुमार नामदेव, विजय कुमार शर्मा, इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड से ममता तिवारी ने सर्वप्रथम भारतीय योग संस्थान संस्थापक श्रीप्रकाश लाल व मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। जिला प्रधान सुभाष चंद्र गुप्ता ने गहरे लंबे स्वांश, ओम की ध्वनि एवं गायत्री मंत्र का जाप भावार्थ सहित कराया। ज्ञान चंद्र अरोरा द्वारा सूक्ष्म क्रिया कराई गई, सरस्वती वंदना प्रमिला गिरधर एवं शिखा भारद्वाज द्वारा कराई गई, संस्थान का परिचय सुनीता सैनी जी द्वारा दिया गया, हास्य आसान सत्य प्रकाश जी एवं श्री दिनेश द्वारा कराया गया, रवि दत्त धीमान द्वारा सुंदर भजन प्रस्तुत किया गया। संजीव कुमार गोयल के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में सुभाष चंद्र गुप्ता, संजीव कुमार गोयल, प्रेम सिंह राणा, मधु गर्ग,विनय कुमार वर्मा, धर्मवीर, शशि राज ,नरेंद्र सुरेंद्र मुंजाल, राक.



ेश शर्मा, राकेश त्यागी,जियालाल, डॉ प्रमोद ,विनोद शर्मा, रतन पाल,अजय,सोनिया नारंग,रेणु तायल,अलका मौजूद रहे।

# महामाई शोभायात्रा में मंत्री कपिलदेव ने लिया आशीर्वाद

**मुजफ्फरनगर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आज श्री महामाई जी की 19वी भव्य शोभायात्रा का खटीक समाज द्वारा आयोजन किया गया।

श्री महामाई जी की शोभायात्रा चुंगी नंबर दो मुजफ्फरनगर से प्रारंभ होकर मुजफ्फरनगर शहर के मुख्य मार्ग से होकर वापस श्री महामाई जी मंदिर पर चुंगी नंबर दो पर समापन होता है वह भंडारा होता है श्री महामाई जी की शोभायात्रा में समस्त खटीक समाज व समस्त क्षेत्रवासी शहर वासी प्रसाद ग्रहण करते हैं श्री महामाई की शोभायात्रा में हमारे खटीक समाज की समस्त माताएं बहने कलश लेकर सम्मिलित होती है बहुत ही हर्ष के साथ महामाई माता के अनुयाई



सम्मिलित होते हैं महामाई की शोभायात्रा में मुख्य रूप से कमल बिल्टोरिया, डॉ0 विकास सिंह मिलवानिया, राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय खटीक समाज भारत सुधीर मिलवानिया खटीक, सुनील दर्शन, मुकेश जोहरी, प्रधान महामाई मंदिर राजीव तोमर, संजू राणा बिलटोरिया,विकास बिलटोरिया ,अमन तोमर,विजय मुंडे, गौरव मुंडे, सचिन जोहरी, मनीष मुलतानिया, डॉ0 नितिन प्रताप, शशिकांत बिलटोरिया, दीपक तोमर, प्रदीप बागोरिया, कुलदीप बागोरिया, सुनील मोघा, श्रवण मोघा आदि उपस्थित रहे।

# एसपी की सूचना पर खाईबाड़ी में हिस्ट्रीशीटर पकड़ा

## दो साथी भी हुए गिरफ्तार, हजारों की नकदी व सट्टा करने की सामग्री बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कोतवाली के एक हिस्ट्रीशीटर को उसके 2 अन्य साथियों संग बुढ़ाना पुलिस ने एक खास मुखबिर की सटीक सूचना पर गिरफ्तार करके उनके कब्जे से करीब साढ़े 41 हजार रुपये की नगदी, सटे की पर्ची, 2 डायरी, 3 पैन और 4 मोबाइल फोन बरामद किए हैं जबकि इनके 5 साथी भाग जाने में सफल रहे।

पुलिस ने फरार साथियों की भी तलाश शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार को बुढाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह को एक खास मुखबिर से खबर मिली कि बुढाना कस्बे में एक स्थान पर सटे की खाईबाडी हो रही है तो उन्होंने कोतवाल आनंद देव मिश्र के नेतृत्व में एक टीम तैयार कर बताएं स्थान पर छापामारी की तो पुलिस ने मौके पर 8 लोगों को घेरा।

जिसमें 5 लोग मौका पाकर फरार हो गये जबकि प्रदीप निवासी मोहल्ला कृष्णापुरी, राशिद उर्फ काला पुत्र शरीफ निवासी सफीपुर पटी और वंश पुत्र सत्येन्द्र निवासी ईदगाह रोड बुढ़ाना पकड़े गये।

पुलिस ने मौके से साढ़े 41 हजार रुपये की नगदी व अन्य सामान बरामद किया। पुलिस ने फरार युवकों की तलाश शुरु कर दी है।

फरार युवकों में डब्बू, बबलू और हर्ष गर्ग निवासीगण ईदगाह रोड, असलम निवासी नई बस्ती और आलीशान पुत्र इकबाल निवासी हुसैनपुर कलां बुढाना हैं। पुलिस ने तीनो को जेल भेज दिया हैं। प्रदीप ने बताया मै अपने मकान मे अपने साथियो संग सटा करवाता हूं। मुझपे पूर्व में सटे के कई मामले हैं। मै साथियों संग संगठित होकर सटा करता हूं। जिससे हम सभी लोगो को काफी लाभ मिलता है।

# कामदा एकादशी के पावन पर्व पर खाटू श्याम संकीर्तन का आयोजन

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नवनिर्माणाधीन खाटू श्याम मंदिर परिसर श्री झारखंड महादेव देवालय शिवपुरी खतौली पर चौत्र मास की कामदा एकादशी के पावन पर्व पर खाटू श्याम संकीर्तन आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि सुनील वर्मा, वंदना वर्मा जैन नगर खतौली से सपरिवार रहे। मुख्य यजमान सुनील वर्मा ने परिवार सहित बाबा की ज्योत जगाई गई। संकीर्तन मे भारी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे। भजन गायक आशु प्रणामि ने भजनों पर संकीर्तन किया तथा भजन गायक भावना रानी अलीपुर अटेरणा से खुशबू राधा सकौती ने भजन प्रस्तुत किए, प्रियांशी , विनोद कुमार,संजीव कुमार शर्मा,शशि भारद्वाज,ज्योति अरोरा , हर्ष गुप्ता, दीपक रहेजा, किशोर गोयल, अंश दीक्षित वृंदावन, दीपक योगी नटराज म्यूजिकल ग्रुप खतौली ने भजन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर बाबा की चौकी की जिम्मेदारी अनिल वर्मा ज्वेलर्स खाटू श्याम परिवार ने संभाली ,संकीर्तन में मोर छड़ी की जिम्मेदारी सुनील कुमार अलीपुर अटेरना ने संभाली।

लाइट एंड डेकोरेशन संजय गोस्वामी परिवार की तरफ से रही।जनरेटर की व्यवस्था राजेंद्र जनरेटर वालो के परिवार की तरफ से रही। फूलों की व्यवस्था गुलशन फूल भण्डार वालो के परिवार की तरफ से रही। मंच संचालन का कार्य आशु प्रणामि खतौली द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से संजीव अग्रवाल जैन मंडी खतौली संदीप अग्रवाल पीली कोठी वाले संजीव कुमार शर्मा प्रधानाचार्य अनुराग शास्त्री ,मदन छाबड़ा वरिष्ठ भाजपा नेता ,तरुण सूरी, संजय गोस्वामी सुनील दत्त शर्मा ,पंकज भटनागर पूर्व



सभासद, सुनील कुमार, सीताराम ,संजय गोस्वामी मनोज उपाध्याय, सुनील बजाज, अनिल कुमार वर्मा, लवली अरोरा, शिवम अग्रवाल,टीनू सरदार, यश छाबड़ा, अरुण वर्मा, योगेश वर्मा, संजय भार्गव,विनोद कुमार,रोहन राजपूत, विक्की, कमलेश मिश्रा, शशि भारद्वाज , ममता बजाज, उपासना अग्रवाल , प्राची अग्रवाल, ऐश्वती, शशि उपाध्याय,मुनेश देवी ,का सहयोग रहा।

# शांतिनाथ मंदिर से निकाली गई शोभा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भगवान श्री शांतिनाथ मंदिर मुनिम कालोनी मे सर्व प्रथम भगवान का अभिषेक एवं शांति धारा की गई। इस अवसर बोलियो के माध्यम से सौधर्मइन्द्र श्री विभोर जैन बने तथा यह सौभाग्य उनके परिवार को प्राप्त हुआ। श्री अखिलेश जैन एडवोकेट को कुबेर बनने का सौभाग्य मिला।

अन्य इन्द्र राहुल जैन,दीपक जैन,सुनिल जैन आदि को प्राप्त हुआ। इस मंदिर के अध्यक्ष संजय जैन ने सभी प्रात्रो का मुकुट माला तथा तिलक के माध्यम से स्वागत हुआ।अभिषेक एवं शांति धारा के बाद भगवान को पालकी में सवार कर पालकी मुनिम कालोनी, पटेल नगर,भरतिया कालोनी, होते हुए पुनः मंदिर में पहुंच कर पुनः अभीषेक कर यात्रा समाप्त हुई। जगह जगह यात्रा का स्वागत हुआ।लोगों ठन्डा,हलवा आदि



काफी सामान बांटा।यात्रा मे काफी संख्या मे पुरुष ,महिला एवं बच्चों ने भाग लिया।

जिसमे अशोक कुमार जैन,संजय जैन,अन्नू जैन,अजय जैन पूरन जैन,दीपक जैन,सुभाष जैन फोटो स्टेट,अभीषेक जैन,साधना जैन,अनिता जैन,शैला जैन,प्रमोद जैन,सुनिता जैन,वंदना जैन,सचिन बजाज, अविरल जैन,नितेश जैन, विपिन जैन आदि प्रमुख रूप से शामिल हुए।

शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मोर्निंग वॉक करते व्यक्ति को पिकअप ने मारी टक्कर, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** क्षेत्र के गांव अब्दान नगर में मॉर्निंग वॉक पर निकले गांव निवासी सुरेंद्र पुत्र कबूल 35 वर्ष को पिकअप गाड़ी ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से व्यक्ति गंभीर घायल हो गया। परिजनों ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। दोपहर बाद गमगीन माहौल में मृतक व्यक्ति का गांव के शमशान घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया।





बृहस्पतिवार को क्षेत्र के गांव अब्दान नगर निवासी सुरेंद्र पुत्र कबूल 35 वर्ष सुबह के समय मॉर्निंग वॉक के लिए निकला हुआ था। परिजनों ने बताया कि वह जब वह टोडा मार्ग की तरफ जा रहा था तो सामने से आई तेज रफ्तार अज्ञात पिकअप उसे टक्कर मार कर फरार हो गया। जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया। राहगीरों द्वारा परिजनों को सूचना दी गई, जिसके बाद परिजनों ने घायल व्यक्ति को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। व्यक्ति की मौत की सूचना पर परिजनों में हाहाकार मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पीएम के लिए भिजवाया। दोपहर बाद गांव के शमशान घाट पर मृतक व्यक्ति का अंतिम संस्कार किया गया। मृतक व्यक्ति गांव में ही टेलर मास्टर का कार्य करता था। वह पत्नी सहित दो पुत्र तथा एक पुत्री को रोता बिलखता छोड़ गया है।

## भाजपा नेता ने प्रधानपति व उसके भाई पर लगाया जानलेवा हमले का आरोप

**कैराना।** क्षेत्र के गांव दभेड़ी खुर्द निवासी एवं भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिला महामंत्री मुंशाद अली चौहान ने कोतवाली पुलिस को एक शिकायती-पत्र दिया है। बताया कि गुरुवार दोपहर करीब दो बजे वह कस्बे के पालिका बारातघर में आयोजित शादी समारोह में शामिल होकर बाइक से गांव वापिस जा रहा था। जैसे ही वह कस्बे के खुरगान बाईपास के निकट पहुंचा, तभी गांव के प्रधानपति, उसके भाई, एक अन्य तथा तीन अज्ञात लोगों ने उसे रोक लिया तथा गाली-गलौच व मारपीट करते हुए उसके ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी तमंचों व पिस्टल से लैस थे। आरोप है कि आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से उस पर गोली चला दी, जिसमें वह बाल-बाल बच गया। शोर-शराबा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। वहीं, शिकायती-पत्र में बताया गया है कि आरोपी प्रधानपति के विरुद्ध दिल्ली, हरियाणा व उत्तर-प्रदेश के विभिन्न थानों में दो दर्जन से अधिक मुकदमें दर्ज है। आरोपी के विरुद्ध कोतवाली पुलिस ने वर्ष-2021 में गैंगस्टर एक्ट की धारा-2/3 के तहत कार्यवाही की थी, जिसके तहत प्रशासन ने आरोपी प्रधानपति की संपत्ति कुर्क कर ली थी। आरोपी ने कुर्क हुई कृषि भूमि पर फसल बो रखी थी, जिसे स्थानीय प्रशासन ने विगत 3 अप्रैल को मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर उसके द्वारा की गई शिकायत के बाद खुर्द-बुर्द करा दिया था। आरोप है कि प्रशासन की इसी कार्यवाही के चलते आरोपी प्रधानपति उससे रंजिश रखता है। उधर, पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## हमले के आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर नोटिस चस्पा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव भनेड़ा उद्दा में पूर्व फौजी देवेंद्र सिंह के छोटे भाई पर हुए जानलेवा हमले के मामले में अब तक फरार चल रहे पांच आरोपियों की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। गुरुवार की शाम को भवन पुलिस द्वारा फरार आरोपियों के घर पर नोटिस चस्पा कर उनकी फरारी की जानकारी दी और शीघ्र गिरफ्तारी की चेतावनी दी।गौरतलब है कि गांव के ही कुछ दबंग और हिंसक प्रवृत्ति के पांच लोगों हिमांशु, दीपांशु, सीमांत, शिवकुमार और उदय सिंह ने रंजिशन पूर्व फौजी के छोटे भाई परमवीर पर जानलेवा हमला कर दिया था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद थानाभवन सीएचसी के डॉक्टरों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया था जिसका उपचार अभी भी जारी है। उक्त भयावह घटनाक्रम के संबंध में थाना थानाभवन पर गंभीर धाराओं 115 (2), 191 (2), 351 (2), 352 और 109 बीएनएस में मुकदमा पंजीकृत है। फरार आरोपियों के खिलाफ अब गैर जमानती वारंट जारी किए जा चुके हैं। पूर्व फौजी देवेंद्र सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक शामली और डीआईजी सहारनपुर कार्यालय पर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतू प्रार्थनापत्र दिया गया था।भवन पुलिस का कहना है कि आरोपियों को पकड़ने के लिए दबिश निरंतर जारी है और शीघ्र ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# भारतीय योग संस्थान का 59वां स्थापना दिवस मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गुरुवार को कस्बे की टीचर्स कॉलोनी में स्थित दानवीर कर्ण कॉन्वेंट स्कूल परिसर में भारतीय योग संस्थान का 59वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान ग्राम झाड़खेड़ी से आए पुराने साधक व शिक्षक ऋषिपाल ने साधकों को सूक्ष्म क्रियाएं करवाई। इसके पश्चात, कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे डीके कॉन्वेंट स्कूल के निदेशक राजकुमार सेन व साधकों द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती की तस्वीर के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस दौरान सभी साधको ने भारतीय योग संस्थान के संस्थापक प्रकाशलाल को पुष्पांजलि अर्पित की।



संजय राजवंशी ने ओम की ध्वनि व गायत्री मंत्र के द्वारा योग कक्षा का प्रारम्भ किया। वीरेंद्र सैनी, घनश्याम, मांगेराम, अमित सैनी, मनीष कंसल उर्फ विक्की, दीपक वर्मा व राहुल गर्ग ने संस्थान द्वारा अनुमोदित यौगिक क्रियाएं करवाई। संजय राजवंशी ने ध्यान क्रिया में ही भारतीय योग संस्थान पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। भारतीय योग संस्थान के संस्थापक स्वर्गीय प्रकाशलाल व स्वर्गीय जवाहरलाल को याद करते हुए नमन किया गया। वहीं, मुख्यातिथि राजकुमार सेन ने योग की महत्ता को बताया। उन्होंने योग को जन-जन तक पहुंचाने का आहवान किया। इस अवसर पर अमित सैनी, वीरेंद्र, घनश्याम, मांगेराम, विक्की, दीपक, राहुल आदि का पूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन संजय राजवंशी ने किया।

## धर्मेंद्र सिंह को मिला कैराना कोतवाली का चार्ज, बिजेन्द्र सिंह रावत बने थानाभवन प्रभारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** एसपी शामली रामसेवक गौतम ने जनपद में कई थाना प्रभारियों एवं निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया है। उन्होंने कैराना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बिजेन्द्र सिंह रावत को थानाभवन थानाध्यक्ष नियुक्त किया है, जबकि थानाभवन थाने की कमान संभाल रहे इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह कसाना को शामली सिटी कोतवाली की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, सिटी कोतवाली प्रभारी समयपाल अत्री को एसओजी प्रभारी बनाया गया है, जबकि डीटीयू प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह को कैराना कोतवाली का नया प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है। इंस्पेक्टर संजीव भटनागर को साइबर क्राइम थाना प्रभारी से साइबर सेलध्डीटीयू का जिम्मा सौंपा गया है, जबकि महिला निरीक्षक सीमा शर्मा को क्राइम थाना प्रभारी बनाया गया है। कैराना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बनाए गए इंस्पेक्टर धर्मेन्द्र सिंह के लिए कैराना में अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था को बरकरार रखना किसी चुनौती से कम नही है। स्थानांतरित किए गए इंस्पेक्टर बिजेन्द्र सिंह रावत विगत सात माह से कैराना कोतवाली की कमान संभाले हुए थे।



कोतवाल धर्मेन्द्र सिंह

## गांव कण्डेला में संचारी रोगों से बचाव को कराया छिड़काव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** ग्राम पंचायत द्वारा संचारी रोगों से बचाव हेतु गांव कण्डेला में विशेष अभियान चलाकर जीवाणुरोधी छिड़काव कराया गया। इस दौरान स्प्रे टैंक से गांव की गलियों को सैनिटाइज किया गया।

ब्लॉक प्रशासन संचारी रोगों से बचाव हेतु गम्भीर नजर आ रहा है, जिसके चलते क्षेत्र के गांव कण्डेला में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सूरज चौहान द्वारा जीवाणुरोधी छिड़काव कराया गया। इस दौरान स्प्रे टैंक से गांव की गलियों में घूम-घूमकर छिड़काव कराया गया। वहीं, ग्राम पंचायत सचिव राहुल पंवार ने बताया कि संचारी रोगों से बचाव के लिए गांव कण्डेला में छिड़काव कराया गया है। इस दौरान प्रभावशाली कीटनाशक का छिड़काव कराया गया है। संचारी रोगों से बचाव हेतु अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा।



## तीन थाना प्रभारियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरूवार को पुलिस अधीक्षक रामसेवक गौतम ने कानून व्यावस्था को और प्रभावी ढंग से चुस्त दुरुस्त किए जाने के लिए तीन थाना प्रभारियों के कार्य क्षेत्रों में बदलाव किया है। जहां शामली कोतवाली प्रभारी के पद पर तैनात समयपाल अत्री को एसओजी प्रभारी के पद पर अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है।

वही थानाभवन प्रभारी विरेन्द्र कसाना को शामली कोतवाली व कैराना के कोतवाली प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह को थानाभवन प्रभारी बनाया गया है। जबकि कैराना कोतवाली प्रभारी की जिम्मेदारी बिजेन्द्र सिंह रावत को दी गई है। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारियों के फेर बदल किए जाने से जिले में कानून व्यावस्था और दुरूस्त होगी।

# युवक को पीटने का वीडियो वायरल, कोई कार्रवाई नहीं हुई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नाइनगला जाटान गांव में होली से एक दिन पहले हुई एक अमानवीय घटना ने कानून व्यवस्था और पुलिस की कार्यप्रणाली पर गहरे सवाल खड़े कर दिए हैं। एक युवक की सरेआम बेरहमी से पिटाई की गई, जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि एक युवक कैसे दूसरे को बुरी तरह पीट रहा है, लेकिन हैरानी की बात ए है कि अब तक चौसाना पुलिस की नींद नहीं खुली।

इस दिल दहला देने वाले वीडियो के वायरल होने के बावजूद भी चौसाना पुलिस की तरफ से कोई ठोस कार्रवाई न होना बेहद चिंता. जनक है।

पीड़ित युवक प्रविन्दर आज भी न्याय के लिए दर-दर भटक रहा है। न गांव की पंचायत ने कुछ किया, न चौसाना पुलिस ने। पीड़ित की हालत और भावनात्मक स्थिति किसी से छुपी नहीं, लेकिन प्रशासनिक मशीन. री को जैसे कोई फर्क ही नहीं पड़ता।

पीड़ित युवक प्रविन्दर का कहना है कि आरोपी उसे लगातार धमका रहा है। उसका साफ कहना है, मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। आरा. पी खुलेआम गांव में घूम रहा है और पीड़ित को डराने-धमकाने में जुटा है। इससे प्रविन्दर और उसका परिवार पूरी तरह दहशत में है।

वहीं चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह का कहना है कि पुलिस को मामले की जानकारी है और आरोपी के घर पर कई बार दबिश दी गई, लेकिन वह हर बार फरार मिला।

जब भी आरोपी मिलेगा, कार्रवाई की जाएगी। पूरा गांव इस घटना से आक्रोशित है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर वीडियो जैसे साक्ष्य के बावजूद आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो सकती, तो फिर आम आदमी किससे उम्मीद रखे? यह मामला न सिर्फ पीड़ित प्रविन्दर का है, बल्कि उन तमाम लोगों का है जो आज भी कानून से न्याय की आस में रहे हैं।

# डा. हैनिमैन की प्रतिमा पर किए श्रद्धासुमन अर्पित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आज अंतर्राष्ट्रीय होम्योपैथिक दिवस के उपलक्ष्य में शामली में राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय नागल पर डा हैनिमैन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि ग्राम प्रधान सत्येन्द्र पूर्व ब्लाक प्रमुख जसबीर सिंह एवं उपस्थित जनसमूह ने डॉक्टर हैनिमैन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तत्पश्चात स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।



जिसमें सभी प्रकार की औषधीय का निशुल्क वितरण किया गया एवं जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी दो विधु शेखर मलिक के द्वारा होम्योपैथिक विद्या के जन्मदाता डॉक्टर हैनिमैन के जीवन पर प्रकाश डाला गया एवं डा हैनिमैन के द्वारा बताए मार्ग पर चलने पर जोर दिया गया एवं जनता को पूर्ण एवं आरोग्य स्वस्थ जीवन के संबंध में आम जन को अवगत कराया गया इसी के साथ-साथ सभी चिकित्सा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को होम्योपैथिक जगत के प्रचार प्रसार हेतु जनमानस के बीच जाकर गोष्टी करना एवं अपनी विद्या के बारे में आमजन को बताना जिससे कि ऐसा अध्याय रोगों को का निदान करने में सहयोग प्राप्त हो सके।

## धर्म के मार्ग पर चलने वाला रहता है सुखीः महाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** बाला जन्मोत्सव से पूर्व बाला धाम मे आयोजित बैठक मे आचार्य रामानुज शास्त्री ने कहा धर्म के मार्ग पर चलने वाला इस जन्म और इस लोक मे सुखः प्राप्त करता है परलोक मे भी सुखः प्राप्त करता है और अगले जन्म मे भी सुखः प्राप्त करता है अधर्म पर चलने वाला क्षणिक सुखः पाता है इस लोक परलोक और अगले जन्म तक कष्टो को भोगता है।

जीवन मे निरन्तर नेक काम करते रहे कोई आपका सम्मान करे या ना करे आपकी आतंरात्मा सदा आपको सम्मान देगी और इससे बड़ा सुखः जीवन मे और कुछ नही है कुछ लोग आपसे इसलिए भी नफरत करने लगते है। आपकी सही और सच्ची बातें उन्हे कडवी लगती है सुर्य बोलता नही उसका प्रकाश परिचय देता है ठीक उसी प्रकार आप अपने बारे मे कुछ न बोले अच्छे कर्म करते रहे वही आपका परिचय होगा।

तुम दुनिया के उन खुशनसीब लोगों मे से हो जिनके पास आपके सतकर्मों का साथ होगा बैठक में बाला जन्मोत्सव भव्य बनाने, धार्मिक अनुष्ठान व शोभायात्रा, निकालने का निर्णय लिया गया इस अवसर पर देव तायल सुरज तायल ईलू अग्रवाल अमन काम्बोज वंश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# भाजपाइयों के दिलों में राष्ट्र प्रथम की भावनाः सुरेश राणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** भाजपा की यात्रा राष्ट्रवाद की यात्रा है इस महत्वपूर्ण यात्रा मे लाखो करोडो समर्पित कार्यकर्ताओ ने अपना-2 योगदान दिया है इसीलिए भाजपा कार्यकर्ताओ के लिए राष्ट्र प्रथम है।





उक्त विचार पूर्व केबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने नगर पंचायत थानाभवन के सभागार मे भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ताओ के सम्मेलन मे व्यक्त किए। उन्होने कहा भाजपा के प्रारम्भ से लेकर वर्तमान तक की यात्रा त्याग बलिदान व समर्पण से परिपूर्ण है। लाखो करोडो कार्यकर्ताओ ने राष्ट्र प्रथम की भावना दिल मे लिए देश हित के लिए कार्य किया है। देश की अखंडता के लिए श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दिया व पं0 दीन दयाल उपाध्याय ने पार्टी को सशक्त बनाने के लिए पूर्ण समर्पण भाव से कार्य करते हुए अन्त्योदय की बात पर बल दिया देश की एकता अखंडता के साथ-2 भाजपा कार्यकर्ताओ ने पूरे देश मे सामाजिक समरसता के लिए कार्य किया सुन्दर सिंह भंडारी, अटल बिहारी वाजपेई, लालकृष्ण आडवानी सहित अनेक ऐसे महापुरूष है जिन्होने भाजपा को आगे बढाने मे अपना सब कुछ लगा दिया वर्तमान मे यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व मे देश चहुमुखी विकास कर रहा है। रक्षा, कृषि, सडक निर्माण, विज्ञान के क्षेत्र के साथ-2 अन्य क्षेत्रो मे भी नए-नए कीर्तिमान बन रहे है। विश्व मे मोदी के कारण भारत का सम्मान बढा है।

मोदी के कारण ही कश्मीर से धारा 370 हटी और अयोध्या मे रामचन्द्र का भव्य मंदिर बना है। उत्तर प्रदेश मे भी योगी के नेतृत्व मे विकास के साथ अध्यात्म का परचम लहरा रहा है। कुंभ मे करोडो लोगो ने स्नान किया यह अपने आप मे विलक्षण है। कानून व्यवस्था दूसरे प्रदेशो को भी प्रेरणा दे रही है। आज भाजपा 2 सीट से बढकर देश सहित कई प्रदेशो मे सत्तारूढ़ है इसके लिए देश के लाखो करोडो कार्यकर्ताओ का समर्पण व मेहनत है। सम्मेलन मे भाजपा के वरिष्ठ नेता चौद्दहरबीर मलिक ने भाजपा की यात्रा व मोदी सरकार की उपलब्धियो की जानकारी भी विस्तार से दी। सम्मेलन मे पूर्व कैबीनेट मंत्री सुरेश राणा ने नवनिर्वाचित मण्डल अध्यक्षो पंद्रपवन गौतम, चक्रेश राणा, रीनू सिरोही, रिषीपाल फौजी सहित पूर्व मंण्डल अध्यक्षो व उपस्थित सभी सक्रिय सदस्यो का अभिनन्दन किया। सम्मेलन मे भाजपा जिलामंत्री पंकज राणा, महिला जिलाध्यक्ष कुसुम लता पाल, गन्ना समिति के चेयरमैन राकेश राणा, सहकारी संघ के चेयरमैन महेश गोयल, चौद्द राजेन्द्र सिंह, आनन्द पुण्डीर, ठाद्द सोमवीर सिंह, रविन्द्र गोयल, आशीष सिंघल, प्रेमचन्द, दीपक लाम्बा, पूर्व चेयरमैन संजय शर्मा, धीरज नारंग, ब्रिजेश बाल्मिकी, उमेश सैनी, सुरेश पाल आदि सैकडो सक्रिय कार्यकर्ताओ ने भाग लिया।

## एक नजर

### गोकशी में हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त गिरफ्तार

**शामली।** देर रात्रि में थाना क्षेत्रान्तर्गत जमालपुर नंगला वाले मोड के पास आम के बाग में गो तस्करों द्वारा गो कशी की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना पर थाना आदर्शमंडी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए दबिश दी गई थी, जिसमें 2 गो तस्कर फरार हो गए थे, मौके से पशु काटने के उपकरण व 1 जिंदा बछड़ा बरामद हुआ था। जिसके सम्बन्ध में थाना आदर्शमंडी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा टीमों का गठन किया गया था। गोकशी की रोकथाम एवं गौतस्करो के विरुद्ध कार्यवाही हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना आदर्शमंडी पुलिस द्वारा देर रात्रि में थाना क्षेत्रान्तर्गत जमालपुर नंगला वाले मोड के पास आम के बाग में हुई घटना में वांछित गौ तस्कर की तलाश में दबिश दी गई, जिसमें गौ तस्कर द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से हमला किया गया। उपरोक्त दोनों घटनओं में वांछित एक हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त को जंगल ग्राम जलालपुर में आम के बाग के पास स्थित टड्‌वैल के पास से गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । जिसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर मय 1 जिंदा व 1 खोखा कारतूस बरामद हुआ है। अभियुक्त भूरा पुत्र इकराम निवासी मौहल्ला हकीकत नगर कस्बा बनत थाना आदर्शमंडी जनपद शामली है।

### एक एनबीडब्ल्यू गिरफ्तार

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना बाबरी पुलिस द्वारा वांछित वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 1 एनबीडब्ल्यू वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त मोमीन पुत्र नसीर निवासी ग्राम बुटराडा थाना बाबरी जनपद शामली है।

### दस अभियुक्तों को कारावास की सजा

**शामली।** 1. वर्ष 2010 में अभियुक्त पवन पुत्र जयपाल सिंह निवासी खानपुर कला थाना झिंझाना जनपद शामली के विरुद्ध थाना झिंझाना पर मुकदमा आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया था। न्यायालय सीजे/जेडी/जेएम कैराना शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को जेल में बिताई गई अवधि की सजा व 1500/- रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है । अर्थदण्ड अदा न करने पर 07 दिवस अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

2. वर्ष 2007 में अभियुक्त हरमेश कुमार पुत्र हजूरीराम निवासी नान. वाला थाना नालागढ़ जनपद सोलन हिमाचल प्रदेश के विरुद्ध थाना झिंझाना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। न्यायालय सीजे/जेडी/जेएम कैराना शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को उपरोक्त धाराओं में जेल में बिताई गई अवधि की सजा व कुल 2000/- रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है । अर्थदण्ड अदा न करने पर 5 दिवस अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

3. वर्ष 2009 में अभियुक्त संजीव पुत्र विरमपाल निवासी कस्बा ऊन थाना झिंझाना जनपद शामली के विरुद्ध थाना झिंझाना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। न्यायालय सीजे/जेडी/जेएम कैराना शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को उपरोक्त धाराओं में जेल में बिताई गई अवधि की सजा व कुल 1000/-रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर 07 दिवस अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

4. वर्ष 2016 में अभियुक्त सनव्वर पुत्र इकबाल निवासी निरपड़ा थाना दोघट जनपद बागपत के विरुद्ध थाना कोतवाली शामली पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। न्यायालय एसीजेएम कैराना शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को उपरोक्त धाराओं में जेल में बिताई गई अवधि की सजा व कुल 1000/- रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है । अर्थदण्ड अदा न करने पर 6 दिवस अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

5. वर्ष 2006 में अभियुक्त विकास पुत्र जयपाल निवासी मौहल्ला बड़ीमाता थाना कोतवाली शामली के विरुद्ध थाना कैराना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। न्यायालय सीजेएसडी एसीजेएम कैराना शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को उपरोक्त धाराओं में जेल में बिताई गई अवधि की सजा व कुल 2000/-रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है । अर्थदण्ड अदा न करने पर 7 दिवस अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा अभियुक्त जवाहर सिंह पुत्र जिले सिंह निवासी राझड़ थाना गढीपुख्ता जनपद शामली, अभियुक्त अलीजान पुत्र मुंशी निवासी गथीराम कालोनी थाना थानाभवन जनपद शामली, अभियुक्त जवाहर सिंह पुत्र जिले सिंह निवासी राझड़ थाना गढीपुख्ता जनपद शामली, अभियुक्त अरशद पुत्र बन्दा निवासी गढी अब्दुला थाना गढीपुख्ता जनपद शामली, अभियुक्त गुलजार सिंह पुत्र सतनाम सिंह उर्फ सत्ता निवासी डेरा जैनपुर मुजफ्फरनगर को कारावास की सजा सुनाई है।

### वृद्ध को ट्रक ने मारी टक्कर, गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** मेरठ करनाल हाईवे स्थित गुरुद्वारे के निकट अज्ञात ट्रक ने वृद्ध को टक्कर मार दी, जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे राहगीरों तथा पुलिस ने नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर वृद्ध की हालत नाजुक बनी हुई है।

बृहस्पतिवार की शाम सूरजभान पुत्र प्रभु निवासी शीतल गाड़ी अपने किसी निजी काम झिंझाना आया था। वापिस लौटते समय मेरठ करनाल हाईवे स्थित गुरुद्वारा के पास कचरे से भरे ट्रक ने वृद्ध की बाइक में पीछे से टक्कर मारकर फरार हो गया। टक्कर लगने से वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी, जिस पर पुलिस ने गंभीर हालत में पड़े वृद्ध व्यक्ति को नजदीकी प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया। घायल व्यक्ति के परिजनों को सूचना दे दी गई है। परिजनों ने बताया कि घायल व्यक्ति हरियाणा के एक पेट्रोल पंप पर कार्यरत है।

### व्यापार मंडल ने 5 हजार नए आजीवन सदस्य बनाने का लक्ष्य सुनिश्चित किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने शहर के सुभाष चौक स्थित प्रांतीय मुख्यालय पर व्यापारियों एवं पदाधिकारीयों को प्रदेश भर के सभी जिलों में 5 हजार नए आजीवन सदस्य बना कर व्यापारियों को संगठन से जोड़ने का लक्ष्य दिया। उन्होने आहवान किया कि हर जिले से कम से कम 200 आजीवन सदस्य बनाए जाएंगे। उन्होंने हर जिले से 200 आजीवन सदस्य बनाकर संगठन से जोड़ने का जिम्मा वर्तमान जिला अध्यक्षों को सौंपा है। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष व जिले के अन्य पदाधिकारियों को उस जिले के सभी स्तर के पदा. धिकारी सहयोग संख्या में आजीवन सदस्य बना सके। बैठक में सुभाष चंद्र धीमान, रवि संगल, राजेश संगल, महेश धीमान, ऋषभ जैन, वैभव गोयल, मनोज मित्तल, शिवांग गर्ग आदि मौजूद रहे।

# फौजी का गोली लगा शव मिलने से सनसनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** थाना क्षेत्र के एक गांव में एक फौजी युवक का गोली लगा शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजकर आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

गुरुवार को थाना क्षेत्र के गांव मुंडी खेड़ी में एक 25 वर्षीय युवक का गोली लगा शव मिला है। शव के सीने पर गोली का निशान है। मृतक युवक की पहचान गांव के ही विक्रांत पुत्र राजेन्द्र के रूप में हुई है। विक्रांत सेना में जवान था। जो जम्मूतवी में तैनात था। चार दिन पहले ही वह छुट्टी लेकर घर आया था। परिवार के लोगों ने बताया कि बुधवार देर शाम विक्रांत घर से खाना खाकर निकला था, लेकिन रात भर घर नहीं लौटा। गुरुवार सुबह जब ग्रामीण अपने खेतों की ओर गए तो चकरोड पर विक्रांत का शव पड़ा मिला। घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर संजीव कुमार पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। एसएसपी रोहित सिंह सजवान ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया।और फॉरेंसिक टीम को जांच के लिए बुलाया। टीम ने मौके से कई अहम सबूत जुटाए हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज कर जांच शुरू कर दी है। विक्रांत की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की हर एंगल से जांच पड़ताल कर रही है। घटना के बारे में एसएसपी रोहित सिंह सजवान ने बताया कि प्रथम द्रष्टया विक्रांत की गोली लगने से मौत होना प्रतीत हो रहा है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। पीड़ित परिवार की तहरीर के आधार पर दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।



## गडढे में गिरी कार

**तल्हेडी बुजुर्ग।** साखन कला के निकट हाईवे पर चल रही कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गढ्ढे में जा गिरी।

सीताराम पुत्र तेल्लीराम निवासी मानकमऊ अपनी पत्नी मिथलेश के साथ कार में सवार होकर देवबंद से सहारनपुर जा रहे थे जैसे ही वह तल्हेडी बुजुर्ग क्षेत्र के गांव साखन कला के निकट बनी जैन शिकंजी के समीप पहुंचे तो कार अचानक अनियंत्रित होकर बेकाबू हो गई और हाईवे किनारे गढ्ढे में जा गिरी। अचानक हुए हादसे में कार सवार दम्पति गम्भीर रूप से घायल हो गई। हाईवे पर हुई घटना को देखकर वहां से गुजर रहे राहगीरों ने घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। जिसकी सूचना मिलते ही तल्हेडी पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और मामले की छानबीन कर घायल दम्पति को उपचार के लिए देवबंद सीएचसी भिजवा दिया। पुलिस का कहना है कि कार अनियंत्रित होने से घटना घटी हैं।

# भाषण प्रतियोगिता में प्रितपाल प्रथम

**नागल।** भीमराव अंबेडकर जंयती के उपलक्ष मे इंद्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे प्रितपाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर वैशाली ने विकसित भारत पर अपने विचार रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प 2047 विकसित भारत के बारे में विस्तार से बताया। वर्षा ने संविधान को टेक्नोलॉजी से जोड़ते हुए उसके उपयोग के बारे में बताया। मदीहा ने डॉ भीमराव अंबेडकर के संविधान बनाने में योगदान पर प्रकाश डाला। अल्फसा ने एक कविता के माध्यम से डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन व विकसित भारत की संकल्पना पर प्रकाश डाला।

संस्था की निदेशक डॉ अंजू वालिया ने कहा की डॉ भीमराव अंबेडकर ने महिला सशक्तिकरण तथा पिछड़े समुदाय के विकास के लिए कार्य किया। उन्होंने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर ने संविधान लिखकर सभी को समान रूप से जीने का हक दिया हम जो आज समान रूप से रह रहे हैं। संस्था उपनिदेशक आशुतोष गुप्ता ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती को समाज में समानता, न्याय और स्वतंत्रता प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रितपाल। द्वितीय स्थान वैशाली व महक मालिक तथा तृतीय स्थान विभा व अल्फसा ने प्राप्त किया। विजेता छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन मीनाक्षी व नेहा शर्मा ने किया।

मुख्य रूप से डा कमल कृष्ण, उदित चौहान, डा नेहा त्यागी अश्विनी कुमार,भारती आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# विद्यार्थियों को वितरित किए मेडल व प्रमाण पत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** लिटिल चिल्ड्रन फन प्ले स्कूल, फतेहपुर भादों में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में प्रधानाचार्या कविता अरोड़ा ने शैक्षिक, सांस्कृतिक और अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।

प्रधानाचार्या ने बच्चों की मेहनत की तारीफ की और उन्हें नए सत्र में भी बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों को इस बार पुरस्कार नहीं मिला, वे हौसला रखें और लगातार प्रयास करें। साथ ही, सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

प्राइमरी और जूनियर सेक्शन में काव्या, मनस, अभी, पुरु, शौर्य, नक्षत्रा, दीक्षिका, अयांश, प्रिंस, शिवांक, रुद्र, आरवी, धैर्य, अनिक, अर्णव, सृष्टि, प्रियंका, मनवीर, अश्वी, सनाया, परी, देवांश, आस्था, हबीबुल्ला, इशानी, भव्या, जेसिका, ओजस्वी, अन्वी, अवनी, नंदिनी, हरिकेशव, मनमीत, आयुष, अक्षित, यशस्वी, रेयान, प्रियांशी, देव, अविश, प्रद्युम्न, गुरमीत, अभिनव, भूमिका, लवीश, रवीश, विक्रांत, अपूर्वा ने पुरस्कार जीते।

## संस्था को मिला अवार्ड

**गंगोह।** मानसी अभिनय गुरुकुल सहारनपुर द्वारा उत्कृष्ट कार्यो के लिए जय हिंद सामाजिक संस्था को रंग श्री अवार्ड से सम्मानित किया गया।

सहारनपुर में आयोजित कार्यक्रम में जय हिंद सामाजिक संस्था को 138 रक्तदान शिविर, भोजन सेवा, मोतियाबिंद आंखों के ऑपरेशन, मेडिकल शिविर कार्यो को लेकर रंग श्री अवार्ड दिया गया। सम्मान मानसी अभिनय गुरुकुल के अध्यक्ष के के गर्ग, निर्देशक योगेश पंवार, मंच संचालक आदित्य शर्मा, प्रसिद्ध यूटूबर शानू सिद्दीकी हफिजी अफलातून द्वारा उमंग शर्मा, रविकांत सैनी, दिनेश सैनी को सौंपा गया। संस्था को मिले सम्मान पर मीटिंग में निशान्त मोंगस, रजत गोयल, हिमांशु, शुभम, रुपाली अग्रवाल, अंजली गर्ग, निधि, कनिका, प्रिया, प्रतीक, नितिन आदि ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी।

# अखिलेश पर टिप्पणी का जताया विरोध

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर दिल्ली की मुख्यमंत्री द्वारा की गई टिप्पणी के विरोध में समाजवादी महिला सभा कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

सपा महिला सभा की प्रदेश सचिव सुरैया खान ने बताया कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा अमर्यादित टिप्पणी की गई है जिससे सपा कार्यकर्ता आक्रोशित है। अखिलेश यादव की पीडीए में बढ़ती लोकप्रियता से भाजपा नेता अपना मानसिक संतुलन को बैठे हैं तथा अनाप-शनाप बयान बाजी कर रहे हैं। महानगर अध्यक्ष गुलशन खान ने कहा कि पूरा देश भ्रष्टाचार, महंगाई बेरोजगारी से तंग है हम तो प्रदेश की कानून व्यवस्था को ध्वस्त बताते थे अब तो सुप्रीम कोर्ट भी इस बात की तसदीक कर रहा है। अनुसूचित जाति की राष्ट्रीय सचिव मंजू रानी ने कहा कि भाजपा में ना लोकतांत्रिक संस्कार बचे हैं ना मर्यादा। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से दिल्ली की सरकार को बर्खास्त किया जाने की मांग की।

इस मौके पर सपा के प्रदेश सचिव इसरार चौधरी करम सिंह गुलशन अंसारी, काजल खान भी मौजूद रहे।



# दर्जनभर बदमाशों ने लाठी डंडों से बोला हमला

**अंबेहटा।** बुधवार को कस्बे के मोहल्ला किला स्थित घास मशीन पर शाम करीब 8 बजे दर्जनभर बदमाशों ने मिलकर घास मशीन विक्रेता पर लाठी डंडों से हमला बोल दिया। जिसमे घास मशीन विक्रेता गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

बुधवार को दानिश पुत्र सलीम निवासी मोहल्ला किला ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया बुधवार शाम करीब 8:00 बजे वह अपनी घास मशीन पर अकेला बैठा हुआ था। तभी आहद पुत्र जिंदाहसन व मुल्ला उर्फ रहीम पुत्र हांडा उर्फ खालिद निवासी मोहल्ला किला व सलमान पुत्र सुलेमान निवासी मोहल्ला गाडान कस्बा अंबेहटा ने अपने एक दर्जन के करीब साथियों के साथ मिलकर घास मशीन पर आए और मेरे साथ गाली गलौज करने लगे। मैं इसका विरोध करने लगा और इसके बाबत बताने के लिए अपने घर पर पहुंचा। तो सभी लोग मेरे घर मे घुस गये। घर मे घुसकर मेरी माता अफसाना के साथ बदतमीजी करने लगे और उसके कपड़े फाड़ दिए। मेरे विरोध करने पर उन्होंने मेरे साथ गाली ग्लोज करते हुए मारपीट शुरू दी और मेरे ऊपर हमला बोल दिया। शोर सुनकर मोके पर अन्य लोगों के आने से वह मेरे घर से मुझे जान से मारने की धमकी देकर मोके फरार हो गये। बतादे कि आहाद पुत्र जिन्दाहसन कुख्यात किस्म का अपराधी है जो इससे पूर्व लूट,गैंगस्टर जैसी गंभीर धाराओं मे जेल जा चुका है। सरेशाम घटि घटना से क्षेत्र वासियो मे भय का माहौल है। घटना के सम्बन्ध मे अंबेहटा चौकी प्रभारी सिंह ने बताया तहरीर प्राप्त कर एफआईआर दर्ज कर ली गयी है। अभियुक्तों की तलाश जारी है।

# बोर्ड बैठक में सभासदों का बहिष्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** नगर पंचायत के कई सभासदों ने पंचायत कार्यालय में आयोजित बोर्ड बैठक का बहिष्कार किया है। सभासदों ने पंचायत ईओ राजीव कुमार द्वारा नगर पंचायत में होने वाले विकास कार्यों के विषय मे उन्हें गोलमोल जानकारी देने का आरोप लगाया है।

पंचायत बोर्ड मीटिंग का बहिष्कार कर रहे सभासदों ने यह भी आरोप लगाया है कि ईओ द्वारा बोर्ड प्रस्तावों में अब सभासदों की कोई वैल्यू नहीं होने की बात कहते हुए ईओ व चेयरपर्सन के हस्ताक्षर द्वारा प्रस्ताव पारित कर लिए जाने की बात कही है। इसी कारण सभासदों ने बोर्ड बैठक का बहिष्कार करते हुए इस विषय मे उच्च अधिकारी व प्रदेश के मुख्यमंत्री से शिकायत करने की बात कही है। सभासदों का आरोप था कि वार्ड नं 08 की सभासद ममता जैन ने नगर पंचायत मीटिंग में हुय कार्यो की जानकारी जानना चाही तो नगर पंचायत ईओ राजीव कुमार ने गोलमोल जानकारी कर दी। वहीं उन्होंने गौशाला में गायों को सड़ा हुआ चारा खिलाने से गांय के बछड़ो व बछड़ी की मृत्यु के विषय मे भी सवाल किए।

सभासदों का कहना था कि वह अपना अपमान वह सहन नही करेंगे। जल्द ही वह प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने के लिए एक टीम बनाएंगे। उसके पहले डीएम व एडीएम से मिलने के लिए योजना बनाई जाएगी। उनका कहना था डीएम को अवगत कराया जाएगा कि किस प्रकार से नगर पंचायत की सरकारी जमीनों व तालाबो पर कब्जे करवाये जा रहे है। बोर्ड बैठक में आज सभी सभासद अपनी उपस्थिति मात्र दर्ज कर बाहर आ गए थे। बहिष्कार करने वालों में वार्ड 08 से सभासद ममता जैन, वार्ड 03 से सभासद बबली, वार्ड 10 से सभासद फरा अंजुम, वार्ड 11 से सभासद नसरीन, वार्ड 13 से सभासद मो. अमजद, वार्ड नम्बर 12 से सभासद मो.इनाम, वार्ड 5 से सभासद अनुपम जैन, वार्ड 6 से सभासद मो.अहसान आदि मौजूद रहे।

**सहारनपुर।** थाना नागल पुलिस ने तीन वारंटी आरोपियों को दबोचकर जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार थाना नागल पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद्र सिंह, उपनिरीक्षक बीरबल सिंह व उपनिरीक्षक राजाराम सिंह के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर तीन वारंटी आरोपियों सचिन उर्फ सुचित पुत्र रणजीत व महावीर उर्फ छोटा पुत्र रतिराम निवासीगण खजूरवाला थाना नागल व इमरान पुत्र सीधा निवासी ग्राम पांडोली रोड थाना नागल को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया।

# हाजी नवाब बने प्रदेश उपाध्यक्ष



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आल इंडिया मोमिन कांफ्रेंस के मंडल अध्यक्ष रहे हाजी नवाब आंरी को आल इंडिया मोमिन अंसार सभा का उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

हाजी नवाब अंसारी 18 साल लगातार ऑल इण्डिया मोमिन कॉन्फ्रेंस मे मण्डल अध्यक्ष पद पर रहे और अंसारी समाज के लोगो मे मिटिंग कर समाज को एकजुट करने का प्रयास करते रहे। हाजी नवाब ने मोमिन कॉन्फ्रेंस को छोड़कर ऑल इण्डिया मोमिन अंसार सभा मे अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। जिसके बाद सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अकरम अंसारी ने हाजी नवाब अंसारी को उत्तर प्रदेश का उपाध्यक्ष मनोनीत कर मनोनयन पत्र प्रदान किया।

उन्होंने कहा कि जो जिम्मेंदारी मुझे दी गई है उसका बखूबी पालन कर समाज उत्थान के लिये कार्य किये जाते रहेंगे। साथ ही अंसार सभा को मजबूत किया जायेगा।

# भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याण महोत्सव धूमधाम व श्रद्धा से मनाया









**नकुड़।** जैन धर्म के 24 वे तीर्थकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव नगर में बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर समस्त जैन समाज द्वारा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर भव्य रथ यात्रा निकाली गई, जिसमें बैंड बाजों, भजन मंडलियों और आकर्षक झांकियों ने सभी का मन मोह लिया।

भगवान महावीर के जन्मोत्सव पर नगर के प्राचीन आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई तथा ध्वजारोहण कर रथ यात्रा का शुभारंभ किया गया। इस दिव्य यात्रा में भगवान महावीर के ऐरावत हाथी और विविध झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। पूरे मार्ग में भक्तगण नंगे पांव नीरथ करते हुए भगवान का गुणगान कर रहे थे। यात्रा के अंत में भगवान महावीर का स्वर्ण रथ नगरवासियों की श्रद्धा का केंद्र बना। यात्रा पुन: मंदिर पहुंची, जहां इंद्र देव द्वारा श्री जी का जलाभिषेक किया गया, तथा चारों ओर भगवान के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। इस भव्य आयोजन में सोधर्म इंद्र की बोली प्रवीण जैन, सारथी की बोली पुनीत जैन, कुबेर की बोली संदीप जैन (एडवोकेट), दाएं चंवर की बोली कार्तिक जैन और बाएं चंवर की बोली अभिषेक जैन द्वारा ली गई। रथ यात्रा के पश्चात सभी श्रद्धालुओं ने अमित जैन द्वारा आयोजित वात्सल्य भोज का आनंद लिया। इस आयोजन में समस्त जैन समाज, जैन मिलन, तथा महिला जैन मिलन का सराहनीय सहयोग रहा।

**रामपुर मनिहारान।** जैन समाज कार्यकारिणी समिति के तत्वाधान मे जैन धर्म के 24वे तीर्थंकर श्री महावीर स्वामी जी का 2624वा जन्म कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। प्रात: प्रभात फेरी निकाली गई। दोपहर के समय मोहल्ला इकराम स्थित बड़े जैन मंदिर से भगवान महावीर की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा इकराम, कायस्थान, महाजन, बाजार कला, मेन बाजार होते हुए बड़े जैन मंदिर पर जाकर समाप्त हुई। यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। महिलाओं द्वारा कीर्तन किया गया। यात्रा में भगवान का पालना लोगो के आकर्षण का केन्द्र रहा। यात्रा में शामिल बैंड बाजों ने वातावरण भक्तिमय बनाए रखा।

इस दौरान जैन समाज के प्रधान मनोज जैन, महामंत्री निपुण जैन, अभिषेक जैन, शशांक जैन, अनुराग जैन, भूपेंद्र जैन, प्रशांत जैम, आर्जव जैन, राकेश जैन, मनीष जैन, अमित जैन, विशु जैनविपुल जैन, ललित जैन, प्रदीप जैन सहित समाज के सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद रहे।

**चिलकाना।** नगर में जैन समाज के लोगों द्वारा भगवान महावीर जन्म कल्याणक महामहोत्सव वार्षिक स्वर्ण गज रथ शोभायात्रा बड़ी ही धूमधाम के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में स्वर्ण रथ पर सवार श्री महावीर भगवान जी की प्रतिमा, श्री जी के रथ के सामने धार्मिक गीत एवं धुनों पर नृत्य करते जैन समाज के लोग व धार्मिक झांकियां सभी को अपनी और आकर्षित कर रहे थे।

बृहस्पतिवार को सुबह के समय श्री दिगंबर जैन मंदिर चिलकाना में जैन समाज के लोगों द्वारा श्रीजी का अभिषेक, विशेष सामूहिक पूजा व शांति धारा का आयोजन किया गया। जिसके बाद संजीव कुमार जैन, अरिहंत जैन व सकल जैन समाज द्वारा शोभायात्रा निकलवाई गई। जो कि नगर के श्री दिगंबर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर मोहल्ला गढ़ी, मेंन बाजार व बस स्टैंड से होते हुए जैन बाग चिलकाना पहुंची।

जहां पर पांडू शिला पर श्री जी की प्रतिमा का जलाभिषेक किया गया। जिसके पश्चात शोभायात्रा जैन बाग की परिक्रमा कर वापस इसी मार्ग से होते हुए श्री दिगंबर जैन मंदिर में श्री जी का अभिषेक करने के पश्चात संपन्न हुई। नगर में शोभायात्रा का सनातन धर्म सभा, सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी एवं एकता जन सेवा समिति द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर जैन समाज के नगर अध्यक्ष राकेश जैन, संरक्षक सुधीर कुमार जैन, संजीव कुमार जैन, प्रमोद कुमार, तरसेम जैन, जिनेंद्र जैन, विनोद जैन, अभिनंदन जैन, समाजसेवी जयनाथ शर्मा, भाजपा नेता जायर हुसैन चाँद मियां, सभासद अनुपम जैन, सुनील जैन, अनुज जैन, अंकुर जैन, सौरभ जैन, सचिन जैन, नितिन जैन, ध्रुव जैन, प्रवीण जैन, सुनील जैन, निशांक जैन, पराग जैन, पीयूष जैन, आशीष जैन, विकास जैन, राजा जैन, विपुल जैन,लवी जैन, अर्पित जैन, सुधांशु जैन, ऋषभ जैन, अनीता जैन, जूही जैन, सपना जैन, रजनी जैन, लता जैन, साधना जैन, ललित जैन सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग उपस्थित रहे।

**बेहट।** नगर में भगवान महावीर का जन्मोत्सव को गांधी चौक में जैन समाज के लोगों ने एकत्र होकर धूमधाम के साथ मनाया। इस अवसर पर प्रसाद भी बांटा गया। इस अवसर पर समाजसेवी अजय कुमार जैन ने कहा कि भगवान महावीर का जन्मोत्सव मनाना तब ही सार्थक होगा जब हम उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प ले। और उनकी शिक्षाओं को जीवन में उतार कर देश व समाज की सेवा में लगे रहे इस दौरान जैन समाज के द्वारा हलवा प्रसाद का वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष अब्दुर्रहमान उर्फ शालू, भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष अनिल सिंघल, पूर्व सभासद व भाजपा नेता मोहित जैन, संजीव कर्णवाल उर्फ बॉबी, व्यापारी नेता अवनीश अग्रवाल, सुधीर कर्णवाल, राकेश गाबा, अमित जैन,राजू जैन, निखिल जैन, पेपन जैन, राहुल जैन, अंकित जैन, बॉबी जैन, रिषभ जैन, दीपक सिंघल,आशु गर्ग, पूर्व प्रधान व भाजपा नेता प्रदीप गुप्ता, भाजपा नेता फजलुर्रहमान मिर्जा, अहमद काजमी, पूर्व सभासद आसिफ नबी, आदिल नबी, वाजिद आदि मौजूद रहे।

**नानौता।** भगवान महावीर की शोभायात्रा (ऊछाव) के दौरान नावेद अख्तर बबली व पूर्व चेयरमैन सरफराज अख्तर मुन्ने के नेतृत्व में मुस्लिम समाज ने पुष्प वर्षा की।

नगर में भगवान महावीर का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया जैन समाज द्वारा नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई श्री महावीर शोभायात्रा में स्वयं जैन आचार्य नयन सागर महाराज मौजूद रहे नगर के प्रमुख समाजसेवी नवेद अख्तर बबली पूर्व चेयरमैन सरफराज अख्तर मुन्ना के नेतृत्व उनके आवास से होकर गुजर रही शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। वरिष्ठ भाजपा नेता रोबिन जैन ने पूर्व चेयरमैन सरफराज अख्तर मुन्ना व नावेद अख्तर बबली को पटका पहनाकर अभिनंदन किया। इस दौरान सभासद पति सैयद मेंहदी नम्बरदार, सभासद मौहम्मद मुख्तार, सरताज खान, अशरफ अंसारी, जावेद मुल्ला सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# धूमधाम के साथ निकाली श्रीराम बारात

**नकुड़।** नगर में भगवान श्रीराम की बारात बड़े ही धूमधाम, भक्ति और उल्लास के साथ निकाली गई। इस धार्मिक आयोजन ने पूरे नगर को राममय कर दिया। शोभायात्रा में बैंड-बाजों की मधुर धुन, आकर्षक झांकियों और श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ ने माहौल को भक्तिभाव से भर दिया।

श्रीरामलीला भवन में आयोजित उद्घाटन समारोह में एमएलसी दिनेश गोयल, विधायक मुकेश चौधरी, चेयरमैन शिवकुमार गुप्ता ने फीता काटकर बारात का शुभारंभ किया। इस अवसर पर एमएलसी दिनेश गोयल ने कहा कि भगवान श्रीराम के जीवन से हमें आदर्श, संयम और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। शोभायात्रा की शुरुआत नगर के प्राचीन नकुलेश्वर महादेव मंदिर से हुई। सबसे आगे घुड़सवार श्रद्धालु भगवा ध्वज लिए चल रहे थे। जो धार्मिक उत्साह का प्रतीक बने। इसके पीछे भगवान विष्णु, गणेश, शिव, हनुमान सहित विभिन्न देवी देवताओं की भव्य झांकियां निकाली गई जिनकी सुंदरता ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रीराम का भव्य रथ शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण रहा जिसमें राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के स्वरूपों ने लोगों का ध्यान खींचा। आधा दर्जन से अधिक बैंड दल भगवान के भजनों की धुनों पर श्रद्धालुओं को झूमने को मजबूर कर रहे थे। जैसे ही शोभायात्रा नगर के मुख्य बाजारों जनक बाजार, मेन बाजार, सदर बाजार से गुजरी, लोगों ने पुष्प वर्षा कर बारात का स्वागत किया। जनक बाजार में विशेष स्वागत समारोह आयोजित हुआ।

**नोटिस प्रकाशन सूचना**

**न्यायालय अपर आयुक्त ( प्रशासन ) द्वितीय सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर**

अपील

संख्या-सी-202409000001578

सी-2024090000001124

अन्तर्गत 331 (1-ए) उ.प्र. जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम 1950, भूमि स्थित ग्राम बुढनपुर घोलापडा, खानपुर गुज्जर, बाढी माजरा व गंगोह तहसील नकुड़ जिला सहारनपुर।

**इस्लाम बनाम इकराम आदि**

नोटिस बनाम:- इकराम पुत्र यूसुफ, 2-इलयास पुत्र युसफ, इरफान पुत्र यूसुफ, 4-अहसान पुत्र युसुफ, 5-जुलफान पुत्र युसुफ 6-ताहिर पुत्र स्व. जुल्ला, 7-माहिर पुत्र स्व. जुल्ला 8-कय्यूम पुत्र स्व. जुल्ला 9- गय्यूर पुत्र स्व. जमील 10-आलम पुत्र स्व. जमील, 11-आजम पुत्र स्व. जमील 12-नफीसा पत्नी स्व. जमील, 13-अय्यूब पुत्र मनसब 14-साजिद पुत्र स्व. इलियास पुत्र हकीमुदीन, 15-जुलफान पुत्र स्व. इलियास पुत्र हकीमुदीन, 16-श्रीमती सुदी पत्नी स्व. इलियास 17- मंजूरा पुत्र हकीमुदीन सलीमू पुत्र हकीमुदीन, 19-लियाकत पुत्र बुलन्दा निवासीगण ग्राम बुद्धनपुर परगना गंगोह तहसील नकुड जिला सहारनपुर 20-मूसा पुत्र इशहाक पुत्र नूरा, 21-राशिद मुर्सलीन इशहाक पुत्र नूरा निवासीगण याम खानपुर गुज्जर परगना गंगोह तहसील नकुड जिला सहारनपुर 22-हसन पुत्र शरीफ (मृतक) 22/1 हाकम अली पुत्र हसन, 22/2 जनाब अली पुत्र हसन, 23-बिलाल पुत्र स्व. ताहिर पुत्र शरीफ, 24-कु. मेमना पुत्री ताहिर, 25-श्रीमती खतीजा पत्नि ताहिर 26-आलिम पुत्र जाफर, 27-अबलू पुत्र जाकर 28 मकसूद (मृतक) 28/1 मुकरिम पुत्र मतलूब, 28/2 मुस्तकीम पुत्र मतलूर 28/3 वासिल पुत्र मतलूब, 28/4, अलीशान पुत्र मतलूब, 28/5 जीशान पुत्र मतलूब, 28/6 वादिल पुत्र मतलूब, 28/मुर्सलीन पुत्र मतलूब 28/9 श्रीमती जमीला विधवा मतलूब निवासीगण ग्राम बुढनपुर परगना गंगोह तहसील नकुड जिला सहारनपुर 29- कल्लन पुत्र जंगा, 30-इकराम पुत्र जंगा, 31-इस्लाम पुत्र स्व. रशीद पुत्र कमालू, 32-इनाम पुत्र स्व. रशीद पुत्र कमालू, 33-रूफल पुत्र स्व. रशीद पुत्र कमालू, 34-हारून पुत्र स्व. रशीद पुत्र कमालू, 35-इरफान उर्फ फाना पुत्र स्व. रशीद पुत्र कमालू निवासीगण ग्राम धौलापडा परगना गंगोह तहसील नकुड जिला सहारनपुर, 36- समशाद पुत्र स्व. इकबाल 37-इरशाद पुत्र स्व. इकबाल, 38-हनीफ पुत्र स्व. इकबाल, 39-सलीम पुत्र स्व. इकबाल, 40-फुरकान पुत्र स्व. इकबाल 41-मुस्तकीम पुत्र स्व. इकबाल, 42-शाहनजर पुत्र स्व. इकबाल निवासीगण ग्राम खानपुर गुज्जर परगना गंगोह तहसील नकुड जिला सहारनपुर 43-तेजपाल पुत्र तालब, 44-यशपाल पुत्र तालब, 45-ग्राम सभा ग्राम बुढनपुर परगना गंगोह तहसील नकुड जिला सहारनपुर सहारनपुर द्वारा प्रधान, 46-ग्राम सभा धौलापडा परगना गंगोह तहसील नकुड जिला सहारनपुर 47-ग्राम सभा खानपुर गुज्जर परगना गंगोह तहसील नकुड जिला सहारनपुर, 48-ग्राम सभा बाढी माजरा परगना गंगोह तहसील नकुड जिला सहारनपुर, 49 ग्राम सभा गंगोह मजबता देहात परगना गंगोह तहसील नकुड जिला सहारनपुर। 50-सरकार उ.प्र. कलक्टर सहारनपुर।

प्रस्तुत अपील, अपीलार्थीगण 1-इस्लाम पुत्र श्री यूसुफ निवासी ग्राम बुढनपुर परगना गंगोह तहसील नकुड जिला सहारनपुर में वाद संख्या-7304/2024, धारा-116 उ.प्र. राजस्व संहिता 2006, इकराम बनाम इस्लाम आदि में पारित आदेश दिनांक 18.08.2009 के विरूद्ध अपील इस न्यायालय में योजित हुई है, जिसमे आपको भी पक्षकार बनाया गया है तथा इस अपील में दिनांक 22.04.2025 नियत है।

अत: इस नोटिस सूचना के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 22.04.2025 को प्रात: 10:00 बजे अपने अधिवक्ता सहित अपील में पैरवी हेतु न्यायालय में उपस्थित हों। यदि सूचना के बाद आप उपस्थित नहीं होते हैं यह समझा जायेगा कि आपको इस सम्बन्ध में कुछ नहीं कहना है तथा न्यायालय द्वारा आदेश पारित किये जायेंगे।

दिनांक:-09.04.2025

**आज्ञा से**

**अपर आयुक्त ( प्रशासन ) द्वितीय सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर**

# 12 दिन बाद पकड़ा गया पत्नी का हत्यारोपी पति, सास, ससुर फरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पत्नी को चूहे मारने की दवा खिलाकर मौत के घाट उतारने वाले आरा. पी पति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जबकि वारदात में शामिल सास और ससुर अभी भी फरार हैं। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

मुजफ्फरनगर जनपद थाना सुजडू क्षेत्र के खालापार निवासी संजय ने 6 अप्रैल को देवबंद कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें कोतवाली क्षेत्र के अकबरपुर गढ़ी निवासी दामाद रोबिन उर्फ आकाश, ससुर दिनेश और सास केला पर बेटी राची की हत्या करने का आरोप लगाया था। तभी से आरोपी फरार चल रहे थे और पुलिस उनकी तलाश में थी। बृहस्पतिवार को पुलिस ने रोबिन को उसके घर से गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि करीब छह वर्ष पूर्व राची से उसकी शादी हुई थी। जिसके बाद एक बेटा पैदा हुआ। पत्नी का अकसर परिवार के लोगों के साथ झगड़ा होता रहता था। बताया कि 30 मार्च को किसी बात को लेकर उसका, पिता दिनेश और मां केला का राची से झगड़ा हो गया था। गुस्से में आकर तीनों ने राची को चूहे मारने की दवा पिला दी। जिससे उसकी बिगड़ गया। उन्होंने उसे मुजफ्फरनगर मेडिकल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। वहीं, पुलिस का कहना है आरोपी दिनेश और केला की तलाश भी की जा रही है।

# श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर पर भव्य मेला आरंभ

**देवबन्द।** शक्तिपीठ श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर पर वार्षिक मेला आरंभ हो गया है। बृहस्पतिवार की शाम इसका उद्घाटन लोकनिर्माण विभाग राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने फीता काटकर और आसमान में गुब्बारे उड़ाकर किया गया। शुक्रवार (आज) से प्रसाद चढ़ाने के लिए भक्तों का सैलाब उमडेगा।

नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में मेला पंडाल में उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। पंडित कालिका प्रसाद ने मंत्रोचारण के साथ पूजा संपन्न कराई। लोकनिर्माण विभाग राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह, डीएम मनीष बंसल ने मंदिर में पूजा कर मां भगवती का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर में पंडित सतेंद्र शर्मा, पंडित शिवम और पंडित लोकेश शर्मा ने विधिविधान के साथ पूजा संपन्न कराई। मेला परिसर में हुए कार्यक्रम में लोकनिर्माण विभाग राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने सभी से धार्मिक मेले की गरिमा को बनाए रखने का आह्वान किया। डीएम मनीष बंसल ने अधिकारियों को कानून



व्यवस्था, बिजली, सफाई तथा पेयजल जैसी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। पंडित सतेंद्र शर्मा ने बताया कि शुक्रवार की तड़के से प्रसाद चढना आरंभ हो जाएगा। इस

**देवबन्द।** श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मेले उद्घाटन कर राज्यमंत्री बृजेश सिंह ने मेला ग्राउंड परिसर में बने शहीद स्मारक पर पहुंच फूल माला चढ़ा देश की आजादी के लिए प्राण न्योछावर करने वाले शहीदो को श्रद्धाजंली दी। इस दौरान मेला पंडाल में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमो की कड़ी में सहारनपुर से पहुंचे वैष्णवी ग्रुप के कलाकारों ने प्रस्तुति देते हुए पंडाल को भक्तिमय बना दिया।

मौके पर उपजिलाधिकारी युवराज सिंह, सीओ रविकांत पाराशर, पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग, अधिशासी अधिकारी धीरेंद्र राय, मेला चेयरमैन महक चौहान, सभासद मनोज सिंघल, डॉ. उपेंद्र, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विजय त्यागी, भाजपा नगर अध्यक्ष अरूण गुप्ता, सभासद इकबाल, शराफत मलिक, हारिस सिद्दीकी, आरिफ अंसारी, राजेश अनेजा आदि मौजूद रहे।

# सभासद ने मारपीट करने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पालिका परिषद के पूर्व सभासद ने दो युवकों पर उनके साथ मारपीट कर लूट के प्रयास का आरोप लगाया हैं। हालांकि पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।

पूर्व पालिका सभासद सरदार बालेंद्र सिंह ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि बुधवार को वह रेलवे रोड स्थित एक बैंक से दो लाख रुपये लेकर रेलवे रोड स्थित ही अपने कार्यालय में बैठे थे। बताया कि इसी दौरान बाइक से उनका पीछा करते हुए दो युवक उनके कार्यालय में आ धमके और उनके साथ मारपीट करते हुए लूट का प्रयास करने लगे। लेकिन उनके विरोध के चलते वह वहां से भाग गए। बताया कि आरोपी युवक कुछ ही देर बाद पुन: उनके कार्यालय आये और धमकी देने लगे। जिन्हें वहां जमा भीड़ ने पकड़ लिया और सुभाष चौक स्थित पुलिस चौकी में पुलिस के हवाले कर दिया। कोतवाली प्रभारी बीनू चौधरी ने बताया कि मामला संज्ञान में है और पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## तीन दिवसीय श्री हनुमान जन्म महोत्सव का शुभारंभ

**धामपुर।** मौहल्ला बाड़वान स्थित श्री राम रुपाए श्री बालाजी मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय श्री हनुमान जन्म महोत्सव का शुभारंभ श्री रामचरितमानस के सामूहिक अखंड पाठ से हो गया है। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान राम तथा उनके अनन्य भक्त वीर बजरंग. बली हनुमान जी महाराज के पारंपरिक जयकारों से मंदिर को गुंजा दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर के महंत संदीप गोस्वामी तथा लज्जा देवी के संरक्षण में सामूहिक पूजन से किया गया।

# एसपी के आदेश पर तीन तलाक व मारपीट के कर घर से निकालने का मामला दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** पीड़िता ने स्थानीय पुलिस पर तीन तलक देने के मामले में कार्यवाही न किए जाने की शिकायत पुलिस अधीक्षक शामली से कर प्रार्थना पर देकर कार्रवाई की मांग की थी, जिस पर स्थानीय पुलिस ने एसपी शामली के आदेश पर मामला दर्ज करते हुए कार्यवाही शुरू कर दी है। पीड़िता मैफरीन पुत्री नौशाद निवासी ग्राम गुर्जरपुर मजरा टपराना ने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2021 में बाबू उर्फ राजा पुत्र महबूब निवासी गढ़ीमियां गंगेरू थाना कांधला जनपद शामली के साथ मुस्लिम रीति रिवाजो के हुई थी। जिससे प्रार्थीया को एक लड़का अकरम जिसकी उम्र लगभग ढाई वर्ष है। प्रार्थीया के पिता ने शादी में अपनी हैसियत से अधिक दान देकर शादी की थी। पीड़िता ने बताया कि 25 मार्च को ससुराल पक्ष नसीमा पत्नी महबूब व ननद अमरीन पुत्री महबूब व महबूब पुत्र नूरा व पीड़िता का पति बाबू उर्फ राजा व देवर अनस पुत्रगण महबूब इन सभी ने एक राय होकर उसको को काफी मारपीट करते हुए उसके पति से तीन तलाक कहलवा कर व पीड़िता के पुत्र अरकम को भी छिन लिया और घर निकाल दिया गया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि कई बार थाना झिंझाना में अपनी शिकायत दी परन्तु पुलिस के द्वारा कोई सन्तोष जनक कार्यवाही नहीं की। एसपी शामली के आदेश पर सास, ससुर, ननद, देवर सहित पति के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुक. दमा पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## प्रथम अपीलीय अधिकारियों के साथ बैठक आज

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि मोहम्मद नदीम, राज्य सूचना आयुक्त, उ.प्र. 11 अप्रैल दिन शुक्रवार को प्रात: साढ़े दस बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के समस्त विभागों के जन सूचना अधिकारियों एवं उनके प्रथम अपीलीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगें। उन्होंने विचार-विमर्श बिन्दुओं की जानकारी देते हुए निर्देश दिए कि जनपद के समस्त विभागों के जन सूचना अधिकारियों के पास माह मार्च वर्ष 2025 तक सूचना प्राप्त करने संबंधित कितने 6 ( 1 ) आवे. दन पत्र प्राप्त हुए हैं और उनमें से कितने आवेदन पत्रों का निस्तारण जन सूचनाधिकारी द्वारा अपने स्तर से किया गया है, इसके पूर्ण विवरण के साथ बैठक में उपस्थित हों।

# पीड़ित परिवार ने मुख्यमंत्री से कानूनी कार्रवाई की लगाई गुहार

**देवबन्द।** स्व. इच्छाराम की पत्नी श्यामो देवी ने एक अज्ञात समेत छह लोगों के खिलाफ उसके पुत्र को आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया था। हालांकि पुलिस ने पीडिता की शिकायत पर दो महिलाओं सहित छह आरोपियों के खिलाफ मामला बीती 21 मार्च को बीएनएस की विभिन्न धाराओं को दर्ज कर लिया था। लेकिन अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी न होने के चलते पीडित परिवार ने मुख्यमंत्री से कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है। गांव दुगचाड़ी निवासी श्यामोदेवी ने बताया कि बीती 18 मार्च को उसका पुत्र शिवकुमार के घर पहुंचने पर अचानक गिर जाने के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इस दौरान जब उसके पुत्र शिवकुमार का मोबाइल चौक किया गया तो उसमे उसके आत्महत्या के कारण की रिकार्डिंग मिली। जिसमे उसने गांव जटौल निवासी आकाश पंवार, सचिन उर्फ रुचिन, भरतपुर निवासी उर्मिला, मोंटी राठी, शिल्पा राठी सहित एक अज्ञात पर उसे प्रताड़ित कर जहर खाकर आत्महत्या करने को मजबूर करने की रिकार्डिंग मिली। पीडिता के मुताबिक पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला तो दर्ज कर लिया लेकिन अभी तक गिरफ्तारी नहीं की। जिसके चलते आरोपी अब उसके परिवार को मुकदमा वापिस लिए जाने को धमकी दे रहे हैं। पीडिता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आरोपियों की गिरफ्तारी कराए जाने की मांग की।

# पशुओं को क्रूरता पूर्वक भरकर ले जाते पांच को किया गिरफ्तार



**झिंझाना।** पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे अपराध की रोकथाम हेतु अभियान के क्रम में अहमद गढ़ पुलिस द्वारा चौकिंग के दौरान मेरठ.करनाल हाईवे चौकी अहमदगढ प्रभारी जितेन्द्र कुमार त्यागी ने पशुओं को क्रूरतापूर्वक भरकर ले जाते शाहनवाज पुत्र अय्यूब निवासी ग्राम बघरा थाना तितावी, समीर पुत्र जिशान निवासी बघरा थाना तितावी जनपद मुजफ्फरनगर , विरेन्द्र पुत्र अजमेर निवासी चिडिक थाना मोगा जिला मोगा पंजाब, जसकरन पुत्र मग्गर निवासी कालेकी थाना बागा पुराना जिला मोगा पंजाब, मनप्रीत पुत्र देवराज निवासी मोगा थाना मोगा जिला मोगा पंजाब को 14 रास गाय व तीन देशी गाय व ट्रक सहित गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना झिंझाना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## विधायक अशोक राणा ने लगवाया राष्ट्रीय ध्वज

**धामपुर।** विधायक अशोक कुमार राणा के प्रयास से नगीना चौक पर एक बार फिर से राष्ट्रीय द्वारा लहराने लगा है। विगत काफी दिनों से नगीना चौराहा पर राष्ट्रीय ध्वज ना लगे होने का विषय धामपुर शहर व आस पास के प्रबुद्धजनों व आमजन ने भी किया था। पिछले दिनों विधायक के द्वारा की गई प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी नगर पालिका धामपुर द्वारा राष्ट्रीय ध्वज ना लगे होने की बात सामने आई थी। इस पर विधायक अशोक कुमार राणा के प्रयास और प्रशासन को दिए गए निर्देशों के क्रम में नगीना चौराहा पर फिर से राष्ट्रीय ध्वज लहराने लगा है।

## दरगाहे फातेमा पर मजलिसें आज से

**हल्दौर।** एईएम चैरटेबिल वैलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में ग्राम छजुपुरा सादात स्थित दरगाहे आलिया हजरत फातेमातुज्जहरा (स.अ.) में आयोजित होने वाली तीन दिवसीय सालाना मजलिसों का आयोजन **11** अप्रैल से **13** अप्रैल तक किया जायेगा। बता दें कि दरगाहे आलिया फातेमातुज्जहरा में जिले ही नहीं बल्कि देशभर के दूरदराज क्षेत्रों से जायरीन शिरकत करने आते हैं और बीबी की दरगाह पर चादर चढ़ाकर मन्नतें मांगते हैं। ऐसी आस्था है कि इस दरगाह पर सच्चे और स्वच्छ मन से मांगी गई।

मानव हित की हर मन्नत पूरी होती है। कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी शाही वास्ती ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष मजलिसों को मौलाना अली रिजवान, मौलाना गुलजार हुसैन जाफरी, मौलाना मौहम्मद अली, मौलाना मैहदी अब्बास, मौलाना रईस अहमद, मौलाना अब्बास इरशाद नकवी, मौलाना कमर सुल्तान, मौलाना मीसम जैदी, मौलाना जावेद आब्दी, मौलाना अजादार हुसैन, मौलाना जेनान असगर मौलाई, मौलाना मिर्जा यासूब अब्बास तथा मौलाना अली हैदर आब्दी आदि उलेमा व जाकेरिन संबोधित करेंगे।

# भाजपा युवा मोर्चा ने निकाली बाइक रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भाजपा की उत्तर प्रदेश सरकार के सफलतम 8 वर्ष पूर्ण होने के उत्सव अभियान के अंतर्गत गुरूवार को भाजपा युवा मोर्चा द्वारा बाईक रैली का आयोजन किया गया।

गुरूवार को जिलाध्यक्ष रोहित विश्वकर्मा के नेतृत्व में बाईक रैली निकाली गई। बाईक रैली में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओ ने हिस्सा लिया एवं योगी सरकार के 8 वर्ष की उपलब्धियों के साथ-साथ मोदी-योगी के नारों से जोश-खुशी जाहिर किया। बाईक रैली भाजपा जिला कार्यालय सें प्रारंभ होकर नवीन मंडी, माजरा रोड़, शिव चौक, वर्मा मार्केट, फव्वारा चौक, विजय चौक, अजंता चौक, बुढ़ाना रोड़ होते हुए मंदिर हनुमान टिल्ला हनुमान धाम पर संपन्न हुई। बाईक रैली में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेंद्र निर्वाल व विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय मंत्री काजल त्यागी रहे। उन्होंने कहा की भाजपा की उत्तर प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व मे सफलतम 8 वर्ष पूर्ण किए है, जिसमें उत्तर प्रदेश का स्वर्णिम विकास तो हुआ ही बल्की कानून व्यवस्था में भी बड़ा सुधार हुआ जिसके कारण कोई व्यक्ति रात को 12 बजे भी कही भी जा सकता है। बहन-बेटी आज सुरक्षित है। वह प्रदेश के हर गरीब व्यक्ति तक सरकार की योजना का लाभ पहुंच



रहा है।

अब प्रदेश उत्तम प्रदेश बन चुका है। इस अवसर पर क्षेत्रीय मंत्री विनीत बालियान, महामंत्री पुनीत दिर्वेदी, बादल गौतम, नंदू राणा, अक्षय चौहान, तेजस्वी पंवार, कोशिंद्र पुंडीर, गौरव मित्तल, सचिन चौहान, सोनू जुनेजा, आशीष कश्यप, अनुज धनिया, विशाल सैनी, सुनील प्रधान, अनुज कश्यप, मनीष कालखंडे, अभिषेक राणा, नवदीप मुखिया, कमल बंसल आदि मौजूद रहे।

# किशोरी के साथ छेड़छाड़ के आरोप में तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

## किशोरी के परिजनों ने पहले भी दो बार अन्य पर दर्ज कराई थी शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** स्टेशन मार्ग आर्य समाज परिसर स्थित आवास में गैर संप्रदाय किशोरी के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

पीड़िता के पिता ने बुधवार रात **112** पुलिस को सूचना दी थी कि आर्य समाज परिसर के पीछे स्थित आवास में कुछ लोग उसकी पुत्री को जबरन अपने साथ ले गए हैं तथा उसके साथ अश्लील छेड़छाड़ कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा एक कमरे से तीन युवकों सहित किशोरी को संदिग्ध अवस्था में बरामद कर कोतवाली धामपुर पहुंची। कोतवाल राजेश चौहान ने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर पर मौहल्ला अफगानान निवासी नारायण तथा गुजरातीयान निवासी चाचा भतीजे नितिन तथा शुभम के खिलाफ मुक. दमा दर्ज किया है। उधर बताया जाता है कि पीड़िता के द्वारा इससे पहले भी दो बार छेड़छाड़ सहित अन्य मामले में दो बार शिकायत पुलिस में की गई थी। अब इसके द्वारा तीसरी बार छेड़छाड़ की गई है। पुलिस इस पहलू को लेकर इस प्रकरण की जांच कर रही है।

## पीड़ित पर मुकदमा वापस लेने का दबाव

**धामपुर।** ग्राम रामठेरा में प्रधान साहित पांच लोगों ने गांव के ही ओमप्रकाश प्रजापति के घर में घुसकर लाठी डंडों व लोहे की राड से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। पीड़ित की तहरीर पर धामपुर पुलिस ने एक महिला सहित पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा तो दर्ज कर लिया है। लेकिन पांच दिन बीत जाने के बाद भी अगली कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिससे उन दबंग लोगों के हौसले बुलंद हो रहे हैं और पीड़ित पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। वहीं मुकदमा वापस न लेने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उधर एसपी धर्म सिंह मार्छल का कहना है कि अगर पीड़ित को धमकी मिल रही है तो दोबारा मुकदमा दर्ज हो जाएगा। आरोपियों के खिलाफ शीघ्र ही कार्यवाही की जाएगी।

# संविलियन विद्यालय नारायणवाला में वार्षिकोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कासमपुर गढ़ी।** संविलियन विद्यालय नारायणवाला में वार्षिकोत्सव एवं शारदा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा आठ उत्तीर्ण बच्चों को भावभीनी विदाई दी गई। वहीं नव प्रवेशित बच्चों का स्वागत करते हुए बच्चों को पुस्तकें वितरित की गई।

## कक्षा आठ के उत्तीर्ण बच्चों को भावभीनी विदाई

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर, सरस्वती वंदना व स्वागत गीत से प्रारंभ हुआ। प्रोग्राम की इंचार्ज करुणा सिंह सहित दिनेश कुमार, मीना कुमारी व मौहम्मद ताहिर व राजपाल सिंह ने अतिथियों का बैज लगाकर स्वागत करते हुए उन्हें शील्ड भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कक्षा आठ उत्तीर्ण




बच्चों को भावभीनी विदाई दी गई। वहीं नव प्रवेशित बच्चों का स्वागत करते हुए बच्चों को पुस्तकें वितरित की गई। प्रोग्राम में स्कूल के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रगति-पत्र/प्रशस्ति पत्र देकर व मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। अपने-अपने संबोधन में वक्ताओं ने स्कूल की शिक्षा एवं व्यवस्थाओं को सराहा और बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के लिए इंचार्ज प्रधानाध्यापिका करुणा सिंह चौहान की मेहनत की प्रशंसा की। कार्यक्रम खंड शिक्षा अधिकारी प्रेम सिंह राणा की अध्यक्षता एवं इंचार्ज प्रधानाध्यापिका करुणा सिंह चौहान व शिक्षामित्र राजपाल सिंह के संयुक्त संचालन में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी अफजलगढ़ सीपी पांडे मुख्य अतिथि के रूप में एवं एडीओ पंचायत ललित प्रताप सिंह, ग्राम प्रधान बेगराज सिंह, भूपेंद्र सिंह, मौहम्मद असलम व छात्र-छात्राओं समेत अनेक अभिभावक व ग्रामीण मौजूद रहे।

# तालाब की समस्या से ग्रामीण जूझ रहे

## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्राम का दौरा कर पानी की निकासी को रुकवाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम नरगदी गंधु में कैंसर से 18 मौत होने पर राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण में शिकायत को एक साल बीत जाने के बाद भी तालाब की समस्या से ग्रामीण आज भी जूझ रहे हैं। अब इस मामले में उत्तर प्रदेश मानवाधिकार आयोग ने भी जिला प्रशासन से जवाब मांगा है। जिसको लेकर राजस्व विभाग व विकास खंड और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव का दौरा किया है और तालाब में पहुंच रहे गांव के पानी की निकासी को रुकवाया है।

नहटौर क्षेत्र के गांव नरगदी गंधु के ग्राम प्रधान आबिद अंसारी के मुताबिक गांव के पास में ही एक तालाब है। जिससे गांव में बीमारी फैल रही है। गांव में करीब ढाई वर्ष में 18 मौत कैंसर से हो गई है। इसी को लेकर ग्राम प्रधान ने राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण व मानवाधिकार आयोग सहित कई स्थानों पर शिकायत की थी। राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण दिल्ली की ओर से इसमें जिलाधिकारी को कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया था। जिस पर डीएम द्वारा डीपीआरओ व एसडीएम और बीडीओ की एक टीम गठित की गई थी। टीम ने अगस्त **2024** को गांव पहुंचकर पानी की जांच के लिए नमूने लिए थे। राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण में एक वर्ष पूर्व की गई शिकायत के बावजूद भी तालाब के पानी को नहीं निकाला गया था। अब इस मामले में उत्तर प्रदेश मानवाधिकार आयोग ने डीएम बिजनौर से जवाब मांगा है। जिसको लेकर बुधवार को खंड विकास क्षेत्र के एडीओ पंचायत मनोज कुमार, ग्राम पंचायत सचिव विशेष कुमार, हल्का लेखपाल तेजपाल सिंह व स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ गांव पहुंचे। टीम ने गांव की पानी का निकासी को तालाब में जाने से रूकवाया है। अब गांव के पानी की निकासी बनाए गए नालों में की गई है। उधर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भी गांव में पहुंचकर ग्रामीणों से बीमारियों के संबंध में जानकारी ली है। हल्का लेखपाल तेजपाल सिंह ने बताया कि किन-किन बिंदुओं पर जांच की जानी है। उनको तय किया जा रहा है।

एडीओ पंचायत मनोज कुमार ने बताया कि गांव के पानी की निकासी तालाब में रोक दी गई है। और गांव के पानी की निकासी बनाए गए नालों में की गई है।

# त्रिदिवसीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण सत्र संपन्न

**नगीना।** मुख्यमंत्री गन्ना कृषक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत गन्ना किसानों को गन्ना खेती की नवीन गन्ना किस्मों की जानकारी कराने एवं गन्ना खेती को अधिक लाभकारी बनाने हेतु कृषकों के प्रशिक्षण के प्रथम चरण में जनपद बिजनौर के गन्ना विकास परिषदों के 90 से अधिक मास्टर ट्रेनर, जिसमें गन्ना पर्यवेक्षक, चीनी मिल के योग्य कार्मिक एवं प्रगतिशील कृषक सम्मिलित हैं। प्राप्त समाचार के अनुसार तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र के तीसरे दिन जिला गन्ना अधिकारी बिजनौर पीएन सिंह ने सभी मास्टर ट्रेनर्स को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण सत्र में सभी वार्ताकारों / वैज्ञानिकों के द्वारा दी जा रही नई तकनीकों के व्यावहारिक ज्ञान को प्राप्त करके द्वितीय चरण में न्याय पंचायत स्तर पर होने वाले कृषक प्रशिक्षण में गन्ना किसानों को उन्नत तकनीक से प्रशिक्षित करके गन्ने की खेती को अधिक लाभकारी बनाने एवं गन्ने की उत्पादक बढ़ाने में अपना अमूल्य योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि न्याय पंचायत स्तर पर होने वाले प्रशिक्षण का रोस्टर शीघ्र जारी कर दिया जाएगा, जिसके अनुसार सभी मास्टर ट्रेनर अपने अपने आवंटित न्याय पंचायत में **50 - 50** कृषकों के समूह को गन्ने की उच्च उत्पादकता प्राप्त करने, गन्ने की खेती को अधिक लाभकारी बनाने की विभिन्न विधाओ के संबंध में प्रशिक्षण देंगे। तीसरे दिवस कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पी पिंटू कुमार ने गन्ने में लगने वाले समसामयिक कीट जैसे पायरिल्ला व बेधक कीटो के बचाव, नियंत्रण एवं उन्मूलन के यांत्रिक, जैविक, रासायनिक उपायों के बारे में प्रोजेक्टर के माध्यम से विस्तार से प्रशिक्षित किया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना MOHAMMED SUHAIL से बदलकर SUHAIL AHMED रख लिया है। भविष्य में मुझे SUHAIL AHMED के नाम से जाना पहचाना जाये।

SUHAIL AHMED
S/o SALEEM AHMED
HOUSE NO. B15800 , NEW MAKHAN LAL COLONY
VTC SAHARANPUR.



## ओलंपिक क्रिकेट में पुरुष और महिला वर्ग में 6-6 टीमें हिस्सा लेंगी

**दुबई, वार्ता।** लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक में शामिल की गई क्रिकेट प्रतियोगिता में पुरुष और महिला वर्ग की छह -छह टीमें हिस्सा लेंगी। जारी आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार लॉस एंजेलिस ओलंपिक 2028 में होने वाले क्रिकेट मुकाबलों के लिए प्रत्येक श्रेणी के लिए कुल 90 एथलीट का कोटा निर्धारित किया गया है। प्रत्येक टीम में 15 सदस्यी होंगे। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सुझाव दिया था कि लॉस एंजे. लिस ओलंपिक 2028 में शामिल होने वाली छह टीमों का चयन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग की एक कट-ऑफ तारीख के आधार पर किया जाए। हालांकि अभी तक इस पर अंतिम फैसला नहीं लिया गया है, लेकिन इस वर्ष इसके तय होने की उम्मीद है। ऐसा माना जा रहा है कि अगर अमेरिका मेजबान देश होने के नाते सीधे क्वालीफाई करता है, तो क्वालिफाई के लिए उपलब्ध स्लॉट की संख्या कम हो जाएगी। इसके अलावा यह सवाल भी बना हुआ है कि वेस्टइंडीज की ओर से कौन प्रतिनिधित्व करेगा, क्योंकि कैरेबियाई द्वीप ओलंपिक खेलों (और राष्ट्रमंडल खेलों में भी) अलग-अलग देशों के रूप में भाग लेते हैं। उल्लेखनीय है कि क्रिकेट की ओलंपिक खेलों में वापसी को अक्टूबर 2023 में मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सदस्यों द्वारा स्वीकृति दी गई थी। इससे पहले वर्ष 1900 के पेरिस ओलंपिक में क्रिकेट खेला गया था।

## ओलंपिक अपडेट

# लॉस एंजिल्स ओलंपिक-2028 में होंगी 351 स्पर्धाएं

**जिनेवा, वार्ता, वार्ता।** लॉस एंजिलस ओलंपिक 2028 में 351 पदक स्पर्धाएं आयोजित की जायेगी। जोकि पिछले पेरिस ओलंपिक की तुलना में 22 अधिक हैं। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के कार्यकारी बोर्ड (ईबी) ने बुधवार को लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक खेलों के लिए कार्यक्रम और एथलीट कोटा को मंजूरी दे दी है। लॉस एंजिल्स ओलंपिक में क्रिकेट के अलावा चार अन्ध्य खेलों स्क्वैश, फ्लैग फुटबॉल, बेसबॉल/सॉफ्टबॉल और लैक्रोस भी शामिल हैं। आईओसी ने कहा कि सभी टीम खेलों में महिला और पुरुषों की टीमों के बराबर होंगी, जो कि ओलंपिक इतिहास में पहली बार है। आईओसी ने कहा कि एथलीट कोटा और स्पर्धाओं की संख्या तय करते समय लैंगिक समानता को ध्यान में रखा गया। प्रारंभिक खेल कार्यक्रम में, महिला एथलीटों की संख्या 5,333 और पुरुष एथलीटों की संख्या 5,167 है। इस ओलंपिक में तीरंदाजी, एथलेटिक्स (4 गुणा100 मीटर मिश्रित रिले), गोल्फ, जिम्नास्टिक, नौकायन तटीय समुद्र तट स्प्रिंट और टेबल टेनिस में मिश्रित स्पर्धाओं का भी किया गया है। तैराकी में, 50 मीटर बैकस्ट्रोक, बटरफ्लाई और ब्रेस्टस्ट्रोक स्पर्धाओं में पुरुष और महिला दोनों ही स्पर्धाएँ होंगी। नौकायन में, महिला एकल (सीडब्ल्यू1एक्स), पुरुष एकल (सीएम1एक्स) और मिश्रित युगल स्कल्स (सीएक्स2एक्स) तटीय समुद्र तट स्प्रिंट में अपनी शुरुआत करेंगे। बास्केटबॉल 3गुणा 3 में, भाग लेने वाली टीमों को प्रत्येक वर्ग में आठ से बढ़ाकर 12 टीमें कर दिया गया है।

# ओलंपिक के लिए वजन घटाएंगी लवलीना



**नई दिल्ली, वार्ता।** टोक्यो ओलंपिक में भारत को मुक्केबाजी में पदक दिलाने वाली भारतीय मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन भी अब अपने भारवर्ग में बदलाव करने पर विचार कर रही हैं। उन्होंने अपना वजन वर्ग घटाने का सोचा है। वह 75 किग्रा भार वर्ग की जगह 70 किग्रा वर्ग में जाने पर विचार कर रही हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने 2028 में लास एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए उनके मौजूदा 75 किग्रा भार वर्ग को खत्म कर दिया है। इससे पहले 2024 पेरिस ओलंपिक में भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट ने भी भारवर्ग में बदलाव कर अपने नियमित वजन से कम वजन वाले भारवर्ग में हिस्सा लिया था। बाद में उनका वजन 100 ग्राम ज्यादा पाया गया था और उन्हें फाइनल में पहुंचने के बावजूद पदक से हाथ धोना पड़ा था। उन्होंने फाइनल वाले दिन वजन घटाने की काफी को. शिश की थी, लेकिन नहीं घटा सकी थीं। आईओसी ने बुधवार को ओलंपिक 2028 के लिए कार्यक्रम और खिलाड़ियों के कोटा की घोषणा की। नए बदलाव के कारण लवलीना को या तो 70 किग्रा तक नीचे जाना होगा या 80 किग्रा से अधिक वजन वर्ग में अपना भाग्य आजमाना होगा। इस फैसले से खुद लवलीना भी हैरान हैं। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह मेरे लिए बिल्कुल नई जानकारी है। यह काफी चौंकाने वाली है। मुझे लगता है कि मुझे 70 किग्रा तक नीचे जाना होगा क्योंकि मेरे लिए 80 किग्रा से अधिक तक जाना मुश्किल होगा। उनकी निजी कोच प्रणामिका बोरा भी इस घटनाक्रम से हैरान दिखीं। उन्होंने कहा कि फिटनेस और चिकित्सा मूल्यांकन के बाद ही नए वजन वर्ग को लेकरअंतिम फैसला किया

## संक्षिप्त खेल समाचार

### धीमी ओवर गति के लिए संजू पर लगा 24 लाख का जुर्माना

**अहमदाबाद, वार्ता।** राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के कप्तान संजू सैमसन पर आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ बुधवार को खेले गये मैच में धीमी ओवर गति के लिए 24 लाख रूपये का जुर्माना लगाया गया है।

आरआर पर आईपीएल के इस सत्र में यह दूसरी बार धीमी ओवर गति के उल्लंघन के लिए जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के तहत किसी कप्तान पर दूसरी बार ओवर-रेट का नियम तोड़ने पर 24 लाख का जुर्माना लगाया जाता है। इस सत्र से तीसरी गलती पर कप्तान को निलंबित नहीं किया जाएगा, केवल आर्थिक दंड तक ही सीमित रखा गया है। इस नियम के अनुसार मैच में खेलने वाले सभी ग्यारह खिलाड़ियों के अलावा इंपैक्ट प्लेयर भी शामिल है। इन को या तो छह लाख रूपये या उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत (जो भी कम हो) का जुर्माना अदा करना होगा।

### स्कॉटलैंड की टीम ने विंडीज को 11 रन से हराया

**लाहौर, वार्ता।** वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज (चार विकेट/नाबाद 114) के हरफनमौला प्रदर्शन गया बेकार, स्कॉटलैंड ने आईसीसी महिला विश्वकप क्वालीफायर के दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को 11 रनों से हराया। 245 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में कियाना जोसेफ (शून्य) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी जैदा जेम्स ने हेली मैथ्यूज के साथ दूसरे विकेट लिए 113 रनों की साझेदारी की। 27वें ओवर में क्लो एबेल ने जैदा जेम्स (45) को आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद स्कॉटलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज की कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सकी और तू चल मैं आया की तर्ज पर पवेलियन लौटती रही। हालांकि इस दौरान कप्तान मैथ्यूज ने एक छोर को संभाले रखा और तेजी के साथ रन बनाते हुए अपना शतक पूरा किया। मैथ्यूज ने 113 गेंदों में 14 चौके लगाते हुए (नाबाद 114) रनों की पारी खेली। स्कॉटलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज की टीम 46-2 ओवर में 233 के स्कोर पर ढ़ेर हो गई। स्कॉटलैंड की सारा ब्राइस (55)और मेगन मैककॉल (45) की जूझारू पारियों के बाद कैथरीन फेजर (तीन विकेट), क्लो एबेल और अब्ताहा मकसूद (दो-दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर स्कॉटलैंड ने महिला विश्व. कप क्वालीफायर मुकाबले में उलटफेर करते हुए वेस्टइंडीज को शिकस्त दी। इससे पहले आज यहां वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज आलिया एलेने, करिश्मा रामहरैक ने शानदार गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए पहले बल्लेबाजी करने उतरी स्कॉटलैंड को 45 ओवर में 244 के स्कोर पर रोक दिया था।

# 13 अप्रैल को आईपीएल में धूम मचाने को तैयार है किंग



**मुंबई, वार्ता।** जानेमाने रैपर-गायक किंग, 13 अप्रैल को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में धूम माचने को तैयार है।

किंग, 13 अप्रैल को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में संगीत की मस्ती से सराबोर होने के लिए पूरी तरह तैयार है। अपने खास स्वैग और प्रशंसकों के साथ, किंग राजधानी में एक हिट-लोडेड सेट के साथ आग लगा देंगे, जो हर किसी के दिल की धड़कन बढ़ा देगा। दिल टूटने वाले एंथम तू आके

**किंग ने आईपीएल 2023 के समापन समारोह में निभाई थी भूमिका**

देख ले से लेकर वायरल सनसनी मान मेरी जान तक, दिल्ली की भीड़ को भावनात्मक रोलरकोस्टर पर ले जाया जाएगा। हालांकि, यह लीग के साथ किंग की पहली पारी नहीं होगी। इस अग्रणी कलाकार ने पहले भी आईपीएल 2023 के समापन समारोह में मुख्य भूमिका निभाई थी और इस बार वह इस बार और भी ऊंचा कदम उठाने के लिए तैयार हैं। किंग ने कहा कि आईपीएल समारोह में प्रदर्शन करना, खास तौर पर मेरे गृह नगर दिल्ली में, मेरे करियर की एक उपलब्धि से कहीं बढ़कर है। यह मेरे लिए एक पूर्ण-चक्र क्षण है। मैं इस देश के हर दूसरे बच्चे की तरह क्रिकेट देखते हुए बड़ा हुआ हूँ, अपनी पसंदीदा टीमों के लिए चीयर करता हूँ। अब अरुण जेटली स्टेडियम में हज़ारों लोगों के सामने गाना और भीड़ की गर्जना सुनना। यह अवास्तविक लगेगा। संगीत और क्रिकेट दो ऐसी चीज़ें हैं जो इस देश को सबसे शक्तिशाली तरीके से जोड़ती हैं। यह शाम उस ऊर्जा और भावना को लाने और इसे अविस्मरणीय बनाने के बारे में होगी। आईपीएल भारत के पसंदीदा खेल का उत्सव है, और मुझे इसका हिस्सा बनने पर बहुत गर्व है।

# अलवर में हुई डिजिटल क्रिकेट कोचिंग श्रृंखला की शुरुआत

**अलवर, वार्ता।** राजस्थान के अलवर में उभरते क्रिकेटरों और कोचों को उच्चतम प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए ई-एथलीड कंपनी ने गुरुवार को डिजिटल क्रिकेट को. चंग श्रृंखला की शुरुआत की।

यह विशेषज्ञ-निर्देशित ट्यूटोरियल श्रृंखला, विश्व कप विजेता पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कोच संदीप पाटिल के मार्गदर्शन तथा राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के दिशानिर्देशों के अनुरूप विकसित की गयी है। इस कार्यक्रम का अलवर के हआपणो मैरिज होमह में यह आधिकारिक शुभारंभ हुआ। इसे कोलकाता और जयपुर में पहले ही शुरु किया जा चुका है। आज यहां इस अवसर पर पाटिल ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य एनसीए-आधारित कोचिंग कंटेंट को अधिक से अधिक कोचों तक पहुँचाने के साथ ही युवाओं को उच्च-स्तरीय क्रिकेट प्रशिक्षण प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि व्यापक श्रृंखला कुल 23 एपिसोड्स की है, जिसमें बल्लेबाजी पर आधारित 10 एपिसोड शामिल हैं। विकेटकीपिंग के लिए चार एपिसोड राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त कोच दिनेश नानावटी द्वारा संचालित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, गेंदबाजी और फील्डिंग पर 4 एपिसोड पूर्व क्रिकेटर और कोच गौतम शोम द्वारा निर्देशित किए गए हैं। समग्र प्रशिक्षण अनुभव देने के लिए 2 एपिसोड शारीरिक फिटनेस पर कें. द्रित हैं, जिन्हें फिटनेस वैज्ञानिक राहुल पटवर्धन ने तैयार किया है। पाटिल ने देश में संरचित क्रिकेट कोचिंग की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि भारत में क्रिकेट केवल एक खेल नहीं, एक जुनून है। फिर भी कोचिंग क्षेत्र काफी असंगठित है। बहुत कम प्रतिशत कोच ही प्रमाणित होते हैं। एनसीए हर साल सीमित संख्या में कोचिंग प्रोग्राम आयोजित करता है, जिसमें प्रत्येक राज्य से केवल कुछ ही कोचों को शामिल किया जाता है।

# बांग्लादेश की महिला टीम ने थाइलैंड को रौंदा



- **कप्तान निगार सुल्ताना ने 101 और शर्मिन ने नाबाद 94 रनों की पारी खेली**

**लाहौर, वार्ता।** कप्तान निगार सुल्ताना (101) और शर्मिन अख्तर (नाबाद 94) की शानदार बल्लेबाजी के बाद जन्नतुल फिर्दुस तथा फहीमा खातून (पांच-पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर बांग्लादेश की महिला टीम ने गुरुवार को आईसीसी महिला विश्वकप क्लीफायर मुकाबले में थाईलैंड को 178 रनों से हरा दिया हैं। 272 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी थाईलैंड के बल्लेबाज बांग्लादेश जन्नतुल फिर्दुस तथा फहीमा खातून के गेंदबाजी आक्रमण का सामना अधिक देर तक नहीं कर सके और उनकी पूरी टीम 28-5 ओवर में 93 रन के स्कोर पर ढ़ेर हो गई। थाईलैंड के लिए चानिदा सुथिरुआंग ने सर्वाधिक 22 रनों की पारी खेली। नटया बूचथम (17) और नारुएमोल चाइवाई (15) रन बनाकर आउट हुई। थाईलैंड के आठ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। बांग्लादेश की ओर से जन्नतुल फिर्दुस तथा फहीमा खातून ने पांच-पांच विकेट लिए। इससे पहले आज यहां थाईलैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 15 के स्कोर पर इश्मा तंजीम (आठ) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी शर्मिन अख्तर ने फरगाना हॉक के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 96 रनों की साझेदारी हुई। 28वें ओवर में ओनिचा कामचोम्फु ने फरगाना हॉक (53) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी कप्तान निगार सुल्ताना ने तेजी के साथ रन बटोरे। उन्होंने शर्मिन अख्तर के साथ तीसरे विकेट के लिए 152 रन जोड़े। शर्मिन अख्तर ने 126 गेंदों में 11 चौकों की मदद से (नाबाद 94) रन बनाये। वहीं निगार सुल्ताना ने 80 गेंदों में 15 चौके और एक छक्का लगाते हुए (101) की पारी खेली। वह 50वें ओवर की आखिरी गेंद पर आउट हुई। बांग्लादेश ने निर्धारित 50 ओवरों में तीन विकेट पर 271 रन का स्कोर खड़ा किया। थाईलैंड की ओर से ओन्निचा कामचोम्फु, फन्निता माया, थिपत्चा पुथवोंग ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### चंडीगढ़, तेलंगाना दिल्ली, केरल व पंजाब ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप में जीत दर्ज की

**झांसी, वार्ता।** 15वीं हॉकी इंड़िया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2025 के छठे दिन चंडीगढ़, तेलंगाना , दिल्ली और केरल ने ड़िवीजन बी में अपने-अपने मैच जीते। वहीं ड़िवीजन ए में पंजाब ने ओड़िशा को हराया। दिन के शुरुआती मैच में चंडीगढ़ ने ड़िवीजन बी के पूल ए में उत्तराखंड को 9-0 के शानदार स्कोर से हराया। चंड़ीगढ़ के लिए अमनदीप ने (22वें, 32वें) और गुरमुख सिंह ने (30वें, 36वें) मिनट में दो-दो गोल किए, जबकि अंकुश ने (13वें), इंद्रपाल सिंह ने (24वें), सुनील ने (35वें), दीपक ने (37वें) और मोहित ने (41वें) मिनट में गोल किए। इसी पूल में तेलंगाना ने आंध्र प्रदेश को 8-2 से हराया। तेलंगाना के लिए अयप्पा पी आर ने (छठे, 20वें, 31वें, 52वें) मिनट में गोल. कर बेहतरीन प्रदर्शन किया।

# बेंगलुरु ने दिल्ली को 164 रन का लक्ष्य दिया

- **टिम डेविड ने 37 रन बनाए, कुलदीप और विपराज को 2-2 विकेट**

टिम डेविड ने 37 रन बनाए( कुलद. ीप और विपराज को 2-2 विकेट-

**बेंगलुरु, वार्ता।** आईपीएल के 24वें मैच में रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरस. ीबी) ने दिल्ली कैपिटल्स को 164 रन का टारगेट दिया है। गुरुवार को चिन्नास्वामी स्टेडियम में दिल्ली ने बालिंग चुनी। बेंगलुरु ने 7 विकेट खोकर 163 रन बनाए। दिल्ली से कुलदीप यादव और विपराज निगम ने 2-2 विकेट लिए।

दिल्ली ने 1 ओवर के बाद बगैर नुकसान के 1 रन बना लिया है। टीम से फाफ डु प्लेसिस और जैक फ्रेजर मैगर्क पिच पर हैं। बेंगलुरु से भुवनेश्वर कुमार ने पहला ओवर फेंका। आरसीबी से टिम डेविड और फिल साल्ट ने 37-37 रन बनाए। विराट कोहली ने 22 और कप्तान रजत पाटीदार ने 25 रन बनाए। दिल्ली से मोहित शर्मा और मुकेश कुमार को 1-1 विकेट मिला। एक बैटर रनआउट भी हुआ। दिल्ली से फाफ डु प्लेसिस और जैक फ्रेजर मैगर्क ओपनिंग करने उतरे। बेंगलुरु से भुवनेश्वर कुमार ने पहला ओवर फेंका। ओवर से 1 रन बना। रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 163 रन बनाए। टीम से टिम डेविड और फिल साल्ट ने 37-37 रन की पारियां खेलीं। कप्तान रजत पाटीदार ने 25 और विराट कोहली ने 22 रन बनाए। दिल्ली से विपराज निगम और कुलदीप यादव ने 2-2 विकेट लिए।

आरसीबी ने 20वें ओवर में अपने 150 रन पूरे किए। टिम डेविड ने ओवर की पहली बाल पर छक्का लगाया और टीम को 150 के पार पहुंचाया। आरसीबी ने 18वें ओवर में 7वां विकेट गंवा दिया। विपराज निगम ने क्रुणाल पंड्या को कैच कराया। क्रुणाल 18 ही रन बना सके। आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार 23 गेंदों में 25 रन बनाने के बाद आउट हो गए। उन्हें कुलदीप यादव ने 15वें ओवर में विकेटकीपर केएल राहुल के हाथों कैच कराया। बेंगलुरु ने 13वें ओवर की दूसरी बाल पर जितेश शर्मा का विकेट भी गंवा दिया। उन्हें कुलदीप यादव ने विकेट के पीछे केएल राहुल के हाथों कैच कराया। जितेश ने 11 गेंद पर 3 रन बनाए। आरस. ीबी ने 12वें ओवर में अपने 100 रन पूरे कर लिए। कप्तान रजत पाटीदार ने मोहित शर्मा के खिलाफ चौका लगाया और टीम की सेंचुरी पूरी कराई। आरसीबी ने 10वें ओवर में चौथा विकेट गंवाया। मोहित शर्मा ने ओवर की तीसरी गेंद पर लियम लिविंगस्टन को कैच कराया। लिविंगस्टन 4 ही रन बना सके। आरसीबी ने 7वें ओवर में विराट कोहली का विकेट भी गंवा दिया। उन्हें लेग स्पिनर विपराज निगम ने लान्ग आफ पर मिचेल स्टार्क के हाथों कैच कराया। कोहली ने 22 रन बनाए। छठे ओवर की चौथी बाल पर बेंगलुरु ने दूसरा विकेट भी गंवा दिया। मुकेश कुमार ने देवदत्त पडिक्कल को मिड आन पर कैच कराया। पडिक्कल 1 ही रन बना सके। चौथे ओवर में आरसीबी के ओपनर फिल साल्ट रनआउट हो गए। अक्षर पटेल के ओवर की पांचवीं गेंद पर वे सिंगल लेने गए, लेकिन रनआउट हो गए। साल्ट ने 17 गेंद पर 37 रन बनाए। उनकी पारी में 4 चौके और 3 छक्के शामिल रहे।

# क्रिकेट में काफी बदलाव आया है जो सही नहीं है: संदीप पाटिल



**टेस्ट क्रिकेट को जिंदा रखने के लिए आईसीसी से किया आग्रह:संदीप पाटिल**

**अलवर, वार्ता।** वर्ष 1983 में विश्व कप विजेता रही भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य और नेशनल क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के डायरेक्टर रहे संदीप पाटिल ने कहा है कि वर्तमान में क्रिकेट में काफी बदलाव आया है जो कि इसके लिए सही नहीं है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर पाटिल ने गुरूवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पिछले 10 वर्षों में क्रिकेट में काफी बदलाव आया है अब स्थिति यह है कि बेसिक सिखने की जरूरत है। उन्होंने आईपीएल, 20- 20 मैच पर सवाल उठाते हुए कहा कि अब हालात यह है कि एक-एक दिन में दो-दो मैच हो जाते हैं। तीन घंटे में परिणाम सामने आ जाता है लेकिन जो मूल क्रिकेट है, टेस्ट मैच पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से आग्रह किया कि टेस्ट क्रिकेट को लजदा रखा जाए। उन्होंने कहा कि बैट और बल्ले के अलावा पूरी क्रिकेट में बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि क्रिकेट का यह बदलाव खिलाड़ियों से बेसिक क्रिकेटर को कम कर रहा है। उन्होंने कहा कि एनसीए द्वारा छोटे-छोटे शहरों से अवेयरनेस कार्यक्रम चला कर क्रिकेट के खिलाड़ी सामने ले जा रहे हैं। कई बड़े खिलाड़ी अब छोटे-छोटे कस्बों से गांव से भी निकल कर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्रिकेट में राजनीति भी होती है लेकिन राजनीति अपनी जगह है। उन्होंने कहा कि मेरा मूल उद्देश्य है कि क्रिकेट में किसी भी खिलाड़ी के साथ अन्याय नहीं हो। उन्होंने कहा कि एनसीए के बड़े-बड़े कोच हमारे प्रोग्राम से जुड़े हुए हैं और छोटे शहरों में यह दिक्कत आती है कि जहां कोचिंग दी जाती है। उन्होंने कहा कि अलवर एक ऐसी जगह है जो दिल्ली और जयपुर की कनेक्टिविटी के बीच है, जयपुर में तो निश्चित रूप से क्रिकेट काफी खेला जाता है। हमारा प्रयास है कि अलवर में भी अकादमी शुरू करें और यहां से छोटे-छोटे बच्चे क्रिकेट खेले और जिसे शहरों और कस्बों का नाम हो।

# भाकियू युवा जिलाध्यक्ष समेत कई पर संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज

## भैंसराऊ में हुई हिंसक घटना के बाद पुलिस की कार्रवाई, आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर क्षेत्र के ग्राम भैंसराऊ में 6 अप्रैल को हुई एक हिंसक घटना के बाद पुलिस ने भारतीय किसान यूनियन टिकैत के युवा जिलाध्यक्ष नदीम अंसारी, वसीम, असलम और अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई गुफरान पुत्र मौहम्मद शफी की शिकायत पर की गई, जिन्होंने आरोप लगाया कि उक्त अभियुक्तों ने उनके घर में घुसकर उनके परिवार के साथ मारपीट की, गाली-गलौज किया और जान से मारने की धमकी दी।

गुफरान के अनुसार, 6 अप्रैल 2025 को रात करीब 9 बजे वसीम, नदीम (दोनों सलीम उर्फ निन्ना के पुत्र) और असलम पुत्र शरीफ साहिब (नसीर का पुत्र), सभी भैंसराऊ गांव के निवासी, उनके घर में घुस आए। अभियुक्तों ने गंदी-गंदी गालियां दीं और मारपीट शुरू कर दी। गुफरान का कहना है कि यह हमला कुछ दिन पहले गांव से एक नशे के तस्कर की गिरफ्तारी के कारण हुआ, जिसमें उनकी शिकायत को जिम्मेदार ठहराया गया। हमलावर धमकी देकर फरार हो गए। अगले दिन, 7 अप्रैल 2025 को दोपहर 2:20 बजे, अभियुक्तों में से दो लोग फिर से गुफरान के घर आए और गालियां देते हुए पुलिस में शिकायत करने की धमकी दी। इसके बाद, भारतीय किसान यूनियन के युवा जिलाध्यक्ष नदीम अंसारी वह वसीम, असलम सहित तीन अन्य अज्ञात व्यक्तियों ने दोबारा घर में घुसकर धारदार हथियारों, सरियों और लाठियों से हमला किया। इस हमले में गुफरान के भाई जाहिद, जुल्फान, भाभी जरीफन और पुत्र सावेज को गंभीर चोटें आईं। पड़ोसियों ने चीख-पुकार सुनकर परिवार को बामुश्किल बचाया। गुफरान की शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 191(2) (झुंड बनाकर अपराध करना), धारा 333 (गंभीर चोट पहुंचाना), धारा 352 (मारपीट), धारा 115(2) (जान से मारने की कोशिश), और धारा 351(2) (धमकी देना) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। थानाप्रभारी ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

सूत्रों के अनुसार, भारतीय किसान यूनियन टिकैत के युवा जिलाध्यक्ष नदीम अंसारी पर किसान यूनियन के नाम का दुरुपयोग कर लोगों से पैसे ठगने के भी आरोप हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नदीम अंसारी संगठन के नाम का फायदा उठाकर क्षेत्र में प्रभाव जमाने और आर्थिक लाभ कमाने की कोशिश कर रहे हैं। उनके खिलाफ ठगी और परेशान करने की शिकायतें भी प्रचलित हैं, जिससे ग्रामवासियों में नाराजगी बढ़ रही है। पुलिस ने इस मामले में जांच तेज कर दी है और नदीम अंसारी सहित सभी आरोपियों की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी है। थानाप्रभारी ने कहा कि सभी आरोपों की गहन पड़ताल की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# सिंह ब्रदर्स वैलफेयर के अध्यक्ष बने मनिंदर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनपद की सिंह ब्रदर्स वेलफेयर सोसाइटी संस्था के कार्यकर्ताओं की एक बैठक गुरुद्वारा साहिब नुमाइश कैंप में सम्पन्न हुई।

बैठक में संस्था की नई कमेटी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष मनिंदर सिंह एवं प्रबंधक मनजोत सिंह कोषाध्यक्ष चरणप्रीत सिंह सैक्टर अध्यक्ष शेर सिंह, राजविंदर सिंह, सचिन सिंह, साहिब सिंह मीडिया प्रभारी तेजपाल सिंह को चुना गया। इस दौरान प्रचारक गुरजंट सिंह ने बताया कि सिंह ब्रदर्स वेलफेयर सोसाइटी संस्था तकरीबन पिछले 7 वर्षो से जरूरतमंदों की सेवा एवं हर क्षेत्र में गुरमत कैंप लगाकर धर्म का प्रचार करते आ रही है आगे भी इसी तरह करती रहेगी। संस्था का मुख्य उद्देश्य यही है कि कोई भी आपदा आने पर जरूरतमंदों की मदद करनी जो जरूरतमंद बच्चे हो उनकी पढ़ाई पर विशेष ध्यान देना और मेडिकल कैंप, गुरुमत कैंप जैसी और भी कई ऐसी सेवा है जो सिंह ब्रदर्स संस्था तन मन धन के साथ उस कार्य पर लगी रहती है और आगे भी लगी रहेगी। इस अवसर पर प्रचारक गुरजंट सिंह, मनिंदर सिंह, मनजोत सिंह, चरणप्रीत सिंह, शेर सिंह, साहिब सिंह, तेजपाल सिंह, राजविंदर सिंह, त्रिलोचन सिंह, हरमीत सिंह, आकाश दीप सिंह, हरप्रीत सिंह, गुर. विंदर सिंह, हरजस सिंह, तमंदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# डीएम का इण्डियन हर्ब्स में भ्रमण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनपद की प्रतिष्ठित आर्युवेदिक कम्पनी इंडियन हर्ब्स स्पेशलिटीज का आज जिलाधिकारी मनीष बंसल द्वारा भ्रमण किया गया।

जिलाधिकारी ने संस्थान की उत्पादन व गुणवत्ता प्रबंधन गति. विधियों का बारीकी से अवलोकन किया तथा संस्थान के अनुसंधान एवं विकास केन्द्र में स्थापित विभिन्न आधुनिकतम अनुसंधान तकनीकी उपकरणों का अवलोकन व उनके सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक सुधाकर अग्रवाल ने संस्थान की आधुनिक उत्पादन प्रक्रियाओं के बारे में जिलाधिकारी को जानकारी दी व बताया कि संस्थान द्वारा वर्तमान में लगभग 55 देशों में अपने उत्पादों का निर्यात किया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा संस्थान के उत्पादों की गुणवत्ता एवं उत्पादन प्रक्रियाओं की सराहना की गई तथा संस्थान को उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर लघु उद्योग भारती के मण्डल अध्यक्ष अनुपम गुप्ता, अध्यक्ष वरूण मित्तल, संस्थान के राघव अग्रवाल, प्लांट हैड दिनेश पुण्डीर, एचआर हैड अशोक धीमान, लाईजन मैनेजर पंकज कपूर एवं विवेक कुमार आदि उपस्थित रहे।

# होम्योपैथिक चिकित्सकों ने मनाया डा. हैनिमैन का जन्मदिवस



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्रेजुएट होम्योपैथिक डाक्टर्स एसोसिएशन होम्योपैथिक चिकित्सा के जनक डा. सैमुएल हैनिमैन का 270वाँ जन्मदिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

संस्था के संरक्षक डा. पी. डी. गर्ग द्वारा मुख्य होम्योपैथिक निदेशक ुर डा. नेत्रपाल सिंह विशिष्ट अतिथि, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डा० विवेक कुमार यादव के साथ ज्ञान का दीपक प्रज्जवलित करके डा० हैनिमेन के जन्मोत्सव के कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। संस्था के अध्यक्ष डा. शिशिर भारद्वाज द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सभी अतिथियों का सम्मान किया गया एवं अपने संदेश द्वारा सभी को जागरूक किया। संस्था के संरक्षक डा. पी. डी. गर्ग होम्योपैथिक चिकित्सा जगत में ख्याति प्राप्त होम्योपैथिक चिकित्सक है जिनके अथक प्रयास द्वारा ही आज इस एसोसिएशन द्वारा डा. हैनिमैन का 270वाँ जन्मदिवस मनाया जा रहा है। संस्था के सचिव डा. अजय सैनी, डा. सोनिया मनचन्दा, वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डा. शमशाद, संस्था के कोषाध्यक्ष डा. संदीप ठक्कर ने कहा कि डॉक्टर हैनीमैन इस चिकित्सा पद्धति विश्व अपना रहा है जो होम्योपैथिक चिकित्सा कार्य कुशलता का परिचायक है।

इस अवसर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया और सभी चिकित्सकों को स्मृति चिन्ह देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया जिसमें इनका विशेष सहयोग डा. अजय वालिया, डा. एस. के. जैन, डा. संदीप पसरीचा एवं डा. मनोज सिंघल द्वारा किया गया। संस्था के नवयुवक डा. अभिनव गर्ग ने डा. हैनिमैन के द्वारा स्थापित नियम व विज्ञान के बारे में विस्तार से बताया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला में डा. संजय शर्मा एवं डा. पूनम यादव द्वारा हृदय को छूने वाली प्रस्तुति प्रस्तुत करके संपूर्ण सभागार को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में एसोसिएशन परिवार के रूप में डा. बलजिंदर कौर, डा. रमेश मनचन्दा, डा. राकेश शर्मा, डा. हरिश मनचंदा, डा. शिवदर्शन पुंडीर, डा. सतीश चावला, डा. मनीष भाम्बे, डा. विनित चौधरी, डा. रोहन मनचंदा, डा. चौतन्य वशिष्ठ, डा. शिवाय, डा. प्रवेश कुमार, डा. अंशुल जैन आदि उपस्थि रहे।

# होम्योपैथी से लाखों लोगों को मिल रहा लाभ: डा. असलम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नेशनल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डा. असलम खान ने कहा कि होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति आज दुनियाभर में लाखों लोगों को स्वस्थ बना रही है।

डा. असलम खान ने यह बात कालेज में मनाये गये डा. सैमुएल हैनीमैन के जन्मदिवस पर कही। उन्होने कहा कि डॉ. हैनीमैन ने उस समय जब एलोपैथी सीमित और हानिकारक थी, तब एक नई, सरल और प्राकृतिक चिकित्सा प्रणाली दी। उनका योगदान मानवता के लिए अमूल्य है। इस अवसर पर हम उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करते हैं और उनके सिद्धांतों को अपनाकर रोगियों की निस्वार्थ सेवा का संकल्प लेते हैं।

# सक्रिय कार्यकर्ता को प्राथमिकता: मनीष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी ने कहा कि संगठन में ईमानदार एवं कर्मठ कार्यकर्ताओं को तरजीह दी जाएगी तथा उन्हें बड़ी जिम्मेदारी से नवाजा जाएगा।

श्री त्यागी आज गुरुद्वारा रोड स्थित महानगर कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मशविरा करके एक मजबूत संगठन का गठन करना हैं, ताकि हम कांग्रेस की नीतियों एवं कार्यक्रमों को आम जनता तक लेकर जा सकें। मनीष त्यागी ने कहा कि संगठन में कर्मठ व ईमानदार लोगों को जिम्मेदारी दी जाएगी। त्यागी ने कहा कि मैं आज ही समस्त कार्यकर्ताओं तक हाई कमान का यह स्पष्ट निर्देश पहुंचा देना चाहता हूं कि



संगठन के कार्यों में किसी भी तरह की उदासीनता व लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारियों को जो भी उत्तरदायित्व दिया जाएगा उन्हें उसका कर्मठता और ईमानदारी के साथ उसका निर्वहन करना होगा। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि सेक्टर और बूथ कमेटियां किसी भी संगठन की रीढ़ होते हैं और हम महानगर कमेटी के गठन के पश्चात शीघ्र ही सेक्टर व बूथ कमेटियों के पुनर्गठन एवं उनकी मजबूती के लिए काम करेंगे। पूर्व प्रदेश सचिव अशोक सैनी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरिओम मिश्रा ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि जो लोग संगठन में नियमित समय देकर अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन कर सकने में समर्थ हों, वे ही जिम्मेदारी लें, क्योंकि हाईकमान के निर्देशानुसार अब संगठन में किसी भी प्रकार की निष्क्रियता को हाई कमान बर्दाश्त नहीं करेगा। बैठक में पूर्व प्रदेश सचिव अशोक सैनी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरिओम मिश्रा, सरदार चंद्रजीत सिंह निक्कू, सेवादल जिला अध्यक्ष इमरान कुरेशी, धर्मपाल जोशी, अमरदीप जैन, इकराम खान, सोनू पठान, सौरभ भारद्वाज, श्याम बिहारी शर्मा, डॉ यासमीन राव, मयंक शर्मा, आरिश सिद्दीकी, शिवेंद्र लाल, नसीब खान, इंद्रपाल, घनश्याम पंत, खुर्शीद, शमीम, शुभम शर्मा, विपिन कांत शर्मा, चंद्रशेखर पासी, अमित राठौर, सुनील राठौर आदि सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस संख्या में कांग्रेसजन शामिल रहे।

# मस्जिद के गल्ले से नकदी उड़ाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** चोरो के हौंसले इतने बढते जा रहे है कि चोर अब धार्मिक स्थलों को भी निशाना बनाने से नही चूक रहे है। ऐसा ही मामला मालियान मस्जिद में देखने को मिला। जहां से चोर ने गल्ला का कुंडा तोड हजारों रूपये की नगदी चुरा ली।

जानकारी के मुताबिक नगर कोतवाली के मौहल्ला मालियान में चोर ने वारदात को अंजाम देते हुए मस्जिद में चंदे के लिए रक्खे गल्ले पर हाथ साफ कर लिया। मस्जिद के जिम्मेदारान ने बताया कि सुबह फजर की नमाज अदा करने के बाद लोग अपने घरों के लिए चले गये थे। करीब सवा सात बजे एक युवक मस्जिद में घुसा और चंदे के लिए रक्खे गल्ले में से हजारों की नगदी उडा ली। जिसकी यह पूरी वारदात मस्जिद में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी, लेकिन चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले युवक की शिनाख्त नही हो सकी।

# 11 कन्याओं का कराया विवाह



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** श्री राम बालाजी सेवा समिति द्वारा वार्षिकोत्सव पर 11 कन्याओं का विवाह कराया गया।

श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में समिति सदस्यों पर विवाह की तमाम व्यवस्थाएं की गई थी। जैसे ही दूल्हों की बारात आई तो उनका स्वागत किया गया। मंच पर दुल्हों के परिजनों ने सेवल की रस्म अदायगी की गई। जिसके बाद दूल्हा दुल्हन ने एक दूसरे को वर माला पहनाई। मंत्रोंच्चारण के बीच हुए फेरों के बाद दुल्हा दुल्हन वैवाहिक बंधन में बंध गये। दूल्हों का तिलक विपिन अग्रवाल तथा कन्यादान राज. ेश्वर वर्मा व सतीश सिंघल द्वारा किया गया। समाजसेवी संजय कर्णवाल ने नवजोडों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

विवाह समारोह में अध्यक्ष सचिन गोयल, उत्सव संचालक प्रवीण वर्मा, मुख्य सलाहकार राहुल जैन, मंत्री सौरभ मित्तल, कोषाध्यक्ष कमल चौरसिया, मुकेश चौरसिया, मनोज गोयल, हर्ष खन्ना, कपिल कंसल, अभिषेक गुप्ता, नितिन गोयल, अनिरूद्ध वर्मा, लाखन वर्मा, नितिश गोयल, अनुज गोयल, हितेष गर्ग, रवि सैनी, राजन सैनी, विपिन सैनी, अंशुल जैन, सचिन गुप्ता, ध्रुव कश्यप, देव गर्ग, मनी वर्मा व रचित आदि मौजूद रहे।

# आयोग के निर्देश पर मुकदमा दर्ज

**तीतरों।** अनुसूचित आयोग के निर्देश पर चार लोगों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया गया।

गांव मनोहरा निवासी राहुल के साथ गांव के ही कई लोगों ने मारपीट कर दी थी। इतना ही नहीं खेत की मेड पर खड़े पेड़ भी उखाड़ दिए गए थे। मामले की पैरवी कर रहे राहुल के भाई विपिन ने बताया कि तहरीर वापस लेने का दबाव बनाया। इसके बाद फिर से दो बार मारपीट की गई और फैसला करने का दबाव बनाया गया। पीड़ित ने अनुसूचित आयोग का दरवाजा खटखटाया तो अनुसू. चत आयोग ने आरोपियों के खिलाफ जाति सूचक शब्द कहने, मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी में मामला दर्ज करने का नोटिस भेज दिया। पुलिस इस मामले में गांव के ही चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# उच्च शिक्षा देना प्राथमिकता: डॉ खालिद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वर्ष 2024 में शिक्षा के क्षेत्र में पदार्पण करने वाला पाईन हिल्स एकेडमी अपने कुशल नेतृत्व के चलते जल्द ही सुर्खियों में जा पहुंचा है। मण्डी समिति रोड पर स्थित एकेडमी की शुरूआत अभी प्री-नर्सरी से कक्षा आठ तक की गयी है, लेकिन जल्द ही इसकी शाखाएं शहर के अन्य स्थानों पर खोले जाने के संकेत मिले है। जहां कक्षा 12 तक की पढ़ाई उच्च स्तर पर करायी जायेगी।




जानकारी लेने पर पाईन हिल्स एकेडमी के डायरेक्टर डॉ खालिद अंसारी एडवोकेट ने बताया कि प्रधानाचार्य सैयद मौहम्मद समीर की देखरेख में समस्त स्टाफ निष्ठा व लगन के साथ बच्चों को शिक्षा देने का कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि एकेडमी में उच्च शिक्षित स्टाफ, स्मार्ट क्लासेज तथा बच्चों के लिये प्ले ग्राउण्ड की सुनिश्चित व्यवस्था की गयी है। साथ ही बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए सी.सी. टीवी कैमरे लगाये गये है, ताकि व्यवस्थाओं पर बारीकी से नजर रखी जा सके।

डॉ खालिद अंसारी एड. ने यह भी जानकारी दी कि प्रारम्भ से ही बच्चों को उच्च शिक्षा देने के साथ ही विभिन्न खेलों के माध्यम से इनके मनोरंजन का विशेष ख्याल रखा गया है। आने वाले समय में कक्षा 12 तक का स्कूल खोलने का इरादा है जिससे बच्चों को एडमिशन के लिये इधर-उधर भटकना न पड़े। इसके लिये जमीन का चयन कर लिया गया है और अपने इस सपने को जल्द ही साकार कर लिया जायेगा।

पाईन हिल्स एकेडमी के अध्यक्ष सऊद खान ने कहा कि हमारे स्कूल में लड़कियों के लिये एडमिशन फीस फ्री की गयी है, जिससे लड़कियों की पढ़ाई में कोई रूकावट न आये और उन्हे बेहतरीन शिक्षा मिल सके। आज के समाज में लड़कियों के लिये बेहतरीन शिक्षा का मिलना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि स्कूल का उद्देश्य बच्चों के उज्जवल भविष्य का निर्माण करना है जिसके लिये पाईन हिल्स एकेडमी सदैव तत्पर है और हमेशा रहेगा।

# अटूट भक्ति भाव से मनाया गया जन्म कल्याणक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर के विभिन्न जैन मंदिरों में जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर प्रभु महावीर स्वामी जी का जन्म कल्याणक महोत्सव बड़े ही धूमधाम उत्कृष्ट ढंग से भक्ति भावपूर्वक मनाया गया और भव्य शोभा यात्रा निकल गई।

सर्राफा बाजार स्थित श्री मंदिर जी के प्रांगण में प्रवचन करते हुए आर्यिक रत्न श्री आर्षमति माताजी ने बताया विश्व शांति भगवान महावीर स्वामी की उपदेशों में निहित है, सत्य अहिंसा, अचौर्य, ब्रह्म और अपरिग्रह के सिद्धांतों को अपनाकर मानव शांति के साथ प्रगति के पथ पर अग्रसर हो सकता है। भव्य अलौकिक झांकियो से सुसज्जित बैंड बाजा पर की भजनों की धुनो से गूंजायमान यात्रा कबाड़ी बाजार स्थित जैन मंदिर जिसे प्रारंभ हुई यात्रा कबाड़ी बाजार सर्राफा बाजार नया बाजार मोरगंज बाजार बड़तला यादगार दीनानाथ बाजार हवाईहट्टा रानी बाजार रायवाला होते हुए जैन बाग स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर की पहुंची जहां इंद्रवेश में सिर पर मुकुट लगे इंद्रो ने हाथों में रजत कलश ले श्री जी का जलाभिषेक किया।



समाज के अध्यक्ष राजेश जैन ने कहा कि विगत वर्षों में समाज के अनेक पुरुष महिलाओं ने अपने कल्याण के साथ साथ प्रतिमाओं के व्रत लेकर समाज के गौरव को बढ़ाया है, जिसमें अनिल जैन-शोभा जैन, सुनीता जैन और मंजू जैन के नाम उल्लेखनीय है।

आज वीर प्रभु का जन्मकल्याणक महोत्सव अभूतपूर्व, भव्य ऐतिहासिक रहा 17 फुट के स्वर्णमयी रथ पर श्री जिनेंद्र प्रभु की भव्य प्रतिमा को देव जैन खवासी के रूप में लेकर बैठे हुए थे, कुबेर के रूप में विपिन जैन, सारथी के रूप में सौरभ गौरव जैन, हैंडल पर सारथी के रूप में अविनाश जैन विराजमान थे।

अपराहन में श्रीजी का स्वर्णमयी रथ वीर प्रभु की अतिशयकारी प्रतिमा के साथ जैन बाग स्थित मंदिर में हजारों स्त्री पुरुष युवा वृद्ध बालक बालिकाओं की भक्ति के साथ पहुंचा। श्री महावीर प्रभु की चार अतिशयकारी प्रतिमाओं का विश्व शांति एवं प्राणी मात्र के कल्याण के लिए विधि विधान मंत्रोच्चार के साथ 31 फीट ऊंची विशेष रूप से तैयार की गयी भव्य पांडूशिला पर मंगलाभिषेक किया गया।

महापौर डॉ अजय सिंह, महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई, पूर्व महानगर अध्यक्ष हेमंत अरोड़ा, नीरज शर्मा, देव कुमार जैन पुनीत जैन गौरव पार्षद मुकेश गग्कड, पूर्व पार्षद मनोज जैन मानसिंह जैन श्री जी के दर्शन कर आर्याकारत्न आषर्मति जी का स्नेह भरा आशीर्वाद प्राप्त किया।

# भगवान महावीर के सिद्धांतों पर चलने का आह्वान



**सहारनपुर।** सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन के बार प्रांगण में भगवान महावीर जयन्ती समारोह का आयोजन किया गया जिसमें नमो. कार मंत्र का उच्चारण सभी अधिवक्ताओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम में भगवान महावीर के विचारों अहिंसा के संदेश का प्रवचन भी दिया गया।

सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष अभय सैनी एडवोकेट ने कहा कि भगवान महाव. ीर द्वारा बताए गए मार्ग पर चल कर सुख-शाति प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर के जन्म के समय देश में स्थिति विषम थी। ऐसे समय में भगवान महावीर ने जात-पात के बंधनों से मुक्ति दिलाकर स्त्री जाति का कल्याण किया। महासचिव अजय कौशिक एडवोकेट ने कहा कि भगवान महावीर ने सत्य, अहिसा का संदेश देकर समाज को सही रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया और विश्व में पूजनीय बन गए। उन्होंने कहा कि अहकार और द्वेष ही हमें सही रास्ते से भटका देता है। कार्यक्रम में बाबू बिशम्बर सिंह पुण्डीर एडवोकेट द्वारा पूजन कर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रमोद शर्मा, अरविन्द शर्मा, अमरीश पुण्डीर उर्फ लाला भाई, पूर्व अध्यक्ष राजीव गुप्ता, राजेन्द्र सिंह चौहान, राधे श्याम पुण्डीर, राहुल त्यागी, आदित्य अंग. ीरस, निशान्त त्यागी नितिन शर्मा, रमन गुप्ता, शैलेन्द्र कान्त जैन, नमित जैन, दीपक जैन, गौरव जैन, सौरभ जैन, उमंग जैन, संदीप पुण्डीर, गरिमा जैन, अरिहन्त जैन, उदय जैन सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

## संघीय सिद्धांतों का रेखांकन

मीडिया मानता है कि सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपालों के संवैधानिक जिम्मेदारी निभाने के तरीके को वास्तव में बदल दिया है। यह हस्तक्षेप ऐसे समय में हुआ है, जब राज्यपालों और गैर-भाजपा शासित राज्यों की सरकारों के बीच तनाव चरम पर पहुंच गए हैं। तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि के आचरण पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला केंद्र-राज्य संबंधों पर दूरगामी प्रभाव डालने वाला है। मीडिया में सुर्खियों में छाया हुआ है यह मामला। यह फैसला देते हुए शीर्ष अदालत ने भारत के संघीय सिद्धांतों को रेखांकित किया, वह भी एक ऐसे दौर में जो यकीनन चिंताजनक है। यह निर्णय राज्यों की प्रशासनिक स्वायत्तता में वृद्धि करता है, और संवैधानिक पदों के कामकाज का विनियमन करता है, जिसका असर पूरे देश के लिए होगा। राज्य विधानसभा द्वारा पारित 10 विधेयकों के साथ रवि के सलूक से संबंधित इस मामले में, खासकर राज्य-संचालित विश्वविद्यालयों (जहां राज्यपाल कुलाधिपति का काम करते हैं) में कुलपतियों (वीसी) की नियुक्ति जैसे मुद्दों को लेकर। यह कोई संयोग नहीं है कि इस मामले के केंद्र में जो विधेयक थे, वे कुलपतियों की नियुक्ति का अधिकार राज्यपाल की जगह राज्य सरकार को देना चाहते थे। राज्य विधानसभा द्वारा इन विधेयकों को दोबारा अंगीकार किए जाने के बाद रवि ने इन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अग्रसारित कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि माना जाता है कि इन विधेयकों को मंजूरी मिल गई है। उसने विधेयकों को राष्ट्रपति के पास भेजने की राज्यपाल की कार्रवाई का जिक्र नेकनीयत नहीं के रूप में किया, और उनके आचरण को हमनमाना, कानून में नामौजूद व त्रुटिपूर्ण करार दिया, यह भाषा राज्यपाल कार्यालय के कामकाज के मूल्यांकन जैसी थी। सामान्य हालात में, ऐसी कड़ी फटकार का नतीजा उस व्यक्ति के इस्तीफे के रूप में सामने आता, जिसका आचरण समीक्षाधीन था, यानी आरएन रवि, लेकिन ये सामान्य हालात नहीं हैं और रवि यकीनन वही राजनीतिक पक्षपाती भूमिका निभा रहे हैं, जो उन्हें केंद्र में बैठी सरकार ने सौंपी है। और केंद्र सरकार की अगुवाई करने वाली भाजपा तमिलनाडु में सत्तारूढ़ डीएमके को दुश्मन की तरह नापसंद करती है। अड़चन ही रणनीति है। इस फैसले का महत्व एक राज्यपाल विशेष की निंदा से परे जाता है। यह विधेयकों पर राज्यपालों के कार्रवाई करने के लिए निश्चित समयसीमा तय करता है। यह सुनिश्चित करता है कि राज्यपाल अब समीक्षा के बहाने कानून-निर्माण में बेमियादी देरी नहीं कर सकेंगे या मनमौजी ढंग से या दंड से बेपरवाह होकर काम नहीं कर सकेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने एक संवैधानिक सिद्धांत की तस्दीक की है जिसे अक्सर कमजोर किया जाता रहा हैरू जो यह है कि राजभवनों को पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ काम करना चाहिए। अब कानून लागू हो जाने के बाद, तमिलनाडु सरकार के पास कुलपतियों की नियुक्ति का अधिकार है और उसे 12 विश्वविद्यालयों में इन रिक्तियों को भरने के लिए तेजी से काम करना चाहिए। अतीत में भ्रष्टाचार के आरोपों को देखते हुए, ए नियुक्तियां मेधा, ईमानदारी, और क्षमता के आधार पर की जानी चाहिए। यह फैसला सिर्फ कानूनी मील का पत्थर नहीं है।

## तहव्वुर राणा को भारत लाने का श्रेय कांग्रेस को



**मुंबई** आतंकवादी हमले के मुख्य साजिशकर्ता तहव्वुर हुसैन राणा को भारत लाने का श्रेय मोदी सरकार ले रही है, लेकिन सच यह है कि उसे भारत लाने में कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार की मेहनत आज रंग लाई है, लेकिन पूरी कहानी यह है कि मोदी सरकार इस घटनाक्रम का श्रेय लेने के लिए होड़ में लगी है, जबकि सच्चाई उनके दावों से कोसों दूर है, प्रत्यर्पण डेढ़ दशक की कठिन, परिश्रमी और रणनीतिक कूटनीति का परिणाम है, जिसकी शुरुआत, अगुवाई और निरंतरता संप्रग सरकार ने अमेरिका के साथ समन्वय द्वारा सुनिश्चित की थी, मोदी सरकार का इसमें कोई योगदान नहीं है, इस प्रक्रिया की शुरुआत हमने की थी, इसका यह भी तात्पर्य हुआ कांग्रेस की सरकार की गंभीर प्रयास और ईमानदार कोशिश से सबसे खतरनाक अपराधी को भी कानून की कठघरे में खड़ा किया जा सका है।

**पी. चिदंबरम**
**पूर्व केंद्रीय मंत्री**

# स्लीपर सेल मुक्त हो पाएगी कांग्रेस !

**मुमकिन है स्लीपर सेल अन्य राजनीतिक दलों में भी सक्रीय हों लेकिन उन पर यह असर इसलिए नहीं पड़ता क्योंकि या तो वे सांगठनिक रूप से बहुत मजबूत हैं या फिर ऐसे भी हैं जो ये मानकर चलते हैं कि ऐसा तो चलता रहता है। लेकिन कांग्रेस की मुसीबत यह है कि वह पिछले कई सालों से स्लीपर सेल को ढो रही है।**



यशोदा श्रीवास्तव

अहमदाबाद में संपन्न कांग्रेस वर्किंग कमेटी के दो दिवसीय सम्मेलन में यूं तो कई प्रस्ताव पारित हुए और तमाम विषयों पर चर्चा हुई लेकिन एक जो बड़ी चर्चा हुई वह है पार्टी के भीतर स्लीपर सेल। इस विषय पर बोलने की शुरूआत राजस्थान की एक पूर्व आदिवासी महिला विधायक ने की तो कानपुर के सांसद प्रत्याशी रहे आलोक शर्मा ने खुलकर इसकी पोस्टमार्टम कर दी। अच्छी बात यह है कि कांग्रेस नेतृत्व ने इसे अच्छा माना और पार्टी अध्यक्ष खड़गे से लेकर सोनिया और राहुल गांधी ने इसका समर्थन करते हुए तालियां भी बजाई।

मुमकिन है स्लीपर सेल अन्य राजनीतिक दलों में भी सक्रीय हों लेकिन उन पर यह असर इसलिए नहीं पड़ता क्योंकि या तो वे सांगठनिक रूप से बहुत मजबूत हैं या फिर ऐसे भी हैं जो ये मानकर चलते हैं कि ऐसा तो चलता रहता है। लेकिन कांग्रेस की मुसीबत यह है कि वह पिछले कई सालों से स्लीपर सेल को ढो रही है। ठीक है कांग्रेस को दिल्ली की कुर्सी पा लेना आसान नहीं है और अभी वह देश में इक्का दुक्का प्रदेश में ही सरकार में है लेकिन इसके पीछे कुछ प्रतिशत ही सही पार्टी के भीतर जगह बना लिए स्लीपर सेल की भूमिका से इन्कार नहीं किया जा सकता। कांग्रेस के उक्त सम्मेलन में कुछ हारे हुए प्रत्याशियों ने इशारों में ही सही अपनी हार के पीछे स्लीपर सेल की भूमिका का जिक्र किया है।

अच्छी बात यह है कि राहुल गांधी पार्टी के भीतर के ऐसे आस्तीन के सांपों को पहचान गए। यही वजह है कि वे अपने हर मीटिंगों में स्लीपर सेल का जिक्र करते हुए खुला कहते हैं कि ऐसे लोग पार्टी से बाहर जा सकते हैं। अहमदाबाद के सम्मेलन में राष्ट्रिय अध्यक्ष खड़गे ने भी कहा जो काम नहीं कर रहे वे चले जाएं या जो थक गए हैं वे रिटायरमेंट ले लें। राहुल गांधी और खड़गे के इस तरह खुला चेतावनी के बाद अभी तक पार्टी से किसी आस्तीन के सांप के बाहर आने की सूचना नहीं है लेकिन इसका मतलब यह भी नहीं कि पार्टी इससे से मुक्त है। कानपुर के सांसद प्रत्याशी रहे आलोक शर्मा जब कह रहे थे कि पार्टी संगठन का यह हाल है कि पदाधिकारी का चयन ऐसे परिवार के सदस्यों में से करते हैं जिसका सदस्य कांग्रेस में है, कोई भाजपा में और कोई सपा में है। जाहिर है वे बता रहे थे कि यही स्लीपर सेल है। अभी हाल ही पार्टी ने जिलों में जिलाध्यक्षों की सूची जारी की है और इन नवनियुक्त जिलाध्यक्षों से राहुल गांधी ने मुलाकात भी की है। जिलाध्यक्षों की नियुक्ती पर ध्यान दें तो यूपी में ही ढेर सारे जिलाध्यक्षों का मनोनयन शीर्ष नेताओं की सिफारिश पर हुआ जान पड़ रहा है जिनकी जमीनी भूमिका शून्य ही रहेगी। कुछ तो ऐसे भी हैं जो कुछ माह पहले ही भाजपा से आए और जिलाध्यक्ष बन गए। यूपी में जिलाध्यक्षों के बेतरतीब मनोनयन के पीछे एक कारण यह समझ में आ रहा है कि यहां तमाम जिलों में कांग्रेस के ढंग के नेता ही नहीं है जिनसे राय ली जाय और जो हैं वे बड़े सलीके से स्लीपर सेल की भूमिका निभा रहे हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस यूपी में 17 सीट पर ही लड़ी थी क्योंकि यहां सपा से उसका गठबंधन था। इस चुनाव में जहां कांग्रेस लड़ी वहां कांग्रेस के एक से एक पुराने नेता स्लीपर सेल की भूमिका में दिखाई दिए जो घूम तो रहे थे पार्टी प्रत्याशी द्वारा उपलब्ध कराए गए वाहनों में लेकिन वोट भाजपा के लिए मांग रहे थे। यूपी में कम से कम पांच सीटों पर कांग्रेस की हार में पार्टी के स्लीपर सेल की खतरनाक भूमिका रही है। इनमें महराजगंज, देवरिया, बासगांव, अमरोहा और कानपुर का नाम लिया जा सकता है। इनमें एकाध जगह तो पूरी की पूरी जिला इकाई ही स्लीपर सेल की भूमिका में थीं। मानना पड़ेगा कांग्रेस भी बहुत मजबूत कंधे वाली पार्टी है।

लोकसभा चुनाव में एक संसदीय सीट से कांग्रेस का एक सीनीयर नेता टिकट के लिए इसलिए आवेदन नहीं किया क्योंकि उसी के जाति वाले नेता को भाजपा उम्मीदवार बना रही थी। बाद में यह सीट सपा के खाते में चली गई थी जहां कांग्रेस के भितरघात के चलते सपा उम्मीदवार को मामूली वोटों से हार जाना पड़ा था। आखिर यही तो स्लीपर सेल है। खैर कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने देर से ही सही यदि अपने भीतर सक्रीय स्लीपर सेल को पहचान लिया तो यह अच्छी बात है लेकिन उसे इसकी छानबीन जिला स्तर से करनी होगी। आने वाले कुछ महीनों में नौ प्रदेशों के विधानसभा चुनाव होने हैं। स्लीपर सेल की पहचान के बीच प्रदेशों के ये चुनाव पार्टी के लिए बहुत अहम है। इसी चुनाव में यह भी देखना है कि पार्टी ने अहमदाबाद सम्मेलन में तय किए गए अपनी रणनीति पर कितना अमल कर पाती है। इन चुनावी प्रदेशो में कांग्रेस का संगठन भी एक चुनौती है, क्योंकि पार्टी ने यह भी तय किया है कि प्रत्याशियों के चयन में जिलाध्यक्षों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।



# क्योंकि वह अकबर नगर था....

**हमने राजनैतिक और सामाजिक रूप से जिस तरह का समाज निर्माण किया है, उसके अनुसार 'नियम' नाम, भाषा, जाति व धर्म के हिसाब से शेयर मार्केट की तरह उतरते-चढ़ते हैं। कुकरैल का लगभग एक किलोमीटर किलोमीटर लंबा इलाका अकबर नगर नाम के कारण मर गया, लेकिन शेष इलाका बच गया क्योंकि नाम में बहुत कुछ रखा है। गोमती नदी की 27 सहायक नदियों में से एक प्रमुख नदी है कुकरैल.. सौभाग्यवश ये नदी आज भी जिंदा है... हां! नाले के रूप में ही सही। हम लोग अपने बचपन में इस नदी में अक्सर नहाने आते थे...नदी के दोनों ओर बबूल, जंगली बेर, अमरूद, अर्रो, नीम...के तमाम दरख्त हुआ करते थे।**






पवन सिंह

**नाम** में क्या रखा है.. दरअसल जो रखा है नाम में ही रखा है..अगर नाम अकबर नगर नहीं होता तो अकबर नगर भी आज पंत नगर होता..!!! जो लोग 'नाम से नियम' और 'नाम से नदी क्षेत्र के नियम' देख रहे थे वे केवल तीन किलोमीटर की लंबाई-चौड़ाई तक दिखे और उसके बाद सब धुंधले हो गए..!! हमने राजनैतिक और सामाजिक रूप से जिस तरह का समाज निर्माण किया है, उसके अनुसार 'नियम' नाम, भाषा, जाति व धर्म के हिसाब से शेयर मार्केट की तरह उतरते-चढ़ते हैं। कुकरैल का लगभग एक किलोमीटर किलोमीटर लंबा इलाका अकबर नगर नाम के कारण मर गया, लेकिन शेष इलाका बच गया क्योंकि नाम में बहुत कुछ रखा है।

गोमती नदी की 27 सहायक नदियों में से एक प्रमुख नदी है कुकरैल.. सौभाग्यवश ये नदी आज भी जिंदा है... हां! नाले के रूप में ही सही। हम लोग अपने बचपन में इस नदी में अक्सर नहाने आते थे...नदी के दोनों ओर बबूल, जंगली बेर, अमरूद, अर्रो, नीम...के तमाम दरख्त हुआ करते थे जो कुकरैल नदी के दोनों मुहानों के साथ-साथ चलते थे। इस नदी में तमाम लोग कुत्ता काटने के बाद नहाने आते थे ...उनके लिए यह नदी ही रैबीज का टीका थी। कुकरैल नदी का उद्गम स्थल बीकेटी के पास स्थित दसौली गांव बताया जाता है। यह 28 किलोमीटर लंबी नदी है जो धीरे-धीरे अन्य नदियों की तरह मरती चली गई।

शहरीकरण हुआ और तमाम नाले कुकरैल में जोड़ दिए गए...। सीवर टैंकरों ने घरों का सीवेज खींच कर नदी में डालना आरंभ कर दिया और नतीजा यह हुआ कि एक और नदी की मौत हो गई। वर्ष, 2021 में इस नदी को पुनर्जीवित करने की योजना बनी। गोमती और कुकरैल में मिलने वाले नालों का रास्ता अलग करने पर काम आरंभ हुआ और योजना बनी कि कुकरैल रिवर फ्रंट की। इस योजना के फ्रंट पर अकबर साहेब आए और नवीन न्याय योजना ष्बुल्डोजर न्यायष का शिकार बने। अकबर साहेब निपट गए लेकिन नंबर आगे भी लगना था लेकिन आगे की कालोनियों को अभयदान मिला।नदियों की अपनी एक खुद की जल प्रणाली होती है। नदियां चौनलयुक्त जलमार्गों से होकर बहती हैं और बड़ी नदियों/ संगम में मिलकर जल निकासी बेसिन बनाती हैं...पूरे नदी जलमार्गों को अनधिकृत निर्माणों ने तहस-नहस कर दिया है। कुकरैल नदी के मध्य से नपाई कर नियमतरू नदी के दोनों ओर 100-100 मीटर का दायरा दरअसल नदी का अपना इलाका होता है, जिस पर फैजाबाद रोड़ से लेकर सीतापुर रोड़ खुर्रम नगर और उसके आगे पंतनगर तक के इलाकों को नदी के डूब क्षेत्र में कालोनियां और कामर्शियल डेवलपमेंट कर दिया गया है। अकबर नगर तो इसी नियम और उसके अलावा तमाम शहरी नियम-कानून के तहत उड़ा दिया गया लेकिन उसके बाद पूरा अभियान 'सूंसां' हो गया...नदी के दोनों ओर बने तटबंधों से सटकर लोगों ने होटल, गेस्ट हाउस, नर्सिंग होम्स, स्कूल...बनाकर कामर्शियल खेल शुरू कर दिया जबकि यह सर्विस लेन का क्षेत्र है। चूंकि धंधेबाजों में अनेक सत्तारूढ़ पार्टी से जुड़े हैं तो सर्विस लेन बने तो बने कैसे? खुर्रम नगर से आगे बढ़िए तो नदी के मुंह तक में घुसकर लोगों ने मकान बना डाले हैं लेकिन जैसा कि मैंने लिखा कि वो अकबर नगर था इसलिए हटा...शेष के नाम अकबर टाइप्स नहीं हैं इसलिए नहीं हटे। एक जगह नदी के बहाव के नियम चस्पा हुए वहीं दूसरी ओर यही नियम बह गए। कुकरैल नदी का पुनर्जीवित होना जरूरी है..! यह नदी भू-गर्भ जलीय श्रोत का साधन है। जब लखनऊ में भूमिगत जल स्तर तेजी से नीचे जा रहा हो ऐसी स्थिति में एक नदी को जीवित करना किसी तपस्या से कम नहीं है लेकिन नियम जो एक जगह फालो हुआ है वह दूसरी जगह न लागू हो सके, यह न तो न्याय का तकाजा है न ही नदी के साथ न्याय है। एक कुकरैल ही नहीं सरकार को घाघरा नदी के डूब क्षेत्र में हो रहे भयावह अतिक्रमण को भी सख्ती से देखने की जरूरत है। सरकार की नेक नियति से कुकरैल नदी जिंदा हो सके, इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता। अंतिम बात यह कि इससे पहले कि 20-25 सालों में लखनऊ में पानी के लिए हाहाकार मचे सरकार 1200 स्क्वायर फुट से अधिक सभी मकानों के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए सख्त नियम बनाये और जांच करे... बिल्कुल किसी अभियान की तरह..अन्यथा बूंद-बूंद पानी के लिए यह शहर तरस जायेगा।

# पालतू और जंगली परागणकर्ताओं के बीच प्रतिस्पर्धा

**शोधकर्ताओं ने पाया है कि जब मधुमक्खियों को थोड़े समय के लिए उनके छत्तों में ही रोक कर रखा गया तो जंगली परागणकर्ताओं की संख्या में तो वृद्धि हुई ही, साथ ही उन्होंने अधिक मकरंद और पराग भी एकत्र किया**



**मधुमक्खियां** परागण और शहद उत्पादन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए जानी जाती हैं। लेकिन इटली स्थित जानूट्री (जानूट्री) नामक एक छोटे द्वीप में हुए हालिया अध्ययन से पता चला है कि मधुमक्खियों की मौजूदगी जंगली परागणकर्ताओं के लिए नुकसानदायक हो सकती है। शोधकर्ताओं ने पाया है कि जब मधुमक्खियों को थोड़े समय के लिए उनके छत्तों में ही रोक कर रखा गया तो जंगली परागणकर्ताओं की संख्या में तो वृद्धि हुई ही, साथ ही उन्होंने अधिक मकरंद और पराग भी एकत्र किया।

करंट बायोलॉजी में प्रकाशित यह अध्ययन संवेदनशील पारिस्थितिक तंत्र में कॉलोनी बनाने वाली मधुमक्खियों की जंगली परागणकर्ताओं के साथ बढ़ती प्रतिस्पर्धा को लेकर चिंता व्यक्त करता है। इस प्रयोग को युनिवर्सिटी ऑफ पीसा और युनिवर्सिटी ऑफ फ्लोरेंस के वैज्ञानिकों ने अंजाम दिया। जानूट्री द्वीप टस्कन तट के पास स्थित है।

और विरल आबादी वाला है। वर्ष 2018 में वैज्ञानिकों और पार्क अधिकारियों ने स्थानीय परागणकर्ताओं पर पालतू मधुमक्खियों के प्रभाव को समझने के लिए यहां मधुमक्खी के 18 कृत्रिम छत्ते लगाए थे। 2021 से 2024 के बीच फरवरी से अप्रैल तक, वैज्ञानिकों ने जंगली मधुमक्खियों की दो प्रजातियों - बफ टेल्ड बम्बलबी (ठवउइने जमततमेजतपे) और एक सॉलिटरी बी (।दजीवचीवतं कपेचंत) पर नज़र रखी। उपलब्ध मकरंद एवं पराग की मात्रा के आधार पर उन्होंने यह पता लगाने का प्रयास किया कि कितनी जंगली और कितनी पालतू मधुमक्खियां फूलों पर जा रही हैं। शोधकर्ताओं ने हर साल मधुमक्खी के 18 छत्तों को कुछ दिनों के लिए बंद किया। इससे उन्हें यह देखने का मौका मिला कि जब मधुमक्खियां अनुपस्थित थीं तब पर्यावरण में क्या बदलाव हुए।

पाया गया कि मधुमक्खियों की अनुपस्थिति में जंगली परागणकर्ता काफी फले-फूले। मधुमक्खियों को छत्तों में रोकने पर कुछ महत्वपूर्ण बदलाव दिखेरू फूलों में 60 प्रतिशत अधिक मकरंद पाया गया। पराग की मात्रा में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जंगली परागणकर्ता अधिक संख्या में दिखाई दिए और उन्होंने फूलों पर अधिक समय बिताया। प्रतिस्पर्धा न होने के कारण जंगली परागणकर्ताओं को मकरंद और पराग आसानी से मिला। दरअसल, मधुमक्खियां भोजन के स्रोतों का पता लगाकर कॉलोनी की अन्य मधुमक्खियों को उसकी जानकारी देती हैं, जिससे वे जल्दी पहुंचकर मकरंद और पराग खत्म कर देती हैं। दूसरी ओर, जंगली परागणकर्ता अकेले भोजन खोजते हैं, इसलिए वे संगठित मधुमक्खी की तेज़ प्रतिस्पर्धा के सामने कमज़ोर पड़ जाते हैं। चार साल की इस अवधि में, पालतू मधुमक्खियों की उपस्थिति के कारण जंगली परागणकर्ताओं की संख्या में भारी गिरावट देखी गई। बम्बल बी और सॉलिटरी बी की आबादियों में 80 प्रतिशत तक की गिरावट देखी गई और पालतू मधुमक्खियां द्वीप के फूलों पर हावी रहीं। इसके अलावा वैज्ञानिकों ने सॉलिटरी बी की गुंजन की आवाज़ में भी हर साल पहले से कमी पाई। मधुमक्खियों के अलावा अन्य कारक, जैसे कीट आबादी में कुदरती घट-बढ़ और फूलों की उपलब्धता में बदलाव भी इसकी वजह हो सकते हैं। वैज्ञानिक चेताते हैं कि यह निष्कर्ष शायद अन्य स्थानों पर लागू न हो। जानूट्री छोटा द्वीप है, यहां युरोप के मुकाबले मधुमक्खियों के छत्तों का घनत्व औसत से दुगना है, तो हो सकता है प्रतिस्पर्धा यहां अधिक हो। संभव है कि अन्य पारिस्थितिक तंत्रों में जंगली और पालतू मधुमक्खियां एक-दूसरे को प्रभावित किए बिना सह-अस्तित्व में रह सकती हैं। शोधकर्ताओं ने मधुमक्खियों पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने की वकालत नहीं की है, बल्कि हर तरह के परागणकर्ताओं के आपसी संतुलन को समझने के लिए और अधिक शोध की आवश्यकता को पर बल दिया है।

# शिशुओं को ठोस आहार देना शुरू करने से पहले जान लें सही तरीका

**डॉक्टर** बच्चे के जन्म के 6 महीने तक उनको सिर्फ मां का दूध पिलाने की सलाह देते हैं। क्योंकि नवजात बच्चे के लिए मां का दूध पौष्टिक और हेल्दी माना जाता है। जो बच्चे के विकास में सहायक होता है। लेकिन 6 महीने पूरे होने के बाद पेरेंट्स बच्चे की डाइट में धीरे-धीरे बदलाव करना शुरूकर देते हैं।

वहीं जैसे-जैसे बच्चा बड़ा होता है, वैसे-वैसे उनका पाचन तंत्रा भी विकसित होता है। ऐसे में बच्चे की डाइट में सॉलिड पफूड शामिल करना शुरूकर दिया जाता है। लेकिन ठोस आहार पर बच्चों की शुरूआत करने के सही तरीके के बारे में जानकारी होना जरूरी है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के

### शिशुओं को ठोस आहार खिलाने का सही तरीका

जरिए हम आपको बताने जा रहे है।

बच्चे का आहार उनकी सेहत और विकास में अहम भूमिका निभाता है। क्योंकि शुरूआत के 6 महीने बच्चा सिर्फ मां के दूध पर निर्भर रहता है। लेकिन 6 महीने के बाद आप बच्चे को ठोस आहार देना शुरूकर सकते हैं। जोकि उनके शारीरिक विकास और पोषण दोनों में महत्वपूर्ण होता है। लेकिन बच्चे के ठोस आहार की शुरूआत करने और इसके सही प्रोसेस को सही तरीके से समझना जरूरी है। जिससे कि बच्चे का पोषण सही तरीके से हो सके।

### 6-8 महीने के बच्चे को खिलाएं मसला हुआ खाना

वहीं 6 महीने के बच्चे की डाइट में आप धीरे-धीरे सॉलिड फूड शामिल कर सकते हैं। हालांकि इस समय तक उनका पाचन तंत्र पूरी तरह से मजबूत नहीं होता है, इसलिए उनको मुलायम और हल्का खाना देना चाहिए। आप बच्चे को सूप, दाल का पानी, स्टीम सब्जियां, चावल का पानी या फल आदि मसलकर दे सकती हैं।

### 7-8 महीने के बच्चे को खिलाएं थोड़ा गाढ़ा और बारिक प्यूरी

7-8 महीने के बच्चे को आप हल्का गाढ़ा और बारीक प्यूरी खिला सकते हैं। क्योंकि इस उम्र तक बच्चे के दांत निकलना शुरू हो जाते हैं। ऐसे में आप उनको हल्का ठोस खाना खिला सकते हैं। आप बच्चे को प्यूरी, उबली हम्र सब्जियां जैसे गाजर, मटर, आलू और फलों में केला, नाशपाती और सेब आदि खिला सकते हैं। यह खाना बच्चे की सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। बता दें कि जब बच्चा एक साल का हो जाता है।



# चीन पर ट्रम्प का टैरिफ हमला, 125% लागू

## अपने ही फैसले से पलटे ट्रम्प, 75 से ज्यादा देशों पर 90 दिनों के लिए टैरिफ रोका

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 75 से ज्यादा देशों पर जैसे को तैसा यानी कि रेसिप्रोकल टैरिफ 90 दिनों के लिए रोक दिया है। यह उनके फैसले के साथ ही लागू हो गया है। हालांकि, उन्होंने चीन को इस छूट में शामिल नहीं किया है, बल्कि उस पर लगे टैरिफ को 104 प्रतिशत से बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया है। ट्रम्प ने यह कार्रवाई चीन की तरफ से लगाए गए जवाबी 84 प्रतिशत टैरिफ के बाद की।

चीन पर 125 प्रतिशत टैरिफ लगाने का आसान भाषा में मतलब है कि चीन में बना 100 डालर का सामान अब अमेरिका में जाकर 225 डालर का हो जाएगा। अमेरिका में चीनी सामानों के मंहगे होने से उसकी बिक्री कम हो जाएगी। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि चीन ने ग्लोबल मार्केट के लिए सम्मान नहीं दिखाया है। इसी वजह से मैं उस टैरिफ बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर रहा हूं। उम्मीद है कि चीन जल्द यह समझेगा कि अमे. रिका और दूसरे देशों को लूटने के दिन चले गए हैं। जो देश डील करेंगे, उनके लिए टैरिफ 10 प्रतिशत रहेगा ट्रम्प ने कहा कि 75 से ज्यादा देशों ने अमेरिका के प्रतिनिधियों को बुलाया है और इन देशों ने मेरे मजबूत सुझाव पर अमेरिका के खिलाफ किसी भी तरह से जवाबी कार्रवाई नहीं की है। इसलिए मैंने 90 दिन के विराम (पाज) को स्वीकार किया है। टैरिफ पर इस रोक से नए व्यापार समझौतों पर बातचीत करने का समय मिलेगा। वहीं, वित्त मंत्री स्काट बेसेन्ट ने कहा कि अमेरिका के साथ बातचीत करने के इच्छुक देशों के लिए यह दर घटकर 10 प्रतिशत हो जाएगी। उन्होंने कहा कि कनाडा और मेक्सिको के कुछ सामानों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगता था। अब उन्हें भी बेसलाइन टैरिफ में शामिल कर लिया गया है।

### ट्रम्प के कई करीबी सलाहकारों और खुद एलन मस्क भी टैरिफ वॉर रोकने की सलाह दे चुके थे

हालांकि, उन्होंने यह साफ नहीं किया कि यूरोपीय यूनियन इस बेसलाइन टैरिफ में शामिल है या नहीं। ट्रम्प के करीबी भी टैरिफ के खिलाफ थे 1. ट्रम्प टैरिफ के चलते अमेरिका समेत ग्लोबल मार्केट में 10 लाख करोड़ डालर की गिरावट आई थी। हालांकि, टैरिफ रोकने के फैसले के कुछ घंटों के अंदर ही अमेरिकी शेयर बाजार की वैल्यू 3.1 लाख करोड़ डालर बढ़ गई। ट्रम्प के कई करीबी सलाहकारों और खुद एलन मस्क भी टैरिफ वार रोकने की सलाह दे चुके थे। ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी के कई नेता भी टैरिफ के खिलाफ थे। मिच मैककोनल, रैंड पाल, सुसन कोलिन्स व लिसा मुर्कोव्स्की ने टैरिफ को 'असंवैधानिक, अर्थव्यवस्था के लिए नुकसानदायक और कूटनीतिक रूप से खतरनाक' बताया था। टैरिफ के चलते अप्रत्याशित तौर पर अमेरिकी बान्ड्स की बिकवाली शुरू हो गई थी। क्रूड की कीमतों में भारी गिरावट दर्ज की गई, यह कोरोना काल जैसी स्थिति बन रही थी। वाल स्ट्रीट के बैंकों ने टैरिफ के चलते अमेरिका में महंगाई, बेरोजगारी बढ़ने और मंदी आने की चेतावनी दी थी। अमेरिका चीन से 440 अरब डालर का आयात करता है। इस पर उसने 124 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। चीन से प्रोडक्ट्स मंगवाने वाली अमेरिकी कंपनियों के लिए अब इसका विकल्प खोजना बड़ी चुनौती बन रहा था। ऐसे में बाकी देशों पर टैरिफ रोकना इन कंपनियों की सप्लाई चेन के लिए जरूरी था। ऐलान होते ही अमेरिकी शेयर बाजार में 10प्रतिशत तक तेजी टैरिफ रोकने के ऐलान से 4 घंटे पहले ही ट्रम्प ने ट्रूथ सोशल पर लिखा कि दिस इज ए ग्रेट टाइम टु बाय (यह खरीदी का बहुत अच्छा समय है)। इसके बाद जैसे ही ट्रम्प ने रेसिप्रोकल टैरिफ रोकने की घोषणा की, शेयर बाजारों में तेजी लौट आई। डाऊ जोंस 2,600 अंक (7.1प्रतिशत) से अधिक उछला। एस-पी 500 में 9.5 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई। नैस्डैक 1536 अंक या 10.3प्रतिशत बढ़ा। नैस्डेक में यह बढ़त 2008 की मंदी के बाद सबसे बड़ी है। वहीं, एपल, एनवीडिया, टेस्ला जैसी कंपनियों के शेयर में भी उछाल देखा गया। सबसे ज्यादा बढ़त 20.01 प्रतिशत टेस्ला में हुई। बिटकाइन में भी 6 प्रतिशत बढ़त हुई। मालूम हो, एक दिन पहले ही टैरिफ वार से घबराए दुनियाभर के बाजार 4 प्रतिशत तक गिर गए थे। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्काट बेसेंट ने कहा कि ट्रम्प ने उन देशों को टैरिफ वापस लेकर प्रोत्साहित किया है, जिन्होंने बढ़ते ट्रेड वार के बीच अमेरिका के खिलाफ मोर्चा नहीं खोला। चूंकि चीन ने बुधवार को ही अमेरिका पर टैरिफ 34 प्रतिशत से बढ़ाकर 84 प्रतिशत करने की घोषणा की थी। इसलिए ट्रम्प ने चीन पर टैरिफ 104 प्रतिशत से 125 प्रतिशत कर दिया।

### जवाबी कर: चीन ने झुकने से किया इन्कार

**बीजिंग।** चीन ने अमेरिका की ओर से लगाए जा रहे जवाबी कर के मामले में झुकने से एक बार फिर इन्कार किया है। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निग ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि चीन पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने कोरियाई युद्ध के दौरान चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के पूर्व नेता माओ त्से तुंग का एक पुराना वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में माओ अमेरिका से कह रहे हैं कि चाहे यह युद्ध कितना भी लंबा क्यों न चले, हम कभी झुकेंगे नहीं। निग ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि हम चीनी हैं, हम उकसावे से नहीं डरते और हम पीछे नहीं हटेंगे। उल्लेखनीय है कि चीन और अमेरिका दोनों देशों के बीच जवाबी कर लगाये जाने के मामले में होड़ चल रही है और दोनों देश एक-दूसरे पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगा रहे हैं।

## फलस्तीन राष्ट्र को जून तक मान्यता दे सकता है फ्रांस



**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि उनका देश आगामी जून तक फलस्तीन राष्ट्र को मान्यता दे सकता है। मैक्रों ने मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह-अल सीसी और जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला के साथ गाजा युद्ध पर व्यापक बातचीत करने के लिए हाल ही में मिस्र की राजधानी काहिरा की यात्रा की है। उन्होंने फ्रांस 5 टेलीविजन को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि हमें फलस्तीन राष्ट्र की मान्यता की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए और हम आने वाले महीनों में ऐसा करेंगे। मैं किसी को खुश करने के लिए ऐसा नहीं कर रहा हूं, लेकिन मुझे लगता है कि ऐसा करने का यह सही समय है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने कहा कि और क्योंकि मैं एक सामूहिक गतिशीलता में भी भाग लेना चाहता हूं, जिससे फलस्तीन का बचाव करने वाले देश इजरायल को मान्यता दें, क्योंकि उनमें से कई ऐसा नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य जून में सऊदी अरब के साथ इस सम्मेलन की अध्यक्षता करना है, जहां हम कई पक्षों द्वारा पारस्परिक मान्यता (फलस्तीनी राष्ट्र की) के इस आंदोलन को अंतिम रूप दे सकते हैं। फलस्तीन को हालांकि, लगभग 150 देशों द्वारा एक संप्रभु देश के रूप में मान्यता दी गई है, लेकिन अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और जापान सहित अधिकांश प्रमुख पश्चिमी शक्तियों ने इसे मान्यता नहीं दी है।

## इजरायली हमलों में 35 मरे



**गाजा।** गाजा शहर के शुजाया इलाके में आवासीय भवनों पर इजरायली हवाई हमलों में गुरुवार को कम से कम 35 फलस्तीनी मारे गए। अल जजीरा ने यह रिपोर्ट दी। हवाई हमलों में 55 लोग घायल भी हुए, जबकि 80 लोगों के मलबे में दबे होने की खबर है। हमले के एक गवाह ने इजरायली बमबारी को 'नरसंहार' करार दिया। रिपोर्ट में कहा गया है कि घायलों का इलाज कर रहे अस्पताल ने रक्तदान की अपील की है। चिकित्सा चैरिटी संस्था डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स का कहना है कि इजरायली हमला दक्षिणी गाजा के तथाकथित सुरक्षित क्षेत्र अल-मवासी में स्थित उसके क्लीनिक के निकट हुआ।

## डोमिनिकन रिपब्लिक के नाइटक्लब में हादसा

सेंटो डोमिंगो, वार्ता

**डोमिनिकन** रिपब्लिक की राजधानी, सेंटो डोमिंगो में एक नाइटक्लब की छत गिरने से मारे गए लोगों का आंकड़ा 184 हो गया है।

इस हादसे में इस देश की कई प्रमुख हस्तियों ने अपनी जान गंवा दी है।48 घंटे से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी घटनास्थल पर बचाव कार्य जारी है। 7 अप्रैल की रात 'जेट सेट नाइटक्लब' की छत गिरने से ये हादसा हुआ। इस दौरान वहां मशहूर सिंगर रबी परेज परफार्म कर रहे थे। सोशल मीडिया पर इस हादसे से जुड़ा एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें परेज की

### अब तक 184 की मौत, कई मशहूर हस्तियां भी शामिल

परफार्मेंस के दौरान पहले छत से धूल गिरने लगी, और फिर अचानक पूरी छत ढह गई। इस हादसे में सिंगर परेज की भी मौत हो गई है। उनका शव शुक्रवार सुबह बरामद हुआ। परेज के साथ सैक्सोफोन बजाने वाले लुइस सोलिस की भी मौत हो गई। रिपोर्ट के मुताबिक अब तक 54 शवों की पहचान हो पाई है। इसमें मोंटेक्रिस्टी प्रांत की गवर्नर नेल्सी क्रूज का नाम भी है। नेल्सी क्रूज सात बार मेजर लीग बेसबाल आल-स्टार रहे नेल्सन क्रूज की बहन भी हैं।

## शेख हसीना और बेटी की मुश्किलें बढ़ीं

### बांग्लादेश की अदालत ने भ्रष्टाचार के मामले में दोनों का जारी किया एक और गिरफ्तारी वारंट



**मामले को लेकर भ्रष्टाचार निरोधक आयोग की ओर से दायर चार्जशीट को ढाका मेट्रोपालिटन सीनियर स्पेशल जज जाकिर हुसैन गालिब ने स्वीकार कर लिया**

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की मुश्किलें बढ़ रही हैं। बांग्लादेश की एक अदालत ने भ्रष्टाचार के मामले में पूर्व पीएम शेख हसीना, उनकी बेटी साइमा वाजेद पुतुल और 17 अन्य के खिलाफ एक और गिरफ्तारी वारंट जारी किया।

इसमें उन पर धोखाधड़ी से आवासीय भूखंड हासिल करने का आरोप लगाया गया है। मामले को लेकर भ्रष्टाचार निरोधक आयोग की ओर से दायर चार्जशीट को ढाका मेट्रोपालिटन सीनियर स्पेशल जज जाकिर हुसैन गालिब ने स्वीकार कर लिया। कोर्ट ने कहा कि आरोपी फरार हैं, इसलिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। भ्रष्टाचार निरोधक आयोग के अभियोजक मीर अहमद सलाम ने बताया कि मेट्रोपालिटन सीनियर स्पेशल जज मोहम्मद जाकिर हुसैन गालिब ने वारंट जारी किया है। न्यायाधीश ने आयोग को पुरबाचल इलाके में राजुक द्वारा पट्टे पर दी गई जमीन से जुड़े आरोप की सुनवाई के लिए चार मई को अपनी जांच रिपोर्ट जमा करने के लिए कहा। भ्रष्टाचार निरोधक आयोग ने पूर्व प्रधानमंत्री और अन्य सह-आरोपियों के खिलाफ 12 जनवरी, 2025 को मामला दर्ज किया था। चार्जशीट के मुताबिक साइमा वाजेद पुतुल ने तत्कालीन प्रधानमंत्री और अपनी मां हसीना को प्लाट पाने और आरएजेयूके के बजाय उनके लिए आवेदन करने के लिए अवैध रूप से प्रभावित किया था। यह नियमों का उल्लंघन था। एसीसी ने आरोप लगाया कि यह जानते हुए कि वह और उनके परिवार के सदस्य ढाका शहर में राजुक के अधिकार क्षेत्र में एक घर या फ्लैट या आवास सुविधा के मालिक हैं, फिर भी पुतुल ने ऐसा किया। पुतुल वर्तमान में एक नवम्बर, 2023 से नई दिल्ली में स्थित विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के लिए दक्षिण पूर्व एशियाई क्षेत्रीय निदेशक के रूप में कार्य कर रही हैं।

### बांग्लादेश को भारी नुकसान, एक्सपोर्ट लागत बढ़ेगी

**नई दिल्ली।** भारत ने बांग्लादेश को दी जानी वाली माल ट्रांसफर फैसिलिटी (ट्रांस-शिपमेंट सुविधा) वापस ले ली है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड ने 8 अप्रैल को सर्कुलर जारी कर इस फैसले के बारे में बताया। 2020 से जारी इस व्यवस्था के अंतर्गत बांग्लादेश को भारतीय कस्टम स्टेशनों के जरिए अपने एक्सपोर्ट्स कार्गो को तीसरे देशों में बंदरगाहों और एयरपोर्ट तक भेजने की परमिशन थी। दरअसल, बांग्लादेश के अंतरिम प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस ने कुछ दिन पहले चीन दौरे पर भारत के नार्थ ईस्ट राज्यों को लैंडलाक्ड (चारों और भूमि से घिरे हुए) बताया था, जिसके बाद दोनों देशों में डिप्लोमैटिक तनाव देखने को मिला था। बांग्लादेशी एक्सपोर्टर्स को देना पड़ेगी ऊंची लागत ट्रेड एक्सपर्ट्स का कहना है कि भारत के इस फैसले से बांग्लादेशी एक्सपोर्ट्स बुरी तरह प्रभावित होगा। ग्लोबल रिसर्च इनीशिएटिव के फाउंडर अजय श्रीवास्तव ने कहा कि ट्रांस-शिपमेंट सुविधा के जरिए भारत ने बांग्लादेश को एक व्यवस्थित रास्ता दिया था। इससे बांग्लादेशी माल की ढुलाई लागत और समय दोनों में कटौती हुई थी।

## नवाज शरीफ से बलूचिस्तान में उग्रवाद रोकने की अपील

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ से बलूचिस्तान में उग्रवाद से निपटने का आग्रह किया गया है, जो मुद्दों का समाधान करने के प्रयासों के बावजूद दिन-प्रतिदिन बदतर होता जा रहा है। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' के अनुसार, यह आह्वान नेशनल पार्टी (एनपी) के प्रतिनिधिमंडल की ओर से किया गया, जिसका नेतृत्व पार्टी अध्यक्ष डॉ. अब्दुल मलिक बलूच ने किया। यह आह्वान बलूचिस्तान नेशनल पार्टी-मेंगल (बीएनपी-एम) के धरने के बीच किया गया, जो बुधवार को लगातार 12वें दिन में प्रवेश कर गया।

'डॉन' के अनुसार, पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष नवाज शरीफ ने बलूचिस्तान के मुद्दों के लिए राजनीतिक समाधान का आह्वान किया है और अशांति से ग्रसित प्रांत में शांति को बढ़ावा देने में एक प्रमुख राजनीतिक एवं लोकतांत्रिक भूमिका निभाने का वादा किया है। शरीफ ने यह बयान बलूचिस्तान के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेशनल पार्टी के अध्यक्ष अब्दुल मलिक बलूच के साथ बुधवार को उनके जाति उमरा स्थित आवास पर बैठक के दौरान दिया। इससे पहले मंगलवार को सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने विदेशी निवेशकों को आश्वासन दिया था कि पाकिस्तान खनिज समृद्ध प्रांत में बढ़ती अशांति के बीच उनके हितों की रक्षा के लिए मजबूत सुरक्षा प्रदान करेगा। बलूचिस्तान के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि शरीफ ने उन्हें आश्वासन दिया है कि वह प्रांत के मामलों में व्यक्तिगत रूप से रुचि लेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने शरीफ से कहा कि बलूचिस्तान के मौजूदा हालात को देखते हुए उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है।

**बलूचिस्तान के मौजूदा हालात को देखते हुए शरीफ की भूमिका महत्वपूर्णः अब्दुल मलिक बलूच**



## मेक्सिको में प्रतिद्वंद्वी आपराधिक गिरोहों के बीच संघर्ष, 11 की मौत

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के दक्षिणी प्रांत गुएरेरो में संदिग्ध प्रतिद्वंद्वी आपराधिक समूहों के बीच गोलीबारी में 11 लोग मारे गए हैं। गुएरेरो राज्य अभियोजक कार्यालय के एक बयान के अनुसार, कोस्टा चिका क्षेत्र स्थित टेकोनापा नगरपालिका के रैंचो विएजो इलाके में मंगलवार देर रात 11 पुरुषों के शव पाए गए। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, हिंसा आपराधिक संगठनों के बीच क्षेत्रीय नियंत्रण को लेकर हुए संघर्ष से उत्पन्न हुई। सरक. ारी जांचकर्ता और फॉरेंसिक टीमों को आधिकारिक कार्यवाही के लिए घटनास्थल पर भेजा गया।

## सिंधु नदी के सूखने पर पीपीपी सदस्य शेरी चिंतित

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी की सदस्य शेरी रहमान ने सिंधु नदी में जल स्तर में ऐतिहा. सिक रूप से कमी आने के बाद इसे राष्ट्रीय मुद्दा करार देते हुए आग्रह किया है कि इसका राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए। 'डॉन' के अनुसार, पूर्व जलवायु परिवर्तन मंत्री ने तत्काल कार्रवाई का आह्वान करते हुए इस बात पर बल दिया कि स्थिति अब राष्ट्रीय आपातकाल बन गई है। जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरण समन्वय पर सीनेट की स्थायी समिति की प्रमुख सीनेटर रहमान ने चेतावनी देते हुए कहा कि सिंधु नदी हमारी आंखों के सामने सूख रही है। यह दोषारोपण का समय नहीं है। जलवायु परिवर्तन ही दुश्मन है-एक-दूसरे नहीं। जलवायु परिवर्तन में तेज़ी आने के कारण बारिश में 40 प्रतिशत की गिरावट हुई है।







